नई दिल्ली
गुरुवार, 24 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 100
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 32

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

विदेश मंत्रालय ने कहा, मामले पर उठी चिंताओं को लेकर भारत, ब्रिटेन के साथ मिलकर काम कर रहा है

# एयर इंडिया विमान हादसे पर ब्रिटिश मीडिया के दावों को भारत ने किया सिरे से खारिज

हादसे के ब्रिटेन से जुड़े मृतकों के शवों को अत्यंत सम्मान और पेशेवर तरीके से संभाला गया है



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले महीने 12 जून को अहमदाबाद में हुए अत्यंत दर्दनाक एयर इंडिया विमान हादसे (260 मृतकों में 53 ब्रिटेन के थे) को एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बुधवार को ब्रिटेन की यात्रा पर रवाना हो गए। इन सबके बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया। जिसमें विमान हादसे को लेकर ब्रिटिश मीडिया (डेली मेल समाचार पत्र) द्वारा किए गए दावों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डेली मेल ने किया यह दावा

*ब्रिटेन के समाचार पत्र डेली मेल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया कि इस हवाई दुर्घटना में मारे गए ब्रिटेन के लोगों के गलत शव उनके परिजनों को सौंपे गए हैं। जिसकी वजह से अंतिम संस्कार को अंतिम समय में रद्द करना पड़ा है। जबकि कुछ मामलों में एक ताबूत में दो लोगों के शवों के अवशेष मिश्रित अवस्था में रखे हुए भी मिले। जिसकी जानकारी मिलने पर दोनों को अलग-अलग कर दफनाया गया। रिपोर्ट में ब्रिटेन में हादसे के पीड़ित परिवारों की ओर से* ▶▶ शेष पेज 5 पर

मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ बैठक से आईओआर में शांति, समृद्धि-स्थिरता के लिए सुदृढ़ होगा सहयोग

बुधवार दोपहर यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए प्रस्थान वक्तव्य में बोले प्रधानमंत्री

ब्रिटेन में पीएम स्टार्मर से मुलाकात आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी

# ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



घरेलू और वैश्विक स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को ब्रिटेन और मालदीव के चार दिवसीय (23 से 26 जुलाई तक) दौरे पर रवाना हो गए। जिसका पहला पड़ाव ब्रिटेन होगा, जहां पीएम 23 से 24 जुलाई तक रहेंगे। इसके बाद वह यात्रा के दूसरे पड़ाव के रूप में 25 से 26 जुलाई तक मालदीव में रहेंगे। विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने प्रस्थान वक्तव्य में पीएम मोदी ने दोनों देशों का जिक्र किया। ब्रिटेन को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ होने वाली मुलाकात को लेकर कहा कि इससे हमें अपनी आर्थिक साझेदारी को और बढ़ाने का अवसर मिलेगा। जिसका उद्देश्य दोनों देशों में समृद्धि, विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईओआर में बढ़ेगी शांति-स्थिरता

*उन्होंने मालदीव यात्रा को लेकर अपने वक्तव्य में कहा, ब्रिटेन के बाद मैं राष्ट्रपति डॉ.मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल होने के लिए मालदीव की यात्रा करूंगा। इस वर्ष भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की भी 60वीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू और वहां के अन्य राजनीतिक नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा करने की बात कही। जिससे दोनों देशों के बीच एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के हमारे संयुक्त विजन को आगे बढ़ाया जा सके। साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाया जा सके। पीएम ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस यात्रा के ठोस परिणाम प्राप्त होंगे। जिससे भारत-मालदीव के आम लोगों को लाभ होगा और हमारी पड़ोस प्रथम नीति को भी बढ़ावा मिलेगा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### निजी विद्यालयों को उड़ाने की धमकी मिली

**आगरा।** आगरा के दो निजी विद्यालयों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम विस्फोट की धमकी दी गई। जिसके बाद बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से गहन तलाशी अभियान चलाया गया। श्रीराम स्कूल और ग्लोबल स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। दोनों विद्यालयों की बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों ने गहन तलाशी ली लेकिन किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। तलाशी अभियान के बाद दोनों विद्यालयों में सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं।

### अब स्कूली छात्रों को मिलेगी एआई ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस का शुभारंभ किया। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसे कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों में एआई जागरूकता और बुनियादी शिक्षा को शामिल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसओएआर में छात्रों के लिए तीन प्रगतिशील 15-घंटे के मॉड्यूल शामिल हैं, जिनका शीर्षक है एआई टू बी अवेयर, एआई टू एक्वायर और एआई टू एस्पाइर है।


### हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी : केजरीवाल

**भरुच।** गुजरात विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, आम आदमी पार्टी ने यहां सक्रियता बढ़ा दी है। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भरूच में आदिवासी संकल्प महासम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा, हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी हैं। हम आपके साथ खड़े हैं।



धनखड़ 'खाली' करेंगे उपराष्ट्रपति भवन


# इस्तीफे के तुरंत बाद पैक किया सामान, सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं से बनाई दूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के साथ ही सोमवार को जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक भावुक चिट्ठी लिखते हुए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर अपने इस्तीफे का ऐलान किया है। धनखड़ जल्द ही उपराष्ट्रपति भवन खाली करेंगे और उन्होंने इस्तीफे के तुरंत बाद सामान पैक करना शुरू भी कर दिया था। विपक्ष का आरोप है कि सरकार के दबाव में आकर उन्हें उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। शिवसेना के सांसद संजय राउत और एनसीपी के शरद पवार ने भी जगदीप धनखड़ से मंगलवार को मिलने के लिए समय मांगा था लेकिन समय नहीं मिला। अब उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार का ▶▶ शेष पेज 5 पर

एनडीए के किसी प्रमुख घटक दल खासकर टीडीपी या जेडीयू से किसी सदस्य के चुने जाने की संभावना



चर्चा
*इस बात पर भी केंद्रित है कि यह नेता एनडीए के लंबे समय से सदस्य रहे*

## शाह ने की थी पीएम से मुलाकात

गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है, जब सोमवार को उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अचानक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### अब सरकारी बंगला मिलना मुश्किल

प्रोटोकॉल के मुताबिक कार्यकाल पूरा होने के बाद उपराष्ट्रपति को टाइप-8 कैटेगरी का सरकारी बंगला अलॉट किया जाता है। लेकिन धनखड़ का कार्यकाल 2027 में पूरा होना था और उन्होंने इससे पहले ही खुद इस्तीफा दे दिया है। सरकार की तरफ से उन्हें सरकारी बंगला मिलता है या फिर वह किसी प्राइवेट बंगले में शिफ्ट होंगे। यह स्पष्ट नहीं हुआ।

### लेकिन, ये सुविधाएं मिलेंगी

धनखड़ को भी पेंशन, आवास और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें पद छोड़ने के बाद स्टाफ दिया जाता है, जिसमें दो सहायक और दो चपरासी होते हैं। रुटीन चेकअप के लिए एक डॉक्टर की भी ड्यूटी लगाई जाती है। इसके अलावा ऑफिस खर्च के लिए 60 हजार रुपए अलग से दिए जाते हैं, जबकि उनके स्टाफ का वेतन सरकार देती है। उनके ▶▶ शेष पेज 5 पर

चुनाव आयोग ने शुरू की उपराष्ट्रपति पद के चुनाव की तैयारी

**कहा, तैयारियां पूरी होने के बाद की जाएगी उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा**

*हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि, भारत निर्वाचन आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बता दें कि, जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया था। चुनाव आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई 2025 को एक अधिसूचना के जरिये भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की सूचना दी है। इसमें कहा गया कि चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है। यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों द्वारा कराया जाता है। आयोग ने कहा कि हमने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियां पूरी होने के बाद उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं शुरू कर दी गई है। इसके अलावा रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोग ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति चुनावों से संबंधित जानकारियों और रिकॉर्ड को देखा जा रहा है।*

तत्काल टिकट और चार्ट टाइमिंग के बाद रेलवे ने बदला वीआईपी कोटा नियम

# ट्रेन के प्रस्थान से 'एक दिन पहले' ही वीआईपी कोटे का करना होगा आवेदन

- रविवार या उसके बाद छुट्टियों वाले दिन के वीआईपी कोटा भी पिछले कार्य दिवस के कार्यालय समय के दौरान ही मान्य किए जाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे मंत्रालय ने चार्ट तैयार करने और तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव करने के बाद अब आपातकालीन कोटे के समय में भी बदलाव कर दिया गया है। रेल मंत्रालय कहना है कि यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान से कम से कम एक दिन पहले आपातकालीन कोटे के आवेदन करना होगा। रेल मंत्रालय की ओर से इमरजेंसी कोटा के नियमों में बदलाव से संबंधित एक परिपत्र को जारी किया गया है। इस परिपत्र में कहा गया है कि रात 12 बजे के बाद दिन के 1 बजे के बीच रवाना होने वाली सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए, जबकि दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे के बीच रवाना होने वाली शेष सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले 4 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए। ट्रेन के प्रस्थान के दिन प्राप्त होने वाले अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

काम की खबर

### ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट बनेगा

*रेलवे की ओर से इमरजेंसी कोटा टिकट के नियमों में ये बदलाव हाल ही में लिए गए उस फैसले के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का फैसला किया गया है। नए नियम के अनुसार सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना वाली ट्रेन का पहला चार्ट एक दिन पहले रात को 9 बजे तक तैयार हो जाएगा। इसी तरह से दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह पांच बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा।*

मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स दक्षता और आर्थिक प्रभाव के लिए पांच परियोजनाओं का मूल्यांकन किया

# एनपीजी की बैठक में रेल और सड़क परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) की परियोजनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की बैठक में बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओरआरटीएच) और रेलवे मंत्रालय (एमओआर) की प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। एनपीजी ने कुल पांच परियोजनाओं का आकलन किया, जिनमें से तीन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से और दो रेलवे मंत्रालय से संबंधित थीं। इनमें दो ब्राउनफील्ड परियोजनाएँ तथा तीन ग्रीनफील्ड परियोजनाएँ हैं। बैठक की अध्यक्षता उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव पंकज कुमार ने की। यह बैठक 'पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' ▶▶ शेष पेज 5 पर

अहमदाबाद में हादसा होते-होते बचा

# इंडिगो विमान के इंजन में अचानक लग गई आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अहमदाबाद में इंडिगो की दीव जाने वाली फ्लाइट के इंजन में टेकऑफ के दौरान आग लग गई। विमान में 60 यात्री थे। पायलट ने तुरंत एटीसी को मेडे कॉल किया और टेकऑफ रोक दिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और फ्लाइट रद्द कर दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट रद्द करने की बात कही। यह फ्लाइट एटीआर 76 थी, जिसे सुबह 11 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करना था। प्लेन में एटीसी के क्लीयरेंस मिलने के बाद रनवे पर रोल करना शुरू ही किया था। इस रोलिंग के बाद प्लेन टेकऑफ कर जाता है। लेकिन तभी फ्लाइट के इंजन में आग लग गई और पायलट ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

एलएसी विवाद के पांच साल बाद भारत की बड़ी घोषणा...

चीन के विदेश मंत्रालय ने किया भारत के निर्णय का स्वागत, संबंधों में सुधार की सकारात्मक पहल बताया

# चीन के नागरिकों को इस सप्ताह से मिलेगा पर्यटक वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए विवाद के पांच साल बाद भारत ने चीन के संबंध में एक बड़ी महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए उसके नागरिकों को इस सप्ताह से 'पर्यटक वीजा' देने का निर्णय लिया है। जिसे चीन के साथ संबंधों को एक बार फिर से सामान्य बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। यह जानकारी बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने दी है। चीन ने भी भारत के इस निर्णय का स्वागत किया है। 2020 की शुरुआत में वैश्विक कोरोना महामारी और फिर एलएसी विवाद के तुरंत बाद गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई खूनी हिंसक झड़प से चरम पर जा पहुंचे तनाव की वजह से भारत ने चीन के नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर महीने में एलएसी विवाद के खत्म होने के बाद ही दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। इन्ही में भारत द्वारा किया गया पर्यटक वीजा देने का निर्णय भी शामिल है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

हंगामे की वजह से गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की गई कार्यवाही

# मानसून सत्र के तीसरे दिन भी नहीं थमी सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच रार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भी लोकसभा में कोई सरकारी कामकाज नहीं हो सका। विपक्ष के हंगामे की वजह से दोपहर दो बजे कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों के आचरण पर चेतावनी भरे लहजे में नाराजगी जताते हुए कहा कि उनका व्यवहार संसद नहीं बल्कि सड़क जैसा है? जिसे समूचे देश की जनता देख रही है। जिसने आपको यहां उनके मुद्दों, चुनौतियों और अपेक्षाओं पर चर्चा करने के लिए भेजा है। सदन में तख्तियां लाने वाले सांसदों के खिलाफ मुझे कड़ी कार्यवाही करनी पड़ेगी। विरोधी दलों के सांसदों ने लोकसभा में अपने हंगामे के दौरान मुख्य रूप से दो मामलों पर सदन में व्यापक चर्चा करने की मांग की है। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर और बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला शामिल है। उन्होंने सदन में एसआईआर वापस लो के नारे भी लगाए।

**21 जुलाई से हुई सत्र की शुरुआत :** यहां बता दें कि मानसून सत्र का आगाज इस सप्ताह की शुरुआत में सोमवार 21 जुलाई से हुई है। तब से लेकर 23 जुलाई तक लोकसभा में विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी देखने को मिली है। वहीं, एसआईआर की कवायद इस साल के अंत तक बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय निर्वाचन आयोग ने शुरू की है। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सांसदों ▶▶ शेष पेज 5 पर

वाइको के कार्यकाल का आखिरी दिन है सवाल उठाने दीजिए

दो विधेयक राज्यसभा से पारित की मंजूरी के लिए पटल पर रखवाने में सफलता

# बुधवार को भी ठप रही राज्यसभा, ऑपरेशन सिंदूर पर 29 जुलाई को 16 घंटे चलेगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में बुधवार को विपक्ष के भारी विरोध और नारेबाजी के कारण कार्यवाही एकबार फिर पूरी तरह ठप रही। बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण, ऑपरेशन सिंदूर और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग ने सदन को स्थगन की ओर धकेल दिया।

सरकार और विपक्ष के बीच तनाव के कारण महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो सकी। ग्रामीण एवं पंचायती राज मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट सदन पटल पर रखी गई। रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया में चुनाव के लिए संसदीय विधान के तहत मोशन मूव किया गया और विपक्ष के हंगामें के बीच ही उपसभापति हरिवंश ने लोकसभा से पहले ही पारित पोत, पत्तन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल से दो विधेयक राज्यसभा से पारित की मंजूरी के लिए पटल पर रखवाने में सफलता पाई। राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को थोडी विधायी औपचारिकताओं के बाद हंगामे और स्थगन के नाम रहा। विपक्षी सांसदों की नारेबाजी और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग के कारण सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन विपक्ष अपनी मांगों पर अडा रहा। बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के विरोध में डटा रहा। विपक्षी विरोध और हंगामें के बीच उपसभापति ने वरिष्ठतम नेताओं में शुमार वाइको को जीरो ऑवर में तमिलनाडु के मछुआरों की परेशानी उठाने का मौका दिया। उपसभापति ने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से अपील किया कि गुरूवार को वाइको का कार्यकाल खत्म हो रहा है उन्हें राज्यसभा में उनके कार्यकाल के आखिरी दिन महत्वूर्ण सवाल उठाने दीजिये, कुछ विपक्षी सांसदों पर इसका असर भी दिखा। वाइको जब सवाल सदन के पटल पर रख रहे थे तब नारेबाजी कर शोरगुल कर रहे सांसदों को चुप रहने की नसीहत देने सीपीएम के सांसद जॉन ब्रिटास दिखे। वाइको के साथ ही विपक्षी सांसदों के साथ विरोध में खडी झामुमो सांसद महुआ मांझी भी कुछ समय के लिए चुप हो गईं, लेकिन जैसे ही वाइको ने अपनी बात खत्म की वेल में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी इतनी तेज थी कि सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों में दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगन की घोषणा उपसभापति हरिवंश ने कर दी। सदन की कार्यवाही 12 बजे दोबारा शुरू हुई मगर स्थिति नहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कपड़ों की दुकान में दंगा करने वाला गार्ड दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर में कपड़ों की दुकान में तोड़फोड़ करने और एक 'सेल्समैन' पर हमला करने के आरोप में 27 वर्षीय एक गार्ड को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम सुमित है। इसने सात से आठ लोगों की भीड़ के साथ मिलकर 24 जून को कपड़े की दुकान में जबरन घुसकर 'सेल्समैन' की पिटाई की थी। इसके बाद दुकान में तोड़फोड़ की गई। दुकान के शीशे और 'एलईडी डिस्प्ले' तोड़ दिए गया था। डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार इस घटना के बाद से सुमित फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। स्थानीय पुलिस ने पांच अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सुमित को एक गोपनीय सूचना के आधार पर 22 जुलाई को आजादपुर मंडी इलाके से गिरफ्तार किया गया। सुमित ने बताया कि वह आजापुर मंडी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था और स्वरूप नगर इलाके का रहने वाला है। उसने चौथी कक्षा के बाद स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी थी। बाद में वह शराब पीने लगा था। आरोपी ने बताया कि वह हमला करने वाले समूह में अपने दोस्त चैतन्य उर्फ चेतन के कहने पर शामिल हुआ था, जिसकी दुकान मालिक से किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। चैतन्य के कहने पर सुमित और कई अन्य लोग लिबासपुर में इकट्ठा हुए और दुकान मालिक को सबक सिखाने के लिए उसकी दुकान में दंगा किया।

### निहाल विहार थानाक्षेत्र की घटना

# पत्नी ने की पति की चाकू मारकर हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली।



बाहरी जिले के निहाल विहार इलाके में पत्नी ने पति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को अरेस्ट कर लिया है। उसने अपना जुर्म कबूल लिया है। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह पति के सट्टा खेलने की लत, कर्ज और मारपीट से परेशान हो चुकी थी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार यह वारदात 20 जुलाई की शाम लगभग 4:15 बजे सामने आई थी। संजय गांधी अस्पताल से इसकी सूचना पुलिस को मिली थी। मृतक का नाम मोहम्मद साहिद (32) निवासी आरजेडएच ब्लॉक, निहाल विहार के रूप में हुई थी। उसे भाई जफर हुसैन के द्वारा अस्पताल लाया गया था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी, जांच अधिकारी और अन्य स्टाफ तुरंत संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। एमएलसी रिपोर्ट में मृतक के पेट पर तीन सतही चोटें देखी गईं। साहिद की 25 वर्षीय पत्नी ने दावा किया कि पति ने ही खुद को चाकू मारे थे। पत्नी ने अज्ञात गोलियां खाने, उल्टी करने और उसके बाद बेहोश होने का भी उल्लेख किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अपराध दल के निरीक्षण से पता चला कि पुलिस के आने से पहले मृतक की पत्नी ने घर की सफाई की थी। इसके बाद पत्नी से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने चाकू से हमला करने का अपराध कबूल लिया। इसके बाद अपराध का हथियार (चाकू) भी बरामद हो गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण आंत में कई जगहों पर चाकू के घाव आया है। सामान्य स्थिति में भी यह चोट मृत्यु का कारण बनने के लिए पर्याप्त है।

गौरतलब है कि निहाल विहार से पहले उत्तम नगर में भी इसी प्रकार की वारदात सामने आ चुकी है। हत्या करने से पहले पत्नी द्वारा दवा देकर पति को बेहोश किया गया था।

### बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा था

## पंजाब में थाने पर ग्रेनेड हमले में शामिल आरोपी अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली

■ आर्म्स एक्ट के मामले में भी था शामिल

स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम आकाशदीप सिंह उर्फ बाज है। पुलिस का दावा है कि वह पंजाब के बटाला में किला लाल सिंह थाने पर ग्रेनेड हमले में वांछित था। यह हमला इसी साल अप्रैल माह में अंजाम दिया गया था। इसके खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट केस में भी इसकी तलाश थी।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार इंस्पेक्टर सतीश राणा और अशोक कुमार भड़ाना के नेतृत्व वाली टीम ने बाज को गिरफ्तार किया। 22 वर्षीय बाज अमृतसर जिले के थाना मेहता चौक स्थित चनानके गांव का रहने वाला है। इसे 22 जुलाई को इंदौर, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। थाने पर हमले के बाद प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े हैप्पी पचिया, मन्नू अगवान और गोपी नवांशहरिया द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट प्रसारित की गई, जिसमें हमले की जिम्मेदारी ली गई थी और दिल्ली में भी धमकी दी गई थी। पुलिस आरोपी को दिल्ली लेकर आई है। आजकल बाज इंदौर में एक निर्माण स्थल पर क्रेन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था।

## नकली नोटों का बंडल दिखाकर जूलरी उतरवाने वाला परिवार पकड़ा

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ और रनहौला थाने की संयुक्त टीम द्वारा एक ऐसे गैंग को गिरफ्तार किया है जो इलाके में महिलाओं को कथित तौर पर सम्मोहित कर जूलरी उतरवा लेता था। इस सिलसिले में पुलिस ने एक ही परिवार के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दंपति और उनकी बहू शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार शख्स का नाम लक्ष्मण (50) है। वह अपनी पत्नी और बहू के साथ मिलकर बाजारों में सोने के आभूषण पहनने वाली महिलाओं को निशाना बनाता था। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार दोनों महिलाएं अपने टारगेट को बातचीत में उलझाकर कपड़े में लिपटी नोटों की गड्डी जैसी चीज उसे दिखाती थी। फिर बातों ही बातों में सम्मोहित कर महिलाओं के आभूषण उतरवा फरार हो जाते। विकास नगर के नाला रोड स्थित साई बाबा मंदिर के पास पुलिस ने 21 जुलाई को आरोपियों को संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त देखा। आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन्हें दबोच लिया गया। पूछताछ में इन्होंने 17 जुलाई को एक महिला को ठगने की बात स्वीकार की। इस संबंध में रनहौला थाने में 18 जुलाई को मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल इनसे चोरी का माल खरीदने वालों की तलाश में पुलिस जुटी है।

# बीएसएफ का कांस्टेबल लूट के केस में हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली



शाहदरा जिले की फर्श बाजार पुलिस और स्पेशल स्टाफ टीम ने बीएसएफ कांस्टेबल को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के साथ लूटा गया सोना भी बरामद किया गया है। इसके अलावा ज्वेलरी बेचकर किये गये 2 लाख के लेनदेन वाले खाते की भी पहचान की गई है।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार 19 जून को गुरचरण ज्वेलर्स, छोटा बाजार में लूट के संबंध फर्श बाजार थाने में लूट का केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने पिस्तौल जैसा हथियार दिखाकर आभूषण की दुकान से चार सोने के कंगन लूटे थे। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पैदल ही भाग गया था। लूट दिनदहाड़े हुई थी। सभी संभावित सुरागों को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू की गई। फर्श बाजार थाने की तकनीकी निगरानी इकाई और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने अकेले लुटेरे के भागने के रास्ते का पता लगाने के लिए अपराध स्थल और आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी डेटा के आधार पर कई स्थानों पर रेड की गई। लगातार दिन-रात अथक प्रयासों के बाद टीम आरोपी की पहचान गौरव यादव निवासी शिवपुरी, मध्य प्रदेश के रूप में करने में सफल रही। आरोपी बीएसएफ का सिपाही निकला। उसके आवास पर छापा मारकर उसे पकड़ लिया गया। उसकी निशानदेही पर आरोपी के घर से लूटे गए दो सोने के कंगन बरामद किये गये। गौरव यादव ने बताया कि उसने दो कंगन दो लाख में बेचे थे। आरोपी 2023 में बीएसएफ में भर्ती हुआ था और मई 2025 में उसका प्रशिक्षण पूरा हुआ। उसे ऑनलाइन जुए (जूपी, लूडो, ड्रीम 11 आदि) की लत लग गई और परिणामस्वरूप उसने अच्छी-खासी रकम गंवा दी थी। उसने 18 जून से छुट्टी स्वीकृत कराई और अपने गृहनगर के लिए रवाना हो गया। उसे दिल्ली से ट्रेन बदलनी थी। इसी दौरान उसने लूट को अंजाम देने का फैसला किया। उसने एक दुकान से खिलौना बंदूक खरीदी और फिर आभूषण की दुकान में लूटपाट कर भाग गया। उसने पहले मेरठ, फिर लखनऊ के लिए ट्रेन पकड़ी और अंत में शिवपुरी स्थित अपने घर पहुंचा।

## बोल बम के उद्घोष से शिवमय हुई राजधानी जलाभिषेक के साथ कावड़ यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली



श्रावण मास की शिवरात्रि के पावन अवसर पर झमाझम बारिश और हर हर महादेव, बोल बम बोल बम के उद्घोष से दिल्ली गुंजायमान हो गई। झमाझम बारिश में भी कांवड़ियों के कंधे पर कांवड़ और महादेव के उद्घोष ने जोश को कम नहीं होने दिया। छोटे बड़े मंदिरों में कांवड़ियों ने हरिद्वार व गोमुख से लाए पवित्र गंगा जल द्वारा महादेव का जलाभिषेक किया और अपनी कांवड़ यात्रा का समापन किया। सुबह से ही दिल्ली के छोटे बड़े मंदिरों में कांवड़ियों के अलावा अन्य श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही, बारिश में भीगते हुए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इनमें दिल्ली के पांडव कालीन यमुना बाजार स्थित नीली छतरी वाला शिव मंदिर, पांडव कालीन श्री कालकाजी पीठ स्थित स्वयंभू महाकालेश्वर मंदिर, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास पांडव कालीन प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर, चांदनी घंटेश्वर महादेव मंदिर व गौरी शंकर मंदिर, महिपालपुर दिल्ली-गुड़गांव रोड़ स्थित मंगल महादेव बिरला कानन मंदिर, बुराड़ी में स्थित पांडव कालीन खंडेश्वर महादेव मंदिर, प्रीत विहार स्थित गुफा वाला मंदिर, छतरपुर मां कात्यायनी मंदिर, झंडेवालान माता मंदिर स्थित प्राचीन गुफा वाले शिवालय सहित अन्य मंदिरों में कांवड़ियों की भारी भीड़ लगी रही। हालांकि प्रबंधकों ने भीड़ को देखते हुए पहले से विशेष तैयारियां की थी। वहीं कावड़ यात्रा के समापन के साथ ही दिल्ली में लगे सैकड़ों कांवड़ शिविर भी वीरान हो गए। हालांकि अधिकांश शिविरों में दोपहर बाद तक भड़ारे आदि होते रहे लेकिन शाम होते होते यह शिविर भी खाली हो गए। वहीं कांवड़ यात्रा के चलते प्रतिबंधित कई मार्ग शाम के बाद आवाजाही के लिए खोल दिए गए। एक दो छोटी दिक्कत को छोड़ दो दिल्ली में इस बार कुल मिलाकर कांवड़ यात्रा बेहद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, जिससे शासन प्रशासन ने राहत की सांस ली। क्योंकि यात्रा के शुरू होने से ठीक पहले यमुना पार के एक क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर रात के समय छोटे छोटे कांच के टुकड़े मिलने से शासन प्रशासन के सामने परेशानी खड़ी हो गई थी।

## युवाओं को शिक्षा, संस्कारों और अपने पारिवारिक मूल्यों की कांवड़ भी उठानी चाहिए: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली

सावन के पवित्र महीने में चल रही कांवड़ यात्रा के यात्रियों के दिल्ली आगमन से पहले यात्रियों के आराम, दवाइयां और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए कांवड़ शिविर बन कर तैयार हो चुके हैं। ऐसे ही कई कांवड़ शिविरों के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचकर करावल नगर जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने इन शिविरों को कांवड़ यात्रियों को समर्पित किया। आदेश भारद्वाज ने कई कांवड़ शिविर का उदघाटन कर कैंप के आयोजकों को उनके सेवाभाव और सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी और कांवड़ यात्रियों को उनके जज्बे और श्रद्धा भाव को बहुमूल्य बताते हुए कहा कि हरिद्वार और और गंगोत्री धाम से सैकड़ों किलोमीटर की जिस कठिन यात्रा को पूरी कर यह कांवड़ यात्री आ रहे निश्चित ही भगवान शिव उनकी सभी मनोकामना पूर्ण करेंगे। आदेश भारद्वाज ने पवित्र कांवड़ लाने वाले युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जिस सच्चे मन से इस पवित्र गंगा जल की कांवड़ उठा रहे हो, उसी सच्चे मन से शिक्षा की कांवड़ भी उठाना, माता पिता की सेवा की कांवड़ भी उठाना, अपने परिवार की जिम्मेदारी की कांवड़ भी उठाना, अपने संस्कारों की कांवड़ भी उठाना, क्योंकि आप देश का भविष्य हैं, और इन सभी जिम्मेदारियों भरी कांवड़ को अपने कंधे पर उठाने की जिम्मेदारी भी आप ही की है। ताकि देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ सके। और देश का भविष्य सुरक्षित हो सके।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **धरम सिंह, पुत्रः** चुन्नी लाल, **पताः** 1200, गली न. 5/6, नजदीक हनुमान मंदिर, संगम विहार, वजीराबाद, दिल्ली, **CC No. 13519/2017, U/s 138 NI Act, थानाः** बुराड़ी, जिला पश्चिम, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **धरम सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **धरम सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 13519/2017, U/s 138 NI Act, थानाः** बुराड़ी, जिला पश्चिम, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **धरम सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आरूषी परवल, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,**
**एन आई एक्ट, एनेक्स बिल्डिंग–1, कमरा न. 02**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9623/N/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिबजीत उर्फ साबी, पुत्रः सुरजीत सिंह, निवासीः मकान संख्याः डब्ल्यूजेड–15/अ, नवयुग ब्लॉक, विष्णु गार्डन, तिलक नगर, दिल्ली।** में **FIR No.: 496/2020, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साहिबजीत उर्फ साबी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साहिबजीत उर्फ साबी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **साहिबजीत उर्फ साबी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरजोत सिंह औजला
जेएमएफसी–11, कोर्ट नं. – 05,
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

**DP/9738/WD/2025**


## 40 लाख की ठगी का मास्टरमाइंड अरेस्ट



**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने निवेश पर हाई रिटर्न का लालच देकर 40 लाख की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम विष्णु कांत शर्मा बताया गया है। इसके बाकी साथियों के बारे में भी पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार यह गैंग आईपीओ में निवेश के बदले अच्छे रिटर्न का लालच देकर लोगों को जाल में फंसाता था। चीटिंग के अमाउंट से क्रिप्टो करेंसी खरीदी जाती थी। डीसीपी ने बताया कि वेस्ट दिल्ली के रहने वाले एक शख्स के साथ 40 लाख की ठगी हुई थी। शिकायतकर्ता को सबसे पहले व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया था। यस सिक्योरिटी के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था और एक वेबसाइट के बारे में भी उसे जानकारी दी गई थी। इसके बाद आईपीओ में निवेश और हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगी की गई। इस संबंध में फरवरी महीने में शिकायत पुलिस को मिली थी। विष्णु कांत शर्मा को घर आंगन सोसायटी, मानसरोवर सांगानेर, जयपुर से पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मूलरूप से बीकानेर का रहने वाला है। 2018 में गवर्नमेंट एग्जाम की तैयारी करने के बाद इसने फर्नीचर का बिजनेस किया। ओएलएक्स के जरिए यह फर्नीचर की खरीद ब्रिकी करता था। इसके बाद यह शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए साइबर क्राइम में शामिल हो गया। इसने अपने जानकारों के अकाउंट ठगों को आगे कमीशन पर देना शुरू किया और बाद में गैंग बनाकर प्रोफेशनल तरीके से ठगी के धंधे में उतर गया।

## गुरुद्वारा कमेटी द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर पूर्व अध्यक्ष ने कहा झूठ ज्यादा दिन नहीं चलता

हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा लगाए गए आरोपों पर सफाई देते हुए तत्कालीन अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने कहा कि झूठ बहुत ज्यादा दूर व बहुत ज्यादा नहीं चलता। इसलिए कमेटी के नेताओं को चाहिए कि वह हल्की बातें नहीं करें और सच बोले। जीके ने कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका सहित अन्य पदाधिकारियों को चुनौती दी है कि अगर उनके पास गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूलों की अदालती सुनवाई को लेकर अदालत का वो आदेश दिखाइए, जिसमें कर्मचारियों के बकाया वित्तीय भुगतान करने के लिए कौम की संपत्तियों की नीलामी के लिए मूल्यांकनकर्ता का काम रोक दिया गया हो। जीके ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए दिल्ली कमेटी नेताओं से पूछा कि आप अदालती कार्यवाही के खिलाफ कैसे बोल सकते हैं। अगर आपने गुरु घर की संपत्तियों को बचाया है, तो अदालत का वो आदेश दिखाएं। उन्होंने कहा कि क्या अदालत ने संपत्तियों के मूल्यांकन कर्ता को हटा दिया है। कौम की संपत्तियों की सूची अदालत में किसने जमा की थी और आपके वकीलों ने हाईकोर्ट में मूल्यांकनकर्ता के साथ सहयोग करने की बात क्यों की थी। जीके ने स्पष्ट रूप से कहा कि अदालत में मौजूद हमारे वकीलों ने कहीं भी दिल्ली कमेटी का विरोध नहीं किया है। अगर पैसे देकर कौम की संपत्तियां बचाई जाती हैं, तो हम इसका स्वागत करेंगे। लेकिन कृपया अदालत से बाहर आकर हल्की बातें न करें।

## बारिश व जलभराव से जल जनित बीमारियां पसार रही है पैर, रेखा सरकार कुंभकर्णी नींद में : यादव



**नई दिल्ली।** लगातार बारिश से दिल्ली में जगह जगह हो रहे जलभराव को लेकर दिल्ली कांग्रेस ने जल जनित बीमारियां के तेजी से फैलने पर सवाल उठाए है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि तेजी से जल जनित बीमारियां अपने पैर पसार रही है। लेकिन दिल्ली की ट्रिपल इंजन वाली भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और दिल्ली नगर निगम अभी कुंभकर्णी नींद में ही सोए हुए है। यादव ने कहा कि डीबीसी विभाग में खाली पदों पर भर्ती ना कर पाना बीजेपी की दिल्ली और निगम सरकार की नाकामियों को दर्शाता है। जबकि दिल्ली में मानसून आए 20 दिन से अधिक समय हो गया है और 16 जुलाई तक दिल्ली में डेंगू के 246 केस, 101 मलेरिया और 11 केस चिकनगुनिया के सामने आ चुके है। ऐसे में डीबीसी विभाग में खाली पदों पर भर्ती न करा पाना बीजेपी की दिल्ली सरकार व निगम की नाकामियों को दर्शाता है। उन्होंने कहा की पिछले वर्ष 2024 तक शासित आम आदमी पार्टी के शासन में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां का समय पर इलाज न मिलने के कारण कई लोग जान गवाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में मलेरिया से 30, डेंगू से 538 लोगों की मौत हुई थी। जबकि पिछले वर्ष 2024 में डेंगू के 6391 केस दर्ज हुए और 11 लोगों की मृत्यु हुई। सरकारें हर वर्ष मच्छरों की रोकथाम में नाकाम साबित हो रही है। यादव ने कहा कि निगम की असंवेदनशीलता के कारण डीबीसी विभाग के महामारीविद के 12 स्वीकृत पदों में 7 पद खाली है, मलेरिया निरीक्षक के 150 पद स्वीकृति के बाद भी 92 खाली है। जबकि सहायक मलेरिया निरीक्षक के 600 स्वीकृत पद के बाद 391 पद खाली है और एमटीएस के 5176 पदों की स्वीकृत के बाद भीर 279 पद खाली रहना भाजपा की बड़ी नाकामी है।

### सड़क पर नाव चली, लोगों ने की जलभराव में तैराकी

# लगातार दूसरे दिन बारिश से डूबी दिल्ली

हरिभूमि न्यूज़ नई दिल्ली



लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह हुई भारी बारिश ने एक बार फिर दिल्ली को डूबो दिया। हालात यह रही कि सड़क पर जलभराव में कहीं बाथटब वाली नाव चलाई गई तो कहीं नदी में तैराकी करके सत्ता पक्ष को जमकर घेरा। नेशनल हाईवे से लेकर जगह जगह जलभराव ने एक बार फिर दिल्ली सरकार की मुखिया रेखा गुप्ता के दावों की पोल खोलकर रख दी। पूर्वी दिल्ली में विनोद नगर की पूर्व पार्षद गीता रावत ने एनएच-9 की सर्विस लेन पर बाथटब को नाव की तरह चलाकर अपना विरोध दर्ज करवाया। जलभराव से निपटने की तैयारियों की डींग हांकने वाले पीडब्ल्यूडी, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) दिल्ली नगर निगम, दिल्ली छावनी प्रबंधन, दिल्ली यातायात पुलिस आदि के बीच ही समन्वय की कमी जगह जगह साफ देखने को मिली। जिसकी वजह से हालात बद से बदतर होते जा रहे है। जरा सी बारिश हुई नहीं कि अधिकांश जगहों पर जलभराव में दिल्ली डूबने लगती है। लोगों को मिनटों के सफर के लिए घंटो इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन न यातायात पुलिस कुछ कर पा रही है और न ही शासन प्रशासन की तैयारियां काम आ रही है। जलभराव के चलते दक्षिण दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, आईटीओ, साउथ एक्सटेंशन, एनएच-8, महरौली-गुड़गांव रोड, नेहरू प्लेस, ईस्ट ऑफ कैलाश, कॉलोनी रोड, महरौली-बदरपुर रोड, ओल्ड रोहतक रोड, नंद नगरी में डीटीसी डिपो के सामने, ओखला मेन रोड और गाजीपुर मुर्गा मंडी, पंजाबी बाग, पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट नगर, पीरागढ़ी, उत्तम नगर, बुराड़ी, मजनू का टीला रिंग रोड, राजघाट एरिया, प्रगति मैदान, जनकपुरी, पटेल नगर, शादीपुर, ओल्ड व न्यू राजेंद्र नगर, तिमारपुर, जहांगीरपुरी, मुकुंदपुर आदि जगहों पर जलभराव देखने को मिला। बुधवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की सफदरजंग वेधशाला ने सुबह 5.30 बजे से 8.30 बजे के बीच 5.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। इस दौरान प्रगति मैदान में 16.6 मिमी, पूसा में 10 मिमी, जनकपुरी में 9.5 मिमी और नजफगढ़ में 2 मिमी बारिश दर्ज की। वहीं सुबह 11:30 बजे तक सफदरजंग में 9.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि लोधी रोड पर 11.2 मिमी और प्रगति मैदान पर 6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं आईएमडी ने शाम साढ़े पांच बज तक सफदरजंग में 9.3 मिमी, बारिश दर्ज की। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले सबसे ज्यादा पानी राजघाट में 38.9 मिमी दर्ज किया। वहीं दूसरे नंबर पर रिज एरिया में 32.8 मिमी और तीसरे नंबर पर लोदी रोड में 20.6 मिमी और चौथे नंबर पर पूसा रहा जहां 23.5 मिमी पानी बरसा। जबकि सफदरजंग में 14.4 मिमी, नजफगढ़ में 13.0 मिमी, पालम में 1.9 मिमी और आया नगर में 4.1 मिमी पानी बरसा। आईएमडी के अनुसार बारिश के चलते अधिकतम तापमान में चार डिग्री से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि एक बार फिर दिल्ली एनसीआर में बारिश ने रफ्तार पकड़ी है। कंपनी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली और एनसीआर में दो बार अच्छी बारिश हुई है, एक बार मंगलवार दोपहर में और दूसरी बार बुधवार सुबह तड़के।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एमएसडब्ल्यू का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों / हस्तांतरण स्टेशनों/ प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | 07.07.2025 28.07.2025 | रु.17,29,86,000/- | eemcnarnaul@gmail.com | 9050120188 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | 07.07.2025 29.07.2025 | रु.9,36,43,000/- | eemcnarnaul@gmail.com | 9255126426 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36912/I/88/7 दि. 23.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार को कास्ट आयरन पाइप्स की आपूर्ति। | 22.07.2025 19.08.2025 | ईएमडी रु. 5,84,200/- | https://etenders.hry.nic.in | 9315164637 mm1.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36914/I/88/7 दि. 23.07.25




# व्यापारियों के हितों के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है दिल्ली सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के व्यापारियों के हितों के लिए दिल्ली सरकार कई योजनाओं काम कर रही है। दिल्ली के कारोबारी सुविधापूर्वक व्यापार कर पाएं इसके लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए दिल्ली सरकार कुशल इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में जुट गई है। यह बात बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने व्यापारिक संगठन भारतीय उद्योग मंडल के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने और उन्हें भयमुक्त व्यापार करने की दिशा में ही सरकार ने 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कारोबारी अब अकेले नहीं हैं। उनकी सुरक्षा, कल्याण और समृद्धि के लिए सरकार उनके साथ खड़ी है। गठित बोर्ड एक संस्था नहीं बल्कि सरकार का अपने व्यापारियों पर भरोसा है। मुख्यमंत्री के अनुसार यह बोर्ड केवल नीतिगत योजनाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्राकृतिक आपदा, आग, बाढ़, जैसी आपात स्थितियों में व्यापारियों को राहत और मुआवजे पर विचार करेगा। इसके माध्यम से सरकार को व्यापारिक क्षेत्र के अनुभवी लोगों की सलाह और सहयोग समय पर प्राप्त होगा, जिससे नीतियों को अधिक व्यावहारिक और लाभकारी रूप में लागू किया जा सकेगा।

### हमारी सरकार ने व्यापारियों के लिए बनाया है 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड'

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले की सरकारों ने दिल्ली के कारोबारियों का शोषण किया है और दिल्ली के बाजारों का चरित्र बिगाड़ने में लगातार षड्यंत्र किए। हमारी सरकार ने व्यापारियों के लिए 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' बनाया हैं, इस बोर्ड के 15 सदस्यों में 9 सदस्य व्यापारी वर्ग से लिए गए हैं। इस बोर्ड का उद्देश्य व्यापारी समुदाय को सशक्त बनाने, उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने तथा उनके व्यापार को अधिक सुविधा-संपन्न बनाना है। यह वैधानिक बोर्ड सरकार व व्यापारियों के बीच पुल का काम करेगा, व्यापारियों से जुड़े मुद्दे और प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, रोजगार और निवेश को बढ़ावा देगा व उनके आर्थिक हितों के लिए कल्याण कोष का संचालन भी करेगा।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज करेंगी एचआईएमएस का शुभारंभ

■ 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व 8 जन औषधि केंद्रों का भी होगा उद्घाटन

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआईएमएस) का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगी। यह सिस्टम दिल्ली में कागज रहित, तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इसके अलावा मुख्यमंत्री गुरुवार को ही ऑनलाइन 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, 8 जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन भी करेंगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह करेंगे। दिल्ली सरकार का मानना है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से विकसित नेक्स्टजेन हॉस्पिटल इनफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) की शुरुआत इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण होगी। यह पहल राजधानी की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एक परिवर्तनकारी कदम है, जो एक पूर्णतः डिजिटाइज्ड, एकीकृत और पेपरलेस स्वास्थ्य प्रणाली की ओर बढ़ने का संकेत देती है। इस प्रणाली में 20 डिजिटल मॉड्यूल शामिल होंगे, जैसे कि ओपीडी/आईपीडी पंजीकरण, प्रयोगशाला और रेडियोलॉजी एकीकरण, इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स, इन्वेंट्री और ऑपरेशन थिएटर प्रबंधन, तथा केंद्रीकृत अस्पताल डैशबोर्ड। ओपीडी और आईपीडी। इस सिस्टम के लिए प्रशिक्षण दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि अन्य चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अब तक 93 लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) आईडी पहले ही बनाई जा चुकी हैं, जो दिल्ली के नागरिकों के लिए एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स की आधारशिला रखेंगी।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के हर बच्चे को समान, आधुनिक और प्रेरणादायक शिक्षा का वातावरण मिलना चाहिए : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हर बच्चे को समान आधुनिक और प्रेरणादायक शिक्षा का वातावरण मिलना चाहिए। यह बात बुधवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने चिराग दिल्ली स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में आए बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ परिचय कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान कही। परिचय कार्यक्रम में नर्सरी,केजी और कक्षा एक के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक, शिक्षा निदेशक, स्कूल की प्रिंसिपल और स्कूल के शिक्षक भी मौजूद थे। कार्यक्रम के शिक्षा मंत्री ने सभी छोटे-छोटे बच्चों का अभिवादन किया और उनके अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में एडमिशन कराने के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर मैं अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मैं आपके बीच में हूं। शिक्षा मंत्री सूद ने बच्चों के पैरंट्स से सीधा संवाद करते कहा कि आज से 40 साल पहले इन्हीं सरकारी स्कूल में से डॉक्टर, इंजीनियर,आईएएस, एक्टर, साइंटिस्ट आदि बनते थे। मगर कुछ समय से सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से कमतर देखने की प्रवृत्ति बन गयी है। आप लोग अपने मन में बिलकुल ये भावना मत रखना की मेरा बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है और कुछ नहीं बन पाएगा। दिल्ली के यह सरकारी स्कूल किसी भी रूप से प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है।

### दिल्ली जल बोर्ड में 100 से अधिक अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल आपूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने 100 से अधिक अनुभवी अभियंताओं को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस पहल के तहत सिविल और इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल (ई एंड एम) शाखाओं के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता जैसे पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। ये अभियंता विभिन्न सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक एजेंसियों से प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस योजना को स्वीकृति देते हुए इसे एक निर्णायक पहल बताया है ताकि जल सेवाओं की समयबद्ध, कुशल और जवाबदेह आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल और सीवरेज परियोजनाएं तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण बाधित रही हैं। 100 से अधिक अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति करके हम दिल्ली जल बोर्ड की रीढ़ को मजबूत कर रहे हैं। अनुभवी अधिकारियों की नियुक्ति से परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी, अनुरक्षण कार्यों में सुधार आएगा, और दिल्ली की जनता को सिस्टम की अक्षमताओं का शिकार नहीं होना पड़ेगा।

### नेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, मंत्रियों और विधायकों ने लिया प्रशिक्षण


**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में चल रहा तीन दिवसीय राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधावार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आखिरी दिन बुधवार को मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह और रविंद्र इंद्राज सिंह ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। मंत्रियों और विधायकों के साथ दिल्ली विधान सभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी नेवा प्रशिक्षण में भाग लिया। इस पहल की सराहना करते हुए मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में, दिल्ली विधानसभा ने मात्र 100 दिनों में पूर्णतः पेपरलेस विधायी प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाया है। यह एक अनुकरणीय उपलब्धि है, जिससे दिल्ली, देश का सबसे तेज़ी से पूर्ण डिजिटल संक्रमण प्राप्त करने वाला राज्य विधानसभा बन गया है। यह आधुनिक शासन के प्रति एक सशक्त दृष्टिकोण और अटल प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### छात्रों की स्कॉलरशिप और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन सरकार की प्राथमिकता : रविंद्र इंद्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग मंत्री एवं बवाना से विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को रोहिणी सेक्टर 22 स्थित सरकारी सह शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, प्रहलाद पुर स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय एवं चांदपुर माजरा स्थित राजकीय सर्वोदय सह शिक्षा विद्यालय में आयोजित ओरिएंटेशन और पौधारोपण कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। रविन्द्र इंद्राज ने अभिभावकों से संवाद किया एवं स्कूल स्टाफ से बच्चों के समग्र विकास पर जोर देने का आग्रह किया। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत हुए प्रयासों से शिक्षा जगत की तस्वीर बेहतर हुई है और नई शिक्षा नीति से व्यापक बदलाव हुए हैं। खेलो इंडिया योजना ने देश की झोली में कई पदक डाले हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता केवल अकादमिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा, खेल और तकनीकी दक्षता के समन्वय से सुनिश्चित की जा सकती है।रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लगातर बेहतर किया जा रहा है। दिल्ली में 75 वर्ल्ड क्लास सीएम श्री स्कूलों की स्थापना की जा रही है। सरकारी स्कूलों में 350 कंप्यूटर लैब स्थापित होंगे। कक्षा दसवीं के रिजल्ट के आधार पर 11 वीं के 1200 मेधावी छात्रों को लैपटॉप दिये जाएंगे।

### केजरीवाल सरकार में अनेक जाने जलभराव में डूबने और करंट लगने से चली जाती थीं : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए जलभराव पर विपक्ष के नेताओं के आरोपों पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता भूली नहीं है कि अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही से हर मानसून में अनेक मासूम जानें जलभराव में डूबने से या सार्वजनिक स्थल पर करंट लगने से चली जाती थीं। दिल्ली वाले राजेन्द्र नगर, पटेल नगर, किराड़ी आदि में गई अनेक मासूम जानों को कभी नहीं भूलेंगे। सचदेवा ने कहा कि यह भाजपा सरकार के प्रयास हैं की आज दिल्ली में गत वर्ष तक चिन्हित अनेक संवेदनशील स्थानों पर जलभराव होता ही नहीं है और होता है तो बारिश बंद होते ही उसकी निकासी का काम शुरू हो जाता है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता गत दस साल के मानसून भूली नहीं है जब थोड़ी से बारिश होते ही दिल्ली पूरे पूरे दिन के लिए जलमग्न हो जाती थी।सचदेवा ने कहा कि खेद का विषय है कि आप नेता आतिशी मार्लेना हों या मनीष सिसोदिया वह सब सत्ता में रहते भी नाला सीवर सफाई एवं जलभराव पर केवल बयानबाजी करते थे और आज भी कुछ सकारात्मक करने की जगह संवेदनहीनता से बयानबाज़ी में लगे हैं।



## खबर संक्षेप

### वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** वाहन चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस चौकी नवीन नगर मे धीरेंद्र कुमार वासी पंचशील कॉलोनी पार्ट-2, इस्माईलपुर फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 जुलाई की रात को उसने अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था सुबह देखा तो पाया कि कोई नामपता ना मालूम व्यक्ति मोटरसाईकिल चोरी करके ले गया था।

### एक लाख 10 हजार रुपए की ठगी, आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** साइबर ठग तकनीकी का गलत प्रयोग करके लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। ऐसे ही टेलिग्राम पर टास्क के बहाने धोखाधड़ी के एक मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में भारत कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि मई माह में उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिसमें वर्क फ्रॉम होम ऑफर किया गया।

### 2 लाख 85 हजार रुपए की ठगी, 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर ठग तकनीकी का गलत प्रयोग करके लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। ऐसे ही टेलिग्राम पर टास्क के बहाने धोखाधड़ी के एक मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में गर्ग कॉलोनी बल्लभगढ़ निवासी एक महिला ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि 13 जून को उसे व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिसमें रेस्टोरेंट को प्रमोट करने के लिए कमेंट्स व रेटिंग करके पैसे कमाने बारे बताया गया था।

# मानवता की मिसाल: मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद ने महाशिवरात्रि पर किया छाता वितरण

## विगत15 वर्षों से अनवरत सेवा कार्यों की प्रेरक परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद शाखा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एक अनूठी पहल करते हुए बीके चौक पर राहगीरों, दैनिक मजदूरी करने वालों, रेडी-पटरी व्यवसायियों व जरूरतमंदों को निःशुल्क छाता वितरण कर मानसून के इस मौसम में राहत पहुंचाई।

वर्षा के बीच जब जीवन संघर्षमय हो जाता है ऐसे समय में यह सेवा उन लोगों के लिए आशा की छांव बनकर सामने आईए जो अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच केवल एक संगठन नहीं, बल्कि मानवता का जीवंत उदाहरण है। पिछले 15 वर्षों में फरीदाबाद शाखा ने रक्तदान, पौधरोपण, कृत्रिम अंग वितरण, आर्थिक सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, समाज जागरूकता व आपदा राहत जैसे अनेकों कार्य किए हैं। मंच का हर साथी एक देश, एक माटी की भावना के साथ समाज की सेवा हेतु हर पल तत्पर रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फरीदाबाद शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे पूर्वजों की परंपरा रही है कि सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म माना जाए।

**खास बातें**

- अध्यक्ष ने कहा सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म माना जाए
- पिछले 15 वर्षों से फरीदाबाद शाखा ने रक्तदान, पौधरोपण सहित अनेक कार्य किए
- छाता केवल वस्तु नहीं संवेदना, सम्मान है



### वरिष्ठ समाजसेवियों ने मंच की सराहना की

आज उसी भाव को मंच के माध्यम से आगे बढ़ाने का हमें सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह छाता वितरण कार्यक्रम केवल एक वस्तु का वितरण नहीं, बल्कि यह संवेदना, सम्मान और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने मंच के सभी कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। वरिष्ठ समाजसेवी रोहतास ने मंच की सराहना करते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज की पीड़ा को समझते हुए समाधान देना है। सेवा, संस्कार और समर्पण ही इस मंच की पहचान है और फरीदाबाद शाखा ने इसे बार-बार सिद्ध किया है। इस पुनीत अवसर पर मंच के पूर्व अध्यक्ष नारायण शर्मा, जीतू शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष विमल खंडेलवाल, शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, रोहतास कुमार, मधुसूदन माटोलिया, संजय अरोड़ा सहित समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे और अपने सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## घेवर व मावा के सैंपल लिए, परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने अनाज मंडी में लिए घेवर के नमूने, घरेलू गैस सिलेंडर के संबंध में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की बल्लभगढ़ अनाज मंडी की दुकान न 23 के प्रथम तल पर बिना किसी वैध अनुमति के त्योहार के सीजन के देखते हुए घेवर बनाया जा रहा है। जहां पर काफी अनियमितता बरती जा रही है।



इस सूचना के संबंध में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा डॉ. पुनीत शर्मा व स्थानीय पुलिस के साथ अनाज मंडी बल्लभगढ़ में दुकान न 23 के प्रथम तल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर यहां दुकान का नाम व बोर्ड आदि लगा हुआ नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान घेवर व मिठाई बनाई जाती मिली। पूछताछ पर पाया कि यह मिठाई की दुकान विजय कुमार निवासी चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ की है। विजय कुमार से द्वारा वैध लाइसेंस पेश करने के बारे कहा लेकिन वह मौका पर कोई लाइसेंस पेश नहीं कर सका। निरीक्षण के दौरान इस स्थान पर करीब 200 किलोग्राम घेवर बनाया जाता मिला व करीब 60 किलोग्राम मावा रखा मिला जिसे घेवर के ऊपर लगाकर स्थानीय मार्केट में बेच जा रहा था। डॉ. पुनित कुमार द्वारा बनाए जा रहे घेवर व मावा के एक एक सैंपल लिए गए। जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा व नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान इस स्थान पर घेवर बनाने के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जाता मिला। जिनमें कुल 12 गैस सिलेंडर रखे मिले, जिनमें 7 खाली व 5 भरे हुए मिले। जिस संबंध में नरेंद्र कुमार निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद को मौका पर बुलाया गया जिनके द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सभी 12 गैस सिलेंडरों को मौका पर जब्त किया गया व सभी गैस सिलेंडरों को गैस एजेंसी में जमा कराया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव दयालपुर में जवान जय किसान नाम से दुकान पर घेवर बनाया जा रहा है जहां पर काफी अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ चेकिंग करने की आवश्यकता है। निरीक्षण पर दुकान संचालक संजीव कुमार हाजिर मिले। जिसने पूछताछ पर बताया कि उन्होंने पिछले माह ही दुकान खोली है व लाइसेंस अप्लाई किया हुआ है। निरीक्षण के दौरान इस स्थान पर करीब 300 किलोग्राम घेवर बनाया जाता मिला व करीब 80 किलोग्राम मावा रखा मिला। साफ-सफाई ठीक पाई गई। डॉ. पुनित कुमार द्वारा बनाये जा रहे घेवर व मावा के एक एक सैंपल लिए गए। जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा व नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से कांवड़िए की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

हरिद्वार से अपने साथियों के साथ डाक कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़िया जयकारा लगाते समय हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके साथ खड़ा कांवड़ियां भी हादसे में झुलस गया। लहडोला गांव के कांविड़ये के साथ यह हादसा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित फरीदपुर गांव के सामने हुआ। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। जिस जगह पर हादसा हुआ। वहां से लहडोला गांव के केवल चार किलोमीटर दूर था। लहडोला गांव निवासी संदीप ने बताया कि उनका भतीजा रवि 19 जुलाई को अपने साथियों के साथ मिलकर हरिद्वार डाक कावड़ लेने गया। उसे बुधवार को शिवरात्रि पर गांव के ही मंदिर में जल अर्पित करना था। सुबह उनकी डाक कावड़ यात्रा फरीदपुर गांव के पास से गुजर रही थी। उसी दौरान ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन लाइन पर जयकारा लगाते समय रवि का हाथ छू गया। जिससे उसको करंट लग गया। उसे एक निजी अस्पताल मे लेकर जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। रवि के साथ खड़े अनिल को भी करंट लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के चाचा संदीप ने बताया कि रवि निजी फैक्ट्री में काम करता था। पिता सतपाल खेतीबाड़ी का काम करते है। संदीप ने कहा कि हाइटेंशन लाइन नीचे नहीं होती तो उनके भतीजे की जान नहीं जाती। वह केवल अपने गांव से चार किलोमीटर की दूरी पर था।

पिछले एक साल में एक की मौत और 13 कांवड़ियां झुलस चुके हैं। पिछले साल तिगांव में भी डाक कांवड़ लेने जा रहे कांवड़िया हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। जिससे एक कांवड़िया नितिन की मौत हो गई थी। बाकी 14 कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 2023 में भतौला गांव में कांवड़ लेने जाते समय करंट की चपेट में आने से 11 साल सहित दो लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में आठ लोग भी घायल हो गए थे।

## हिरासत में लिए दिव्यांग सीए को अर्धनग्न करने वाले पुलिसकर्मियों को देने होंगे 50 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

सारन थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए दिव्यांग सीए को अर्धनग्न करने के मामले को हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है। थाने में उस समय तैनात महिला एएसआई जगवती और सिपाही राकेश कुमार को 50 हजार रुपए देने के आदेश दिए हैं। पीड़ित को यह रकम मुआवजे के रूप में दी जाएगी। हालांकि इस मामले में न्याय देरी से आया लेकिन सही आया है। पुलिसकर्मियों की इस हरकत से पीड़ित की गरिमा को ठेस पहुंची थी। पीड़ित पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। 24 मई 2021 को एक आपराधिक मामले में सारन थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। उन्हें सारन थाना पुलिस ने हिरासत के दौरान अर्धनग्न कर दिया गया। उनकी तस्वीरें और वीडियो बनाए गए। इन तस्वीरों को बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह घटना न केवल उनके आत्म-सम्मान पर सीधा प्रहार थी, बल्कि एक दिव्यांग के मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन भी था। पीड़ित इस मामले को लेकर हरियाणा मानव अधिकार आयोग गए। वहां अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा और सदस्यों कुलदीप जैन एवं दीप भाटिया ने मामले पर सुनवाई की। उन्होंने अपने आदेश में लिखा है कि अपराध जांच शाखा की निष्पक्ष रिपोर्ट पेश की। यह सब न केवल पुलिस आचरण नियमों के खिलाफ था, बल्कि व्यक्ति की निजता, गरिमा और मानसिक शांति को भी रौंदने वाला कृत्य था। प्रोटोकॉल, सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी डा. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि पूर्ण आयोग के निर्देश के अनुसार सरकार के गृह विभाग को 50 हजार रुपये की मुआवजा राशि पीड़ित को अदा करने के आदेश दिए गए हैं।

## सावन की महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया दूधेश्वर मंदिर में जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गाजियाबाद

श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में सुबह चार बजे से भक्तों ने शिवरात्रि का जलाभिषेक किया।

रात को 12 बजे से पहले ही लाइन लगनी शुरू हो गई थी। लाखों की संख्या में कावड़ियों एवं अन्य भक्त जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचे। भगवान शिव को समर्पित श्रवण मास की शिवरात्रि का व्रत बुधवार रखा जाएगा।

शिवरात्रि से एक दिन पहले भक्तों ने त्रियोदशी का व्रत एवं पूजा अर्चना की। श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में शिवरात्रि से एक दिन पहले सुबह सात बजे से त्रियोदशी एवं हाजिरी का जल चढ़ाया गया। मंदिर में शिवरात्रि को लेकर बीते कई दिन से तैयारियां चल रही थीं।

### सवालों की स्पष्टता तक रजिस्ट्रेशन को रोकने की मांग

# आयुष्मान भारत मोबाइल एप पर अनिवार्य रजिस्ट्रेशन आदेश पर पेंशनर्स ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबद्ध अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन ने हरियाणा सरकार के कोष एवं लेखा विभाग द्वारा 14 जुलाई 2025 को जारी आदेश संख्या टीए.एचआर (5 टी) 2025/ 4518 पर गहरी आपत्ति जताई है जिसमें सभी नियमित कर्मचारी, पेंशनर्स एवं उनके परिवारजनों को 31 जुलाई 2025 तक आयुष्मान भारत मोबाइल ऐप पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने हितधारकों (कर्मचारी एवं पेंशनर्स) से बातचीत किए बिना एकतरफा तरीके से उक्त पत्र जारी करने की भी आलोचना की और 31 जुलाई से पहले संघ के शिष्टमंडल को बातचीत करने के लिए आमंत्रित करने की मांग की। ताकि कर्मचारियों एवं पेंशनर्स में उत्पन्न हुई अनिश्चिता एवं बेचैनी दूर हो सकें।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष वजीर सिंह, महासचिव रतन कुमार जिंदल व मुख्य सलाहकार सुभाष लांबा ने इस आदेश की वैधता व उद्देश्य पर सवाल उठाते हुए महानिदेशक, कोष एवं लेखा विभाग, हरियाणा को एक पत्र भेजकर तत्काल कुछ बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने डीजी को लिखे पत्र के माध्यम से उठाए गए प्रमुख प्रश्न इस प्रकार हैं, क्या आयुष्मान भारत कार्ड की अधिकतम सीमा केवल 5 लाख है, वर्तमान में कर्मचारियों व पेंशनर्स को बिना किसी सीमा के मेडिकल रीइंबर्समेंट की सुविधा प्राप्त है, तो फिर सीमित सुविधा वाले कार्ड की आवश्यकता क्यों, सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को ऐप पर पंजीकरण करवाने के पीछे उद्देश्य क्या है, क्या यह आदेश सरकार का है या विभाग का आंतरिक निर्णय, कई पैनल अस्पताल आयुष्मान कार्ड को नहीं मानते और कई इलाज इसके तहत शामिल नहीं होते, जैसे आंखों का ऑपरेशन आदि, तो ऐसी स्थिति में इस योजना का क्या लाभ, आयुष्मान भारत कार्ड 70 साल आयु में बन सकते हैं, लेकिन अधिकांश कर्मचारी और पेंशनरों की आयु 70 से कम है। इस स्थिति में क्या होगा, आयुष्मान भारत कार्ड में इलाज की अधिकतम सीमा क्रास करने के बाद खर्च होने वाली राशि का भुगतान कौन करेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सलाहकार सुभाष लांबा ने मांग की है कि उक्त आदेश के पीछे की मंशा को स्पष्ट किया जाए और तब तक पंजीकरण की बाध्यता को तुरंत रोका जाए। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल से चर्चा का समय भी जल्द तय किया जाए।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान वजीर सिंह ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी एवं पेंशनर्स के हितों से जुड़ा कोई भी निर्णय बिना वार्ता और स्पष्ट जानकारी के थोपना अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि अगर सरकार ने संघ के पत्र को गंभीरता से नहीं लिया तो रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

### अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 व अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.090 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सकीना निवासी राजीव कॉलोनी, जिला फरीदाबाद को 530 ग्राम गांजा के साथ आशियाना फ्लैट सेक्टर 56 फरीदाबाद के पास से तथा अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने हीरालाल निवासी गांव मन्ही याना घोघरडीहा जिला बिहार हाल बसेलवा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद को 28-29 सेक्टर रोड, फरीदाबाद के पास से 560 ग्राम गांजा सहित काबू किया है।

### दो हजार से ज्यादा ग्राहकों से 1100 करोड़ जुटाए

# कोर्ट ने रामप्रस्था बिल्डर के निदेशकों को दो दिन के ईडी रिमांड पर सौंपा

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶|गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय ईडी गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने बायर्स से 11 सौ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किए गए रियल एस्टेट कंपनी रामप्रस्था ग्रुप के निदेशक संदीप यादव व अरविंद वालिया को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों निदेशकों को दो दिन के रिमांड पर ईडी को सौंप दिया गया। दोनों निदेशकों को मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार किया गया था। कंपनी पर करीब दो हजार बायर्स से 1100 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। ईडी ने मेसर्स रामप्रस्था प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड मेसर्स आरपीडीपीएल और उसके प्रमोटरों/निदेशकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 21 जुलाई को दिल्ली और गुरुग्राम में तीन स्थानों पर तलाशी अभियान भी चलाया था। ईडी ने आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू, नई दिल्ली और गुरुग्राम पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि मेसर्स आरपीडीपीएल और उसके प्रमोटरों ने वादा किए गए फ्लैट और प्लॉट समय सीमा में यहां तक कि 14 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मकान देने में असफल रहने के लिए विभिन्न घर खरीदारों/प्लॉट खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की है। मेसर्स आरपीडीपीएल ने 2008 से 2011 के बीच गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, 92 और 95 में स्थित प्रोजेक्ट एज, प्रोजेक्ट स्काईज़, प्रोजेक्ट राइज़ रामप्रस्थ सिटी (प्लॉटेड कॉलोनी प्रोजेक्ट) जैसी विभिन्न परियोजनाएं शुरू कीं और लॉच के तीन से चार साल के भीतर फ्लैटों/प्लॉटेड ज़मीनों का कब्ज़ा देने का वादा किया गया था।

### देसी कट्टा सहित आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी सन्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने सन्नी निवासी गांव खबूआ, जिला मथुरा हाल नबंरदार कॉलोनी, गांव मेवला महाराजपुर जिला फरीदाबाद को मेवला महाराजपुर गांव के मोडख नजदीक हनुमान मंदिर के पास से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना सूरजकुण्ड, फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-38 & 39-25-26-W-II दिनांक: 16.07.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -38 | **कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/ दिल्ली के अधिकार क्षेत्र (GZB-SRE) में सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन किमी 13/18-20 पर एलएचएस (4.0x4.5 मीटर) के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग संख्या 6C का उन्मूलन व किमी 35/9-11 पर एलएचएस (6.0x4.5) मीटर के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग संख्या 9C का उन्मूलन व किमी 41/25-27 पर एलएचएस के निर्माण द्वारा (4.0 x 4.0 मी) लेवल क्रॉसिंग संख्या 11C के उन्मूलन का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** : 191648764.83 **बयाना राशि (रुपये)** : 1108300.00 |
| 2 | NIT -39 | **कार्य का नाम**:– वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर लाइन न. 1, 2, 3 व 4 पर ब्लास्ट लैस ट्रैक का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :– 117377510.85 **बयाना राशि (रुपये)** :– 736900.00 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 19.08.2025 15:00 hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलबध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

2231/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 44 लाख 70 हजार नकद, कई देशों की विदेशी मुद्रा, 4 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी हुई गाड़ियां बरामद

# फर्जी दूतावास का भंडाफोड़, संचालक हर्षवर्धन जैन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद





उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा इकाई ने मंगलवार की रात में दिल्ली से सटे गाजियाबाद की पाश कालोनी कविनगर में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अवैध दूतावास के संचालन करने वाले हर्ष वर्धन जैन नामक शख्स को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 44 लाख 70 हजार रुपए, विभिन्न देशों की विदेशी मुद्रा, 20 डिप्लोमेटिक गाड़ियों की नंबर प्लेट, 4 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी हुई गाड़ियां आदि सामान बरामद हुआ है। हर्षवर्धन कविनगर के केबी 45 में रहता है। उसके पिता का नाम जेडी जैन है। हर्षवर्धन केबी 35 कवीनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से वेस्ट आर्कटिक दूतावास चला रहा था तथा अपने आप को वेस्ट अर्कटिका, सोबोरगा, पॉल आदि देशों का देशों का कॉन्सुल/ एम्बेसडर बताता था। एयर और कई डिप्लोमेटिक नबंर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था। एसटीएफ के एसएसपी सुशील धुले के मुताबिक लोंगो को प्रभाव में लेने के लिए प्रधानमंत्री ,राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्य लोगों के साथ अपनी मॉर्फ़ की हुई फोटो का भी प्रयोग करता है । इसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना तथा शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला रैकेट भी चलाता था। एसटीएफ द्वारा की पूछताछ में हर्षवर्धन के पूर्व में चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी इंटरनेशनल आर्म्स डीलर से भी संपर्क में होने का भी पता चला है। बताते चलें कि 2011 में हर्षवर्धन से अवैध सेटेलाइट फ़ोन भी बरामद हुआ था जिसका मुकदमा थाना कविनगर में पंजीकृत है। उसके कब्जे से डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी चार गाड़ियाँ ,माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट,विदेश मंत्रालय की मोहर लगी कूटरचित दस्तावेज ,कूटरचित दो पैनकार्ड ,विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 मोहरें,2 कूटरचित प्रेस कार्ड, 44लाख 70हजार रुपए नगद ,कई देशों की विदेशी मुद्रा कई कंपनियों आदि के दस्तावेज, 18 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। एसटीएफ ने दूतावास पर करवाई करने से पहले इस संबंध में केंद्रीय एजेंसियों से इसकी पुष्टि की। एजेंसी से पता चला कि बिना विदेश मंत्रालय की अनुमति के दूतावास नही चलाया जा सकता। एसटीएफ कवि नगर थाने में सूचना देकर मंगलवार रात करीब 10 बजे दूतावास पर पहुंची।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 7 और 8 एम.सी. रोहतक में पोटहोल्स की मरम्मत, रखरखाव और विविध सिविल कार्य। | 22.07.2025 29.07.2025 | रु.45,20,880/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/36911/I/88/7 दि. 23.07.25


# अयोध्याः राम जन्मभूमि परिसर में बनेगी रामायण कालीन पंचवटी

## 20 एकड़ क्षेत्र में होगा निर्माण

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि परिसर अब त्रेता युग की स्मृतियों को जीवंत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है। रामायणकालीन स्वरूप की कल्पना के अनुरूप 20 एकड़ क्षेत्र में पंचवटी विकसित की जा रही है, जो रामलला के भक्तों को न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगी बल्कि उन्हें त्रेता युग के प्राकृतिक परिवेश का भी अनुभव कराएगी।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में विकसित होने वाली पंचवटी न केवल दर्शनीय स्थल होगी, बल्कि यह ध्यान, जप, साधना और रामायण श्रवण जैसी गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में विकसित होगी। यह श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक विश्राम स्थल जैसा होगा। बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्यभार प्रसिद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी जीएमआर को सौंपा गया है। पहले चरण में 10 एकड़ भूमि पर कार्य शुरू कर चुकी है। पंचवटी का निर्माण परिसर के दक्षिण दिशा में कुबेर टीला के समीप किया जा रहा है। बाकी भूमि को खाली कराया जा रहा है, जैसे-जैसे कंपनी को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, काम आगे बढ़ेगा।



### रोपित किए जाएंगे 88 प्रकार के रामायणकालीन पौधे

पंचवटी में रामायण में वर्णित 88 प्रकार के दुर्लभ और औषधीय पौधे भी रोपित किए जाएंगे। जो उस युग के जैविक जीवन और जैविक विविधता को दर्शाएंगे। पीपल, बरगद, बेल, आंवला, आम जैसे वृक्षों के साथ-साथ शमी, सीता अशोक, चंपा, कदंब, पलाश, पारिजात आदि पौधे रोपित किए जाने की योजना है। सीता अशोक का पौधा श्रीलंका से आएगा। विदेश से कुछ अन्य पौधे भी आएंगे।

### रामायण का सहारा, त्रेतायुगीन स्वरूप का अध्ययन

पंचवटी का निर्माण केवल सजावटी नहीं बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक प्रामाणिकता के साथ किया जा रहा है। इसके लिए रामायण, विशेषकर वाल्मीकि व तुलसीकृत रामायण के प्रसंगों का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि उस युग की पंचवटी का वास्तविक स्वरूप जीवंत हो सके। कार्यदायी संस्था पंचवटी के हर तत्व को त्रेतायुगीन वातावरण के अनुरूप ढालने का प्रयास करेगी। यह पंचवटी केवल एक पर्यटक स्थल नहीं बल्कि, श्रद्धा, ध्यान और साधना के लिए विशेष केंद्र बनेगी।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार



लखनऊ। सेंट्रल स्टेशन जीआरपी, आरपीएफ व क्राइम ब्रांच ने बुधवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल बरामद हुए हैं। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह ने बताया कि बुधवार को गश्त के दौरान मरे कंपनी पुल के पास रेलवे ट्रैक के किनारे दो संदिग्ध युवक घूमते मिले। दोनों को जीआरपी थाने लाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि दोनों शातिर चोर हैं जो ट्रेनों और स्टेशन पर यात्रियों का सामान चोरी करते हैं।

### समस्तीपुर में सरपंच की हत्या



समस्तीपुर। समस्तीपुर में मंगलवार की रात सरपंच सुनील कुमार राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र की बिशनपुर बेरी पंचायत के मटिऔर स्थित वार्ड संख्या-9 की है। देर रात हुई इस घटना में हमलावर विपिन राय भी जख्मी हो गया। आरोपी भी इसी गांव का रहने वाला है। इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### जमीनी विवाद में बुजुर्ग को मार डाला



रांची। झारखंड के गिरिडीह में दर्दनाक घटना सामने आई है। जिले के गांडेय थाना क्षेत्र की फुलजोरी पंचायत के गोविंदपुर गांव में जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया। मृतक बुजुर्ग गोविंदपुर गांव निवासी 65 वर्षीय जीवन टुडू हैं। जानकारी के अनुसार जीवन टुडू ने अपने खेत में धान का बिचड़ा लगाया था। वे अपने खेत की रखवाली कर रहे थे।

## पार्कों के सौंदर्यीकरण के साथ सड़क, नाला-सीवर के होंगे काम

# 253 करोड़ से चमकेगा यूपी का गोरखपुर जिला, होंगे विकास कार्य मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

*गोरखपुर नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में देश में तीसरा स्थान, 3 लाख से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में चौथा और 01 लाख से 10 लाख की श्रेणी में सूबे में पहला स्थान, वॉटर प्लस और गारबेज फ्री सिटी में 5-स्टार रेटिंग हासिल की है।*

सीएम ने सात सीएनजी डोर-टू-डोर मैजिक वाहनों को हरी झंडी दिखाई

*-178 परियोजनाओं की सौगात दी फ्री सिटी में 5-स्टार रेटिंग हासिल की*

गोरखपुर नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में देश में तीसरा स्थान, 3 लाख से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में चौथा और 01 लाख से 10 लाख की श्रेणी में सूबे में पहला स्थान, वॉटर प्लस और गारबेज फ्री सिटी में 5-स्टार रेटिंग हासिल की है। इन उपलब्धियों के लिए नगर निगम के पार्षदों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों का हौसला बढ़ाने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को नगर निगम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने सफाई-मित्रों और पार्षदों का सम्मान करने के साथ महानगरवासियों को 253 करोड़ रुपए की 178 परियोजनाओं की सौगात भी दी। 253 करोड़ की लागत से शहर को अब चमकाने का काम किया जाएगा। शहर में सड़क, नाला-सीवर आदि के कामों के साथ पार्कों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

### इन परियोजनाओं का लोकार्पण



25.65 करोड़ की 'अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट' परियोजना, सीएण्डडीएस यूनिट 42 राज्य वित्त से 2.55 करोड़ से अमवा में बनाए गए एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, सीएण्डडीएस यूनिट 14 द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी योजना में निगम परिसर में 2.05 करोड़ रुपये से बनाई गई डिजिटल लाइब्रेरी और उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना में 35.42 करोड़ रुपए से रामगढ़झील सौंदर्यीकरण परियोजना फेज 2 के तहत 1700 मीटर लम्बाई में विकसित किए गए ताल फ्रंट का लोकार्पण किया।

**सीएम ने एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की**

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के सफाई मित्र कल्याण कोष से दिवंगत सफाई मित्र स्वर्गीय रुक्मणी देवी पत्नी सुनील को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह पुरस्कार राशि रुक्मणि के पुत्र समीर ने ग्रहण किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों के साथ ग्रुप फोटोग्राफ करा कर उनकी सेवाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया।*

### सौगात

#### *सीएम योगी ने 13 आधुनिक स्वच्छता वाहनों को दिखाई हरी झंडी*

गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 13 स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में से कुछ इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सीएसआर मद से मिले तो शेष की नगर निगम निधि से खरीद की गई। यह पहल शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और कुशल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। 55,85,923 रुपए की लागत सात सीएनजी डोर-टू-डोर मैजिक वाहन को सीएम योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाई जिसमें 6 इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर फंड और 01 वाहन नगर निगम निधि से खरीदा गया है। इसी तरह 02 सिल्ट मैजिक वाहन18,64,912 रुपये की लागत से नगर निगम ने किया है। इनका उपयोग नालों की सफाई और सिल्ट के निस्तारण में होगा। 03 ढाला मैजिक वाहन 27,97,368 रुपए से नगर निगम की निधि पार्षद वरीयता में खरीदा गया है। इसके अलावा 01 ट्रैक्टर मय टैंकर (5000 लीटर क्षमता) 11,26,450 रुपए की लागत से खरीदा गया ताकि पौधों पर जल छिड़काव किया जा सके। कुल मिलाकर 1,13,74,653 रुपए की लागत के वाहनों को सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाई।

### सदन में तीसरे दिन हंगामा के बाद कार्यवाही स्थगित

# राजद विधायक के बयान पर हंगामा नीतीश ने तेजस्वी को खूब सुनाया



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन भी जबरदस्त हंगामा हुआ है। सदन के अंदर पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसी तकरार की स्थिति बनी कि विधानसभाध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। दरअसल बुधवार को कार्यवाही शुरू होने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार में मतदाता पुनरीक्षण पर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी को जवाब दिया। लेकिन सीएम नीतीश कुमार को बोलने के दौरान अचानक विपक्ष के विधायक हंगामा करने लगे।

इस दौरान अचानक राष्ट्रीय जनता दल के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि यह सदन किसी के बाप का नहीं है। भाई वीरेंद्र ने यह बात उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के टोकने पर कही थी। भाई वीरेंद्र की इस बात पर सत्ताधारी दल के विधायक भी उग्र हो गए। सत्ताधरी दल के लगभग सभी विधायक अपनी जगह पर से खड़े हो गए और विधानसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। सदन में मौजूद बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि अपनी बातों के लिए राजद विधायक माफी मांगें। लेकिन इसके बाद विपक्षी विधायक और भी हंगामा करने लगे। सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भी भाई वीरेंद्र को खेद प्रकट करने को कहा था। लेकिन विपक्ष इसपर तैयार नहीं हुआ और वहां जबरदस्त हंगामा होता रहा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। यहां बता दें कि आज भी विपक्ष के ज्यादातर सदस्य काले लिबास में विधानसभा में पहुंचे थे। इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण पर अपनी बात रखी। तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू जी कहते हैं कि वोट का राज मतलब छोट का राज। संविधान में हम सभी को अधिकार है कि वो 18 साल का हो जाए तो उसे वोट देने का अधिकार है। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया का हम विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन जो पारदर्शिता होनी चाहिए।

## पेज एक का शेष

### ब्रिटेन और मालदीव...

यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते मंगलवार को भारत-ब्रिटेन के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिस पर पीएम की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर किए जाएंगे। वहीं, पीएम ने एक्स पोस्ट में कहा, 'ब्रिटेन के लिए प्रस्थान कर रहा हूं। यह एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने बीते कुछ सालों में व्यापक गति प्राप्त की है। ब्रिटेन में, मैं प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और राजा चार्ल्स तृतीय के साथ अपनी बैठक के लिए उत्सुक हूं'।

**रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। जिसमें बीते वर्षों में सराहनीय प्रगति देखी गई है। हमारा सहयोग व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष, रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, स्थिरता, स्वास्थ्य और लोगों के बीच परस्पर संबंधों के साथ ही कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। ब्रिटेन यात्रा में पीएम ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात को लेकर भी उत्सुकता जताई।

**मालदीव की यात्रा गौरवान्वित करने वाली :** पीएम ने एक्स पोस्ट में मालदीव की यात्रा को लेकर कहा, 'परसों 25 जुलाई को मैं राष्ट्रपति डॉ.मुइज्जू के निमंत्रण पर मालदीव में रहूंगा। मालदीव के 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेना मेरे लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। 2025 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष भी पूरे कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ वार्ता निश्चित रूप से विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को गति प्रदान करेगी'।

### एयर इंडिया विमान हादसे...

23 जुलाई को एक बयान जारी कर कहा कि हमने मामले से जुड़ी हुई रिपोर्ट देखी है और जैसे ही ये मामला हमारे संज्ञान में आया। हमने ब्रिटेन के संबंधित पक्ष के साथ मिलकर काम करना शुरू कर दिया है। इस हृदय विदारक विमान हादसे के बाद मृत व्यक्तियों के शवों की पहचान निर्धारित प्रोटोकॉल और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप की गई है। मामले से जुड़ी हुई तमाम चिंताओं को दूर करने के लिए हम ब्रिटेन के प्राधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने बयान में यह भी कहा कि सभी मृतकों के शवों को अत्यंत सम्मान और बेहद पेशेवर ढंग से संभाला गया है।

**एयर इंडिया से भी जवाब की दरकार :** रिपोर्ट के मुताबिक, मामले पर पीड़ित परिवारों ने ब्रिटेन के सांसदों, वहां के विदेश मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश सचिव के कार्यालय से भी संपर्क साधा है। इसके अलावा उन्हें एयर इंडिया, आपातकालीन सेवा प्रदाता कैन्यन्स इंटरनेशनल इमरजेंसी सर्विसेज के जवाब का भी इंतजार है।

### डेली मेल ने किया...

मुकदमा लड़ रहे अधिवक्ता जेम्स हीली प्रैट के हवाले से कहा गया कि मैं पिछले एक महीने से इस हादसे के पीड़ित परिवारों से उनके घर जाकर उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर रहा हूं। परिवारों की केवल एक ही मांग है कि उन्हें उनके परिजनों के शव सही सलामत अवस्था में मिलें। गलत अवशेष मिलने की वजह से कुछ परिवार बुरी तरह से टूट गए हैं। यह स्थिति बीते कुछ सप्ताह से जारी है, जिसमें परिवार केवल यही चाहते हैं कि उन्हें इस गलती की एक ईमानदार और स्पष्ट व्याख्या मिलनी चाहिए।

### इस्तीफे के तुरंत बाद...

फैसला भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और वह बुधवार से चार दिवसीय विदेश दौरे पर हैं। माना जा रहा है कि भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक उनके लौटने पर ही होगी। भाजपा के शीर्ष सूत्रों ने कहा कि सरकार का उम्मीदवार (जिसके लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा-नेतृत्व वाले एनडीए के सदस्यों की संख्या को देखते हुए चुने जाने की उम्मीद है) पूरी निष्ठा वाला व्यक्ति होगा। चर्चा इस बात पर भी केंद्रित है कि नेता एनडीए के लंबे समय से सदस्य रहे हों। एनडीए के किसी प्रमुख घटक दल खासकर टीडीपी या जेडीयू से किसी सदस्य के चुने जाने की निश्चित रूप से संभावना है। उपराष्ट्रपति चुनाव ऐसे समय में होने जा रहा है जब राज्यपालों की नियुक्ति और भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आंतरिक चुनावों के अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण फेरबदल की उम्मीद है।

### लेकिन, ये सुविधाएं...

सरकारी आवास का बिजली-पानी का बिल मुफ्त होता है। पूर्व उपराष्ट्रपति को अपने पार्टनर या किसी एक रिश्तेदार के साथ देश में कहीं भी हवाई या रेल यात्रा की मुफ्त सुविधा मिलेगी।

### एनपीजी की बैठक में...

(पीएमजीएस एनएमपी) के मुख्य सिद्धांतों के अनुरूप बहु-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाने पर केंद्रित थी। प्रत्येक परियोजना का मूल्यांकन पीएम गतिशक्ति के एकीकृत बहु-मोडल अधोसंरचना, आर्थिक और सामाजिक केंद्रों तक अंतिम मील कनेक्टिविटी और अंतर-विभागीय समन्वय के सिद्धांतों के अनुरूप किया गया। ये पहलें लॉजिस्टिक्स दक्षता को बेहतर बनाने, यात्रा समय को कम करने और जिन क्षेत्रों में ये लागू होंगी वहाँ व्यापक सामाजिक-आर्थिक लाभ प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

**द्वारका टनल :** इस प्रस्तावित 6-लेन भूमिगत टनल के माध्यम से नेल्सन मंडेला मार्ग का विस्तार गुरुग्राम और द्वारका तक किया जाएगा, जिससे शिव मूर्ति के निकट एक महत्वपूर्ण इंटरचेंज के द्वारा एनएच-8 और द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्बाध जुड़ाव होगा। यह ग्रीनफील्ड मार्ग द्वारका एक्सप्रेसवे व अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर-2) को जोड़ने, आईजीआई हवाईअड्डा हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने (जिससे एनएच-48 पर निर्भरता कम होगी) तथा एनएच-48 और आसपास की प्रमुख सड़कों पर भीड़ को कम करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। यह टनल नई दिल्ली और दक्षिण दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरेगी, जिससे माल और यात्री आवागमन में राहत मिलेगी और वाणिज्यिक वाहनों का रुख बदलकर शहरी ट्रैफिक और भीड़ कम होगी।

**पटना-पूर्णिया 6-लेन एक्सप्रेसवे :** यह प्रस्तावित 244.930 किमी लंबा, 6-लेन एक्सप्रेसवे पटना और पूर्णिया के बीच तेज-मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी कॉरिडोर स्थापित करेगा। 120 किमी/घंटा गति के लिए डिज़ाइन यह एक्सप्रेसवे दरभंगा और पूर्णिया समेत तीन बड़े हवाई अड्डों को जोड़ेगा, जिससे सड़क एवं वायु परिवहन का बेहतर समन्वय होगा। यह एक्सप्रेसवे छह जिलों में फैलेगा और ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करेगा, यात्रा समय को घटाएगा, धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, प्रमुख सैन्य ठिकानों तक रक्षा संपर्क को मजबूत करेगा और प्रमुख आर्थिक केंद्रों तक सीधे पहुँच प्रदान करके औद्योगिक लॉजिस्टिक्स को गति देगा।

**सूरतगढ़-श्रीगंगानगर राजमार्ग को 2-लेन से 4-लेन में चौड़ीकरण :** इस परियोजना के अंतर्गत राजस्थान के सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर के मध्य एनएच-62 के 75.550 किमी हिस्से का 4-लेन में तब्दील किया जाएगा। भारत की पश्चिमी सीमा के समीप होने के कारण यह परियोजना सैन्य आवागमन और रक्षा लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना राजस्थान और पंजाब के मध्य अंतर्राज्यीय संपर्क को मजबूत करेगी, साथ ही कृषि व्यवसाय, वस्त्र उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों जैसी औद्योगिक गतिविधियों को बड़े बाजारों से जोड़कर क्षेत्रीय औद्योगिक और कृषि विकास को गति देगी। बेहतर मार्गरेखा पर्यटन, ग्रामीण विकास और सतत परिवहन एकीकरण में भी सहयोग करेगी।

**रेलवे मंत्रालय (एमओआर) की परियोजनाएँ :** बद्दी-घनौली के मध्य नई रेल लाइन रेल मंत्रालय द्वारा हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बीच 25.396 किमी लंबी नई रेलवे लाइन का प्रस्ताव रखा है। यह ग्रीनफील्ड परियोजना औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र, विशेषकर दवा उद्योग और विनिर्माण हब, में कनेक्टिविटी मजबूत करेगी। यह नई रेल कॉरिडोर क्षेत्रीय आवागमन, औद्योगिक लॉजिस्टिक्स और समीपवर्ती क्षेत्रों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**कनालुस-ओखा स्टेशनों के बीच रेल मार्ग का दोहरीकरण (डबलिंग) :** इस प्रस्तावना के तहत गुजरात राज्य के कनालुस जंक्शन से ओखा तक 141.117 किमी मौजूदा रेल मार्ग को डबल किया जाएगा। यह मार्ग धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसमें द्वारकाधीश मंदिर और ओखा पोर्ट जैसे प्रमुख तीर्थस्थल एवं बंदरगाह शामिल हैं, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। डबल लाइन से यात्री आवागमन सुव्यवस्थित, सुरक्षित, तेज़ और अधिक प्रभावी होगा। भारत की पश्चिमी समुद्री सीमा के निकटवर्ती होने से यह रक्षा लॉजिस्टिक्स और परिचालन दक्षता के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह मार्ग एक महत्वपूर्ण माल ढुलाई गलियारा भी है, जो प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को जोड़ता है और गुजरात और उसके बाहर निर्बाध माल ढुलाई को सुगम बनाता है।

### इंडिगो विमान के...

एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे की कॉल दी। इसके बाद आनन-फानन में फ्लाइट को खाली कराया गया। इंडिगो ने कहा कि फ्लाइट को ऑपरेशन में लाने से पहले आवश्यक जांच और मेंटेनेंस किया जाएगा।

**कंपनी ने असुविधा के लिए जताया खेद :** एयरलाइन ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है और उन्हें रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराकर दूसरी फ्लाइट से रवाना करने या फुल रिफंड की पेशकश की है। इसके पहले सोमवार को गोवा से इंदौर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में भी लैंडिंग से पहले तकनीकी दिक्कत आई थी। हालांकि विमान सुरक्षित रूप से लैंड कर गया था।

### चीन के नागरिकों को...

**दूतावास ने बताई समूची प्रक्रिया :** बीजिंग में भारतीय दूतावास ने बताया कि चीन के नागरिक गुरुवार से भारत के पर्यटक वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसके लिए एक अधिसूचना भी जारी की गई है और उसमें वीजा लेने से जुड़ी हुई तमाम प्रक्रिया, वीजा आवेदन में इस्तेमाल किए जाने वाले दस्तावेजों के साथ ही उन केंद्रों की जानकारी दी गई है। जहां पर्यटक वीजा से जुड़े दस्तावेज जमा किए जाएंगे। भारतीय दूतावास ने कहा है कि उसके बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे केंद्रों से चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा प्रदान किए जाएंगे।

**सीमा-पार यात्रा में मददगारः चीन :** चीन के विदेश मंत्रालय ने भारत के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उसके इस कदम को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे सीमा-पार यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा यह एक सकारात्मक कदम है। जिसकी मदद से सीमा पार यात्रा सुलभ हो सकेगी और यह सभी पक्षों के हित में है। उन्होंने कहा कि चीन मामले पर भारत के साथ संवाद और समन्वय बनाने के लिए तैयार है। जिससे दोनों देशों के आम लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा सके।

**जयशंकर-वांग यी की यात्रा का परिणाम :** यहां बता दें कि भारतीय दूतावास का चीन के लोगों को पर्यटक वीजा देने का यह फैसला विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई व्यापक द्विपक्षीय बातचीत का परिणाम है। जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए करीब डेढ़ सप्ताह पहले चीन की यात्रा की थी। उस दौरान उनकी चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ भी एक बैठक हुई थी। जिसमें उन्होंने भारत का पक्ष रखते हुए कहा था कि साझा रूप से लाभप्रद परिणामों के लिए द्विपक्षीय संबंधों में लगातार सामान्यीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। बीते कुछ महीनों से दोनों देशों ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। वहीं, चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत और चीन को अपने संबंधों को दीर्घकालिक दृष्टिकोण के नजरिए से देखने की आवश्यकता है। इस साल जून महीने में दोनों देशों के बीच पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की भी शुरुआत की गई है। यह कदम भी पूर्वी लद्दाख में हुए विवाद के पांच साल बाद उठाया गया है।

### मानसून सत्र के तीसरे...

को अपनी सीटों पर वापस जाने की अपील की और कहा कि आपका व्यवहार सांसदों की तरह नहीं है। सदन में तख्तियां लेकर आने की मंजूरी नहीं है। इसलिए मैं पुनः दोहराते हुए कह रहा हूं कि अगर आप लगातार सदन में ऐसा ही व्यवहार करेंगे तो मुझे आपके खिलाफ निर्णायक कार्यवाही करनी पड़ेगी।

### बुधवार को भी ठप रही...

सुधरी और सदन को दोपहर 2 बजे तक और अंततः पूरे दिन के लिए स्थगित करना पडा। विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि यह प्रक्रिया आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं, विशेष रूप से आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्गों और मुसलमानों के मताधिकार को प्रभावित करने की साजिश है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, मतदाता पुनरीक्षण के जरिए कुछ खास समुदायों को वोटिंग अधिकारों से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग की। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत चर्चा के लिए समय बढ़ाने पर सहमति बनी। पहले इस मुद्दे पर 9 घंटे की चर्चा प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 16 घंटे कर दिया गया है। यह चर्चा सत्ता पक्ष और विपक्ष की सहमति से तय की गई। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा 29 जुलाई को तय की गई है। विपक्ष की मांग है कि ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा में प्रधानमंत्री की भागीदारी हो। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद तय परिपाटी के अनुसार राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उन्होंने नियम 267 के तहत 25 नोटिस प्राप्त किए, जिनमें बिहार में SIR, दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी तोड़े जाने, बंगाली प्रवासी मजदूरों के साथ भेदभाव और हवाई सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की मांग शामिल थी। इस मांग में कांग्रेस, सपा, राजद और आम आदमी पार्टी के सांसदों का नाम शुमार था लेकिन उपसभापति ने नियम का हवाला देते हुए 267 के तहत चर्चा को अस्वीकार कर दिया। उसी के बाद विपक्षी सांसद सदन के वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। उपसभापति हरिवंश ने वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर कलिता को उपसभापतियों के पैनल में शामिल करने की घोषणा की। दोपहर दो बजे से राज्यसभा की कार्यवाही नवनियुक्त उपसभापति भुवनेश्वर कालीता ने संचालित की। उन्होंने एआईएडीएमके संसदीय दल के नेता डा. एम थंबीदुरै को जनहित के मामले उठाने का मौका दिया लेकिन उनके पास उनकी ही माइक से तृणमूल कांग्रेस की सांसद डोला सेन ने जोर जोर से नारे लगाने शुरू कर दिये। जिससे भुवनेश्वर कालीता ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करते हुए एआईएडीएमके के नेता थंबीदुरै से कहा कि आप अपनी बात कल यानी गुरूवार को विस्तार से रख सकते हैं। विपक्षी नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा, सरकार को जवाब देना चाहिए कि धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया। उनकी सेहत ठीक थी, फिर भी उन्होंने इस्तीफा दिया। इसके पीछे क्या कारण है, देश को पता होना चाहिए। राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को दिनभर बाधित रही और कोई महत्वपूर्ण विधायी या नीतिगत चर्चा नहीं हो सकी। उपसभापति हरिवंश और नवनियुक्त उपसभापति भुवनेश्वर कालीता ने बार-बार विपक्षी सांसदों से शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही चलाने की अपील की, लेकिन भारी हंगामें, नारेबाजी और वेल के अंदर विरोध प्रदर्शन के कारण उच्चसदन की कार्यवाही को दिन के लिए स्थगित करना पड़ा। राज्यसभा की कार्यवाही गुरूवार को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगी तो माना जा रहा है कि विपक्षी तेवर ढीले होंगे। विरोध का स्वर मद्धिम होगा। उच्चसदन चलने की उम्मीद जगेगी। जनहित के सवाल सांसद उठा सकेंगे। सूचीबद्ध विधायी कार्यों को सुचारू रूप से निपटाया जा सकेगा।



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर



# बारिश के मौसम में जब बढ़े जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। बारिश का मौसम शुरू होने पर मेरे घुटनों में दर्द बढ़ जाता है, चलने में परेशानी होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगदीप, भोपाल**

आपने यह नहीं बताया कि क्या आपके घुटनों में हमेशा दर्द रहता है? आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि इस मौसम में दर्द बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो इसका कारण ढूंढना चाहिए। इस मौसम में धूप नहीं निकलती है। लगातार बारिश होने पर नमी रहती है, जिससे इस तरह की समस्या देखी जाती है। विटामिन डी और B12 की कमी से दर्द बढ़ सकता है। एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। जांच करने के बाद ही इसका उपचार किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट के निचले हिस्से में दाईं तरफ अकसर दर्द होता रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज और असहनीय हो जाता है। कृपया बताएं क्या करूं?**

**-चेतन, बिलासपुर**

दर्द होने की कई वजहें हो सकती हैं। कभी स्टोन की वजह से तो कई बार इंफेक्शन भी दर्द का कारण बनता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर सबसे पहले अल्ट्रासाउंड कराएं, जिससे दर्द का कारण पता चलेगा, इसके बाद ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। बगैर जांच के कोई भी दवा ना खाएं, कई बार यह नुकसानदायक हो सकती है।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। छींकें भी आने लगती हैं। ऐसा क्यों होता है और इस प्रॉब्लम से कैसे बचा जाए?**

**-कुलदीप, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको डस्ट या धूल से एलर्जी हो सकती है। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो एलर्जन सक्रिय हो जाते हैं और इस वजह से छींक आने लगती है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि घर से बाहर निकलते हुए आप मास्क लगाएं, इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, महासमुंद**

आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, क्योंकि आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। इसकी वजह लंबी सिटिंग वाली जॉब और अनियमित लाइफस्टाइल है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप सुबह और शाम नियमित रूप में बैक की एक्सरसाइज करें। इसके अलावा कैल्शियम वाली डिशेज अधिक खाएं। साथ ही विटामिन डी और B12 की कमी होना आजकल शहर के लोगों में आम है। डॉक्टर की सलाह पर इसकी दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विनोद शंकर, कुरुक्षेत्र**

सांस फूलने की वजह कई बार कमजोरी हो सकती है तो कई बार दिल संबंधी बीमारी की वजह से ऐसी समस्या देखने को मिलती है। क्योंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आप लापरवाही ना बरतें। डॉक्टर से संपर्क कर पहले शरीर में खून की जांच कराएं, अगर वह नॉर्मल है तो आपको हृदयरोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वो ईको और टीएमटी जैसी कुछ हार्ट की जांच कराएंगे, जिससे समस्या का पता चल जाएगा और अगर कोई हार्ट की समस्या है तो इसका इलाज हो सकेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. रणधीर सूद
प्रेसिडेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम



स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

पाचन तंत्र के पावर हाउस यकृत (लिवर) से संबंधित खतरनाक बीमारी है हेपेटाइटिस। भारत समेत दुनिया भर के लोगों को दिनों-दिन यह बीमारी अपनी गिरफ्त में ले रही है। हालांकि आधुनिक मेडिकल साइंस में इसका ट्रीटमेंट पॉसिबल है। लेकिन आपको इसके कारणों, लक्षणों के साथ प्रिवेंशन के तरीकों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए।

# लिवर का खतरनाक रोग हेपेटाइटिस पॉसिबल है ट्रीटमेंट-प्रिवेंशन है जरूरी








विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 के आंकड़ों के अनुसार, हेपेटाइटिस बी और सी के सर्वाधिक मामले चीन के बाद भारत में सामने आते हैं। भारत सरकार हेपेटाइटिस को लेकर गंभीर है, क्योंकि वह 28 जुलाई 2018 से राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरू कर चुकी है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सन 2030 तक देश में वायरल हेपेटाइटिस को नियंत्रित कर इसका उन्मूलन करना है और इसके साथ ही हेपेटाइटिस के अन्य प्रकारों की रोकथाम करना भी है।

## हेपेटाइटिस के प्रकार

ऐसी सूजन, जो लिवर में संक्रमण के कारण होती है, उसे हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरस के पांच प्रकार हैं- हेपिटाइटिस ए, बी, सी, डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस एः** इसका वायरस लिवर को दूषित पेयजल और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के जरिए संक्रमित करता है।

**हेपेटाइटिस बी और सीः** ये दोनों वायरस लिवर को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाते हैं। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस गलत तरीके से रक्त चढ़वाने, संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं जैसे टूथब्रश और रेजर आदि के इस्तेमाल से अन्य स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है। वहीं जो लोग नशे का इंजेक्शन लेते हैं या फिर असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करते हैं, उनमें हेपेटाइटिस बी और सी होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस डीः** हेपेटाइटिस के इस प्रकार में लिवर में सूजन लंबे समय तक रहती है। ऐसी स्थिति में लापरवाही बरतने पर लिवर फेल्योर की समस्या उत्पन्न हो सकती है। आमतौर पर अगर कोई व्यक्ति हेपेटाइटिस बी और सी से ग्रस्त है, तो उसे हेपेटाइटिस डी होने का खतरा ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस ईः** हेपेटाइटिस के इस प्रकार का वायरस भी दूषित और अस्वच्छ खाद्य-पेय पदार्थों के जरिए लिवर को संक्रमित करता है।



## प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस का कोई भी प्रकार हो, लेकिन इन सभी के आमतौर पर लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। जैसे-भूख कम लगना। पेट में गैस बनना या दर्द होना। अकसर दस्त होना। जी मिचलाना और उल्टी होना। पीलिया होना। त्वचा, नाखूनों और आंखों में पीलापन। बुखार आना। वजन का धीरे-धीरे कम होना। शारीरिक श्रम के बगैर थकान महसूस करना। यूरिन का रंग गहरा पीला होना।

## इन बातों का रखें ध्यान

- बरसात के मौसम में वातावरण में नमी और गंदगी के ज्यादा बढ़ने से हेपेटाइटिस के वायरस तेजी से पनपते हैं। इसलिए बरसात में खान-पान की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
- रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया स्वच्छ और जीवाणु रहित होनी चाहिए।
- फलों और सब्जियों के जरिए भी हेपेटाइटिस ई के वायरस शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए आप जो भी फल और सब्जियां बाजार से लाएं, उन्हें अच्छी तरह से धोकर और पकाकर खाएं।
- किसी भी वस्तु को खाने से पहले हाथों को हैंड सेनिटाइजर, हैंड वॉश या एंटीबैक्टीरियल साबुन से साफ करें।
- हेपेटाइटिस बी मां से बच्चे में फैल सकता है और इसे टीकाकरण से रोका जा सकता है।
- स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें। किसी भी स्थिति में इंजेक्शन की नीडल का इस्तेमाल एक बार से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके लिए स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें और फिर इसे इस्तेमाल के बाद फेंक दें। यदि दो लोगों के बीच सिरिंज का पुनः उपयोग किया जाता है, तो हेपेटाइटिस और एचआईवी जैसे रोगों के संचरण का खतरा बढ़ जाता है।
- किसी दूसरे व्यक्ति का ब्लेड या रेजर भी रक्त को संक्रमित कर हेपेटाइटिस और एचआईवी आदि के खतरे को बढ़ा सकता है।
- टैटू गुदवाते समय सजगता बरतें। टैटू गुदवाने वाले उपकरण की सुई स्टेरलाइज होनी चाहिए।

## डायग्नोसिस के तरीके

- 'आईजीएम' एंटीबॉडी टेस्ट से हेपेटाइटिस ए और ई का पता चलता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस का पता करने के लिए 'डीएनए' लेवेल टेस्ट।
- हेपेटाइटिस सी के लिए 'आरएनए' टेस्ट और जीनोटाइपिंग टेस्ट कराए जाते हैं।
- लिवर फंक्शन टेस्ट, सीबीसी, किडनी फंक्शन टेस्ट भी कराते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

**हेपेटाइटिस ए का इलाजः** अधिकतर मामलों में शरीर स्वतः सेल्फ रिकवरी करता है, लेकिन मरीज को डॉक्टर के परामर्श पर अमल करना चाहिए।

**हेपेटाइटिस बी का इलाजः** इस वायरस का संक्रमण क्रॉनिक इंफेक्शन में भी तब्दील हो सकता है और कुछ मामलों में यह समस्या जीवनपर्यंत जारी रह सकती है। अगर हेपेटाइटिस बी का संक्रमण 6 महीने से ज्यादा चलता है तो इसे क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी कहा जाता है। इस संक्रमण के इलाज में डॉक्टर के परामर्श से इंजेक्शन और टैबलेट्स दी जाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर कैंसर या फिर लिवर सिरोसिस का कारण बन सकता है।

**हेपेटाइटिस सी का इलाजः** नई दवाओं के उपलब्ध हो जाने से हेपेटाइटिस सी का इलाज अब संभव है। इन दवाओं की सफलता दर बहुत अच्छी है और इनके साइड इफेक्ट भी नगण्य हैं।

**हेपेटाइटिस डी का इलाजः** देश में हेपेटाइटिस डी के मामले बहुत कम पाए जाते हैं। हेपेटाइटिस डी के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं।

**हेपेटाइटिस ई का इलाजः** चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब हेपेटाइटिस ई का इलाज संभव है, लेकिन हेपेटाइटिस ई में गर्भवती महिलाओं को जोखिम ज्यादा रहता है।

## खान-पान पर दें ध्यान

हेपेटाइटिस को नियंत्रित करने में खान-पान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिवर को सशक्त बनाए रखने में चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, मूली और ब्रोकली आदि विशेष रूप से लाभप्रद हैं। इसके अलावा खट्टे फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और नारंगी आदि भी हितकर हैं। इसके अलावा अत्यधिक चिकनाई या वसायुक्त आहार लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं, इनसे बचें। जंक फूड्स से परहेज करें। प्रोसेस्ड फूड्स भी हानिप्रद हैं। आहार में साबुत अनाज को शामिल करें। दलिया, खिचड़ी और ओट्स विशेष रूप से लाभप्रद हैं। शराब लिवर की सबसे बड़ी शत्रु है। इससे दूर रहें। नमक का कम सेवन लाभप्रद है। खाद्य पदार्थों पर अलग से नमक न छिड़कें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### हेपेटाइटिस से बचाव के उपाय




**हेपेटाइटिस ए और बी का टीका (वैक्सीन):** हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों का टीका उपलब्ध है, जिसके लगवाने से हेपेटाइटिस का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इसके अलावा इन बातों पर भी दें ध्यान।

**स्वच्छ पेयजलः** फिल्टर, प्यूरीफायर या आर.ओ. का पानी ही पिएं। अगर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है तो पानी को उबालकर और फिर इसे ठंडा कर पिएं, क्योंकि हेपेटाइटिस खासकर ए और ई के वायरस अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं।

**टेस्ट करवाएंः** हेपेटाइटिस का टेस्ट इस बीमारी की रोकथाम और प्रारंभिक स्तर पर इसके निदान (डायग्नोसिस) की सटीक विधि है। जब भी आप हेपेटाइटिस के कुछ लक्षण महसूस करें तो डॉक्टर से परामर्श लेकर परीक्षण करवाएं। ऐसा करने से किसी भी गंभीर बीमारी के जानलेवा होने का खतरा टल सकता है।

मेंटल हेल्थ
प्रो. (डॉ.) कोमल चावला
साइकोलॉजी-ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन

पिछले दिनों हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद से बहुत सारे लोग हवाई यात्रा से डरने लगे हैं। ऐसा एंग्जाइटी की वजह से होता है। इस मेंटल कंडीशन से उबरने के लिए आपको कुछ उपाय आजमाने चाहिए।

# एयरोप्लेन एंग्जाइटी उबरने के लिए आजमाएं ये कारगर उपाय

हाल में ही हुए अहमदाबाद एयरोप्लेन क्रैश के बाद से फ्लाइट में निश्चिंत होकर सफर करने वाले कई लोगों के मन में डर, चिंता और घबराहट होने लगी है। ऐसा एयरोप्लेन एंग्जाइटी की वजह से हो रहा है।

**एंग्जाइटी का कारण-प्रभावः** असल में एंग्जाइटी एक सेकेंडरी इमोशनल रिएक्शन होता है। जब कभी हमें किसी चीज का डर होता है, तो उसकी वजह से हम तनावग्रस्त हो जाते हैं, उसके बारे में सोचना शुरू करते हैं और धीरे-धीरे पैनिक या घबरा जाते हैं। जहां तक एयरोप्लेन एंग्जाइटी का सवाल है- यह एयरोप्लेन से जुड़ी घबराहट, कमजोरी या बेवजह डर नहीं, बल्कि व्यक्ति के दिमाग का नए और अनजान माहौल में प्रतिक्रिया करने का तरीका है। एयरोप्लेन क्रैश की भयावह दुर्घटना और मीडिया के ओवर-एक्सपोजर की वजह से व्यक्ति का ब्रेन एयर ट्रैवल को खतरे के रूप में देखने लगता है और शरीर फाइटर फ्लाइट मोड में चला जाता है। बॉडी में कार्टिसोल और एड्रेनलिन हार्मोन रिलीज होने लगते हैं, जिससे व्यक्ति इंटरनल पैनिक या एंग्जाइटी महसूस करने लगता है। इसका व्यक्ति के दिलोदिमाग पर गहरा असर पड़ता है। वह गहरे दुख, विषाद और असुरक्षा की भावना का शिकार हो जाता है। उसे मेंटल-इमोशनल फॉलआउट का सामना करना पड़ता है। भले ही वह पर्सनल लेवल पर उस दुर्घटना का हिस्सा न रहा हो, लेकिन नित्य प्रति होने वाले मीडिया एक्सपोजर के चलते उस घटना से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। कुछ लोगों में निराशा इतनी बढ़ जाती है कि वो एयरोप्लेन में ट्रैवल करने से डरने लगते हैं।



**क्या होते हैं लक्षणः** एयरोप्लेन एंग्जाइटी होने पर ट्रैवल कर रहे लोगों में कई तरह की व्यावहारिक असमानताएं दिखाई देने लगती हैं। जैसे- फ्लाइट के बारे में सोच कर हार्टबीट तेज होना, सांस फूलना या सांस लेने में तकलीफ होना, घबराहट होना, पसीना आना, यूरिन पास करने की फीलिंग बार-बार होना, नींद न आना। पैनिक की स्थिति में ब्रेन फॉग होना शुरू हो जाता है, व्यक्ति कोई निर्णय नहीं ले पाता।

**क्या हैं कारणः** एयरोप्लेन एंग्जाइटी बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं-

- एयरोप्लेन क्रैश या एयरोप्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग की होने वाली घटनाएं सबसे बड़ा कारण हैं। इनसे जुड़ी खबरें देख-सुनकर या फिर दूसरों से बात करने पर व्यक्ति के ब्रेन में फीयर इमोशन एक्टिवेट हो जाता है और वह एंग्जाइटी का शिकार हो जाता है।
- दूसरे लोगों के एयर ट्रैवल के अनुभव सुनकर या न्यूज में देखी-सुनी एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की दुविधा बनी रहती है।

**कैसे करें हैंडलः** पॉजीटिव सोच रखकर और सचेत रहकर व्यक्ति अपनी एयर ट्रैवल एंग्जाइटी पर काबू पा सकता है।

- सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि ट्रैवल करने के लिए हवाई-यात्रा सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक माध्यम है। एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम होती है।
- जरूरी है कि अपने को समझाएं कि यह कोई वास्तविक डर नहीं एंग्जाइटी है।
- मीडिया के ओवर-एक्सपोजर से बचें।
- भगवान पर भरोसा रखें। पैनिक स्थिति में अपनी धार्मिक आस्था के मुताबिक मन ही मन भगवान को याद करें।
- ट्रैवलिंग में टाइम पास करने या रिलैक्स होने के लिए अपनी पसंदीदा किताब या मैगजीन लेकर जाएं। बोरियत से बचने के लिए सीट पर लगी स्क्रीन या फोन पर अपने पसंदीदा प्रोग्राम देखें, डिजिटल गेम्स खेलें, म्यूजिक सुनें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

# डायबिटीज से भी हो सकती है इनफर्टिलिटी

अवेयरनेस



अब से कुछ दशक पहले तक डायबिटीज और बांझपन की समस्या ज्यादातर उम्र बढ़ने के बाद नजर आती थी। लेकिन अब 25-30 साल के युवाओं में भी ये प्रॉब्लम्स तेजी से बढ़ रही हैं। डायबिटीज, शरीर में हार्मोनल और मेटाबॉलिज्म सिस्टम को प्रभावित कर देती है, जिससे रिप्रोडक्शन में परेशानी होती है। यहां तक कि प्री-डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस भी यंगस्टर्स में रिप्रोडक्टिव हार्मोन और महिलाओं के पीरियड्स को प्रभावित कर सकता है। इस वजह से गर्भधारण करने में दिक्कत आती है।

**डायबिटीज और इसका प्रभावः** दिल्ली एनसीआर स्थित मदरहुड हॉस्पिटल में फर्टिलिटी-आइवीएफ स्पेशलिस्ट **डॉ. वर्षा अग्रवाल** के अनुसार, 'डायबिटीज पुरुषों और महिलाओं दोनों की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करता है। डायबिटीज से पुरुषों में स्पर्म काउंट कम होना, स्पर्म की क्वालिटी खराब होना और इरेक्शन की समस्या हो सकती है। महिलाओं में ओव्यूलेशन में दिक्कत, पीसीओएस का खतरा और अंडे की क्वालिटी में कमी आ सकती है। डायबिटीज कंट्रोल न हो तो गर्भपात और प्रीमैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है।'

नई दिल्ली स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. संदीप तलवार** बताते हैं, 'हम अकसर देखते हैं कि 20 से 30 की उम्र के बीच कई युवा डायबिटीज से अनजान होते हैं और हार्मोनल असंतुलन और इनफर्टिलिटी की समस्याओं से ग्रस्त होते हैं। गलत खान-पान, नींद की कमी और तनाव से डायबिटीज और हार्मोनल समस्याएं बढ़ती हैं।' इस समस्या को कंट्रोल करने के बारे में **डॉ. वर्षा अग्रवाल** बताती हैं, 'सही खान-पान (जैसे हरी सब्जियां, दालें, मछली आदि), नियमित व्यायाम और ब्लड शुगर कंट्रोल से डायबिटीज और बांझपन को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**






# कैबिनेट में सांख्यिकी से समृद्धि के लिए डेटा सुदृढ़ीकरण योजना को दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को एक नए डेटा सेंटर को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के तहत सांख्यिकी संबंधी आंकड़ों का समयावधि में संकलन (डेटा कलेक्शन) एवं विश्लेषण कर विभागों, आमजन एवं योजनाविदों के उपयोग के लिए आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 'डेटा सुदृढ़ीकरण योजना' की मंजूरी दी है।

इस योजना से सरकार को डेटा के आधार पर बेहतर और सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। साथ ही डेटा और उसका विश्लेषण समय पर मिलने से सरकार बेहतर नीति बना सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट में राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से सांख्यिकी से समृद्धि की दिशा में एक नई पहल कर रही है।

## गांधीसागर जल विद्युत गृह की इकाइयों के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण का अनुमोदन

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट में लिए गए निर्णय**



### उज्जैन मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट के निर्णय का अनुसमर्थन

कैबिनेट ने उज्जैन के विक्रमोत्सव व्यापार मेला वर्ष-2025 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50% छूट प्रदान करने का निर्णय लेते हुए परिवहन विभाग की अधिसूचना का अनुसमर्थन किया है। निर्णय अनुसार ऐसे समस्त गैर-परिवहन यानों (मोटर साइकिल, मोटर कार, निजी उपयोग के लिए ओमनी बस) तथा हल्के परिवहन यानों को, विक्रय पर जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी, जिनका वर्ष 2025 में उज्जैन व्यापार मेला की मेला अवधि के दौरान विक्रय किया जाएगा। छूट केवल विक्रीत वाहनों का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन से स्थाई पंजीयन कराने पर ही प्रदान की जाएगी।

### गांधीसागर जल विद्युत गृह की इकाइयों के नवीनीकरण का अनुमोदन

*कैबिनेट ने मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत संचालित (5x23) मेगावाट गांधीसागर एवं (4x43 मेगावाट) राणाप्रताप सागर जल विद्युत गृह के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए मप्र की ओर से देय राशि का अनुमोदन प्रदान किया गया। निर्णय अनुसार गांधीसागर जल विद्युत गृह की पांचों इकाइयों (5x23 मेगावाट) के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण की पुनरीक्षित अनुमानित लागत 464 करोड़ 55 लाख रुपए का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसीतरह राणा प्रताप सागर जल विद्युत गृह की चारों इकाइयों (4x43 मेगावाट) के आधुनिकीकरण की डीपीआर में वर्णित अनुमानित लागत 573 करोड़ 76 लाख रुपए का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

### मध्यप्रदेश एवं राजस्थान राज्य की ओर से 50:50 अनुपात होगी

दोनो परियोजनाओं की स्वीकृति परियोजना राशि पर निर्धारित अंशपूंजी को मप्र एवं राजस्थान राज्य की ओर से 50:50 अनुपात पर वित्त विभाग के परामर्श अनुसार मप्र के हिस्से की राशि 127 करोड़ 6 लाख रुपए को वर्षवार प्रदान किए जाने का अनुमोदन किया गया। मशीनरी बदलने के लिए राशि का व्यय होगा। परियोजना अगले 40 साल के लिए उपयोगी है। दोनों प्रदेश कि विद्युत उत्पादन कंपनियां अपने-अपने राज्य में स्थित परियोजना का क्रियान्वयन करेंगी एवं कार्यों की लागत का लेखा-जोखा पारदर्शी रूप से संधारित कर एक-दूसरे से साझा करेंगी तथा मौजूदा प्रथा के अनुसार वितीय खातों का तिमाही, वार्षिक मिलान कर समायोजित करेगी।

### विभाग बिना किसी रुकावट के डेटा साझा कर सकेंगे

*कैबिनेट से मंजूरी के बाद समस्त विभाग बिना किसी रुकावट के डेटा साझा कर सकेंगे, जिससे काम में पारदर्शिता आएगी।*

### ग्वालियर व्यापार मेला में 50% छूट के निर्णय का अनुसमर्थन

ग्वालियर व्यापार मेला 2024-25 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर कर में 50% छूट प्रदान करने का निर्णय लेते हुए परिवहन विभाग की अधिसूचना का अनुसमर्थन किया गया। अधिसूचना में ग्वालियर व्यापार मेला वर्ष 2024-25 के लिए शर्तों के आधार पर सहमति प्रदाय की गई थी। निर्णय अनुसार ग्वालियर व्यापार मेला वर्ष 2024-2025 में गैर-परिवहन यानों (मोटर साइकिल, मोटर कार, ओमनी बस निजी उपयोग के लिए) और हल्के परिवहन यानों को मेला अवधि के दौरान विक्रय पर जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### चक्रवर्ती बने मप्र भवन विकास निगम के एमडी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री के सचिव सिबि चक्रवर्ती एम को मप्र भवन विकास निगम के एमडी का दायित्व सौंपा गया है। अब तक चक्रवर्ती के पास इस विभाग का अतिरिक्त प्रभार था। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इस संबंध में मंगलवार देर शाम इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि चक्रवर्ती 2008 के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।

### चावल उत्सव अभियान में आई तेजी

**रायपुर।** प्रदेश में चावल उत्सव के तहत राशन वितरण का काम तेजी से चल रहा है। अब तक करीब 95 प्रतिशत कार्डधारकों को तीन माह का चावल बांटा जा चुका है। इस अभियान में रायपुर जिला सबसे आगे है। यहां लक्ष्य से अधिक (100.36 प्रतिशत) वितरण दर्ज किया गया है। वहीं सुकमा (86.50 प्रतिशत) और दंतेवाड़ा (90.19 प्रतिशत) अब भी पीछे हैं। शासन ने 31 जुलाई तक सभी कार्डधारकों को चावल वितरण करने का लक्ष्य रखा है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि शेष हितग्राहियों को समय पर चावल मिल जाएगा। अब भी करीब दो लाख 92 हजार कार्डधारी ऐसे हैं जिन्हें तीन माह का चावल नहीं मिला है। बता दें कि पूर्व में वितरण की तारीख 30 जून रखी गई थी, केंद्र सरकार से अनुमति मांगने के बाद अवधि बढ़ाकर 31 जुलाई की गई थी। बचे हुए धारकों में लगभग दो लाख एपीएल के कार्डधारक हैं। वितरण के लिए आठ दिन का समय शेष है।

### अवैध व्यापार पर 70 लाइसेंस निलंबित और 188 दुकानें की प्रतिबंधित

# उर्वरक की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर कार्रवाई, 30 एफआईआर, 56 लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मुख्यमंत्री ने कहा, *जिला कलेक्टर डबल लॉक केंद्रों, पैक्स और निजी विक्रय केंद्रों का आकस्मिक रूप से करें निरीक्षण***

मप्र में उर्वरक (रासायनिक) खाद के अवैध व्यापार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। प्रदेश भर में कालाबाजारी व अवैध भंडारण पर 30 एफआईआर दर्ज की गई। 56 लाइसेंस निरस्त हुए हैं, जबकि 70 लाइसेंस निलंबित किए गए। 188 दुकानों के खिलाफ बिक्री पर रोक लगाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करा दिया गया। इसके साथ ही जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि वे डबल लॉक केंद्रों, पैक्स और निजी विक्रय केंद्रों का औचक रूप से निरीक्षण करें। जहां भी गड़बड़ी पाई जाती है, तत्काल ऐसे केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की समीक्षा बैठक में आई। वे मंगलवार को मंत्रालय में उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूरिया की मांग वाले जिलों में आने वाले एक सप्ताह यानी सात दिनों में प्राप्त होने वाले रैक और उर्वरक वितरण व्यवस्था संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से उर्वरक व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, अवैध परिवहन पर कठोर कार्रवाई की जाए। अच्छी वितरण व्यवस्था की अभी से व्यवस्था कर लें, ताकि समय आने पर तत्काल उर्वरक मुहैया कराई जा सके। किसानों को सुविधापूर्वक, व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सहकारिता, राजस्व और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली।

कुल उपलब्ध उर्वरक 31.52 लाख मीट्रिक टन था, अब तक 21.05 लाख मीट्रिक टन वितरण हो चुका



### सहकारिता, राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साफ कर दिया कि विक्रय केंद्रों पर कृषकों की अधिक भीड़ होने पर अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था कर विक्रय प्रक्रिया संचालित की जाए। विपणन संघ के विक्रय केंद्रों और पैक्स में निर्धारित अनुपात अनुसार उर्वरक का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर डबल लॉक केन्द्रों, पैक्स और निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर स्कंध का सत्यापन सुनिश्चित करें। अनुदानित यूरिया के उपयोग की पशु आहार, पोल्ट्री फीड, लेमिनेशन, रेसिन, प्लाईवुड, पेंट, शराब उद्योग, प्रिंटिंग और मिलावटी दुग्ध उत्पादन में उपयोग की संभावना रहती है। उन्होंने इन स्थानों का औचक निरीक्षण कर अनुदानित यूरिया पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### कृषि, उद्यानिकी की तकनीकी जानकारी के लिए किसानों का दल जाएगा स्पेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 13 से 19 जुलाई तक दुबई-स्पेन की सफल निवेश यात्रा से प्रदेश को वैश्विक निवेश के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान मिली है। यूरोप तथा खाड़ी देशों में यह संदेश पहुंचा है कि मप्र निवेश मित्र राज्य है। उन्होंने यह भी बताया कि इस यात्रा में कुल 11 हजार 119 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे लगभग 14 हजार से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है। उन्होंने बताया कि उन्नत खेती के लिए किसानों का एक दल स्पेन भेजकर तकनीकी जानकारी प्राप्त करेगा।

### सीएम का किया अभिवादन

डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। दुबई-स्पेन की सफल निवेश यात्रा के लिए मंत्रियों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा मप्र को निवेश के नए क्षेत्रों में व्यापार की संभावनाएं बनाने और उसे वैश्विक मंच पर प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में सफल रही है।

### नैनो यूरिया के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नैनो यूरिया के उपयोग को प्रोत्साहित करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि किसानों की जरूरत के अनुसार उर्वरक की घर पहुंच सेवा शुरू करने पर भी विचार किया जाना चाहिए। इससे अनुदानित यूरिया के दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। बताया गया कि खरीफ-2025 के लिए कुल उपलब्ध उर्वरक 31.52 लाख मीट्रिक टन था, जिसमें से 20 जुलाई तक 21.05 लाख मीट्रिक टन वितरण हो चुका है। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अधिकारी मौजूद थे।*

## इस साल राज्य में 2.10 करोड़ पौधे लगाएंगे पांच वर्षों तक रखी जाएगी नजर : सीएम




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ और सतत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष प्रदेशभर में 2.10 करोड़ पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने राज्य के लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस मानसून के मौसम में प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के पहले चरण में, हरियाणा में 1.60 करोड़ पौधों के तय लक्ष्य से भी अधिक 1.87 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों के सहयोग से हम एक बार फिर इस लक्ष्य को पार कर लेंगे। मुख्यमंत्री मोरनी में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

### सीएम ने दो पुस्तिकाओं का विमोचन किया

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि वन विभाग द्वारा शुरू किए गए वृक्षारोपण की हर साल ड्रोन का उपयोग करके जियो-टैगिंग और नियमित रूप से मैपिंग की जाएगी। हरियाणा में वन क्षेत्र बढ़ाने में योगदान देने के लिए इन पौधों के विकास की निगरानी पांच वर्षों तक की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा प्रकाशित दो पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया, जो मोरनी क्षेत्र में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर्बल वाटिका और नेचर ट्रेल्स के विकास पर केंद्रित हैं।

### नवीनीकृत नेचर कैंप थापली का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंचकूला जिले के मोरनी क्षेत्र में नवीनीकृत नेचर कैंप थापली का लोकार्पण किया। नवीनीकृत इको-कुटीर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने आयुर्वेदिक पंचकर्मा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया।

## रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से 1,500 किलो नकली पनीर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस जैसे त्योहारों से पहले राजधानी रायपुर में आम जनता की सेहत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दो अलग-अलग मोर्चों पर बड़ी कार्रवाई की है।

एक ओर, रेलवे स्टेशन और भाठागांव बस स्टैंड से 1,500 किलो से अधिक नकली पनीर जब्त किया गया, वहीं दूसरी ओर गुढ़ियारी, टाटीबंध और भाठागांव क्षेत्रों में अवैध फिनाइल और एसिड निर्माण इकाइयों पर छापेमारी की गई। इन दोनों मामलों में भारी मात्रा में नियमों के विरुद्ध और खतरनाक सामग्री को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

### 1500 किलो से ज्यादा स्टॉक सीज, नमूने जांच के लिए भेजे गए

*खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ पांडे, एहसान तिग्गा और सतीश राज की टीम ने सोमवार को रायपुर रेलवे स्टेशन और भाठागांव बस स्टैंड क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 1,535 किलोग्राम पनीर जब्त किया। यह स्टाक श्रीडेरी एंड स्वीट्स, बोरिया खुर्द से जुड़ा हुआ पाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 3.34 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान प्रोपराइटर सौरभ शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनकी मौजूदगी में लूज पनीर, मैजिक मलाई पनीर (पैक्ड) और सुधा अमृत पनीर (पैक्ड) के विधिक नमूने एकत्र किए गए।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव अचारपुरा में आज करेंगे भूमिपूजन

400 करोड़ के निवेश से 1500 युवाओं को मिलेगा रोजगार

## युवाओं और बहनों के रोजगार के लिए राज्य सरकार संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं और बहनों के रोजगार के लिए संकल्पित है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। 24 जुलाई को भोपाल जिले के औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा में पांच औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने हाल ही में स्पेन और दुबई की यात्रा में अनेक निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष है। गांव से लेकर शहरों तक समृद्धि लाना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निर्णायक भूमिका निभा कर मप्र ने नए औद्योगिक युग की शुरूआत की है।

### पांच इकाईयों का होगा भूमिपूजन

*मुख्यमंत्री 24 जुलाई को अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में 12.88 हेक्टेयर में 400 करोड़ से अधिक निवेश और लगभग 1500 व्यक्तियों को रोजगार देने वाली 5 इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। इनमें गारमेंट सेक्टर में गोकुलदास एक्सपोर्टर्स, टैक्सटाइल सेक्टर में इंडो एकॉर्ड अप्परेल्स, हाई टेक इलेक्ट्रानिक में एसेडस प्राइवेट लिमिटेड, फार्मा सेक्टर में सिनाई हेल्थ केयर और कृषि उपकरण में समर्थ एग्रीटेक इकाइयां शामिल हैं।*

### डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

## बच्चे के गले में घुसा था तीर जैसा 7 इंच का औजार, सर्जरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डॉ. आंबेडकर अस्पताल के ईएनटी विभाग की टीम ने 14 वर्षीय बालक की जान बचा ली। कोरबा के मधुनारा गांव के रहने वाले बालक के गाल पर तीरनुमा लोहे का औजार घुसने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे घायल अवस्था में डॉ. आंबेडकर अस्पताल लाया गया।

बता दें कि औजार की कुल लंबाई 17.5 सेमी थी, जिसमें से सात सेमी हिस्सा उसके चेहरे की मांसपेशियों, लार ग्रंथि और गर्दन की नसों को चीरता हुआ रीढ़ की हड्डी के पास तक पहुंच गया था। यह मामला बहुत क्रिटिकल था, मरीज को जैसे ही अस्पताल में लाया गया, डॉक्टरों की टीम तुरंत बिना विलंब किए उसके इलाज में जुट गई।




### चिकित्सा अधीक्षक ने टीम को दी बधाई

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने इसे संस्थान की दक्षता और सेवा भावना का प्रतीक बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिना किसी जटिलता के इस स्तर की सर्जरी होना हमारी विशेषज्ञता को दर्शाता है। मरीज अब स्वस्थ है और परिजनों ने पूरी मेडिकल टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में डॉक्टरों ने भगवान जैसा काम किया है।

### थोड़ी सी गलती से जा सकती थी मरीज की जान

*डॉक्टरों ने लार ग्रंथि को हटाकर चेहरे की मुख्य फेशियल नस को बिना क्षति पहुंचाए औजार को सावधानीपूर्वक निकाला। गलती की जरा सी भी गुंजाइश मरीज को लकवा, अत्यधिक रक्तस्राव या जान के खतरे में डाल सकती थी। डॉ. हंसा ने बताया कि औजार गले की मुख्य रक्तवाहिनियों और स्पाइनल कार्ड के पास था। टीमवर्क, सूक्ष्म तकनीक और सतर्कता से हमने इसे सफलतापूर्वक निकाला।*

### झारखंड-बंगाल से 6 गिरफ्तार

## मोबाइल चोरी कर ऐसे करते थे पासवर्ड क्रैक और रकम ट्रांफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के पहाड़ी चौक स्थित सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी कर उससे 99 हजार की ऑनलाइन ठगी करने वाले झारखंड-बंगाल गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी चोरी के मोबाइल का पासवर्ड क्रैक कर रकम म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर करते थे। आरोपी देशभर के बाजारों में मोबाइल चोरी करते थे और तीन स्तर पर ठगी की योजना बनाते थे। उनके निशाने पर बुजुर्ग रहते थे। इनके कब्जे से 10 मोबाइल, 10 एटीएम कार्ड और 1 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं।

### इस मामले में आरोपियों पर हुई कार्रवाई

*प्रार्थी मुन्नालाल पटेल का मोबाइल 22 जून को सब्जी बाजार से चोरी हुआ था। मोबाइल से फोन-पे के जरिए 99 हजार की रकम ट्रांसफर कर ली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीनियर अफसरों के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गुढ़ियारी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई शुरू की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और ट्रांजेक्शन ट्रेस कर कोलकाता के मुकेश कुमार के खाते तक पहुंची। वहां से आरोपी शेख सुलेमान उर्फ राजन और अंकित शर्मा को पकड़ा गया। झारखंड-साहेबगंज और पश्चिम बंगाल से जुड़े गिरोह ने वारदात को अंजाम दिया है।*

### अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति बैठक में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# समाज और सरकार के बीच की कड़ी बनें मोर्चा कार्यकर्ता: हेमंत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को मजबूत कर रहे हैं, हर समाज, हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमें उन्हें मजबूत करना है। जनजातीय समाज तरक्की करें, इसके लिए हमारी सरकार होना जरूरी है। अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की कड़ी बनकर जनहितैषी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाएं।

खंडेलवाल प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति बैठक को संबोधित कर रहे थे। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी ने जनजातीय समाज के विकास में बड़ा योगदान दिया है, उसे भी जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कल सिंह भांवर ने भी संबोधित किया।

**पूर्व पीएम अटलजी ने जनजातीय समाज के विकास में बड़ा योगदान दिया: हितानंद**



### अजा मोर्चा की भूमिका पार्टी और समाज में महत्वपूर्ण

खण्डेलवाल ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में जनजातीय समाज की अहम भूमिका है। मोर्चा की भूमिका पार्टी और समाज में महत्वपूर्ण है। आप अपनी भूमिका का निर्वाह जितनी सक्रियता के साथ करेंगे, भाजपा की जीत भी उतनी ही सुनिश्चित होगी। मोर्चा कार्यकर्ता समाज के नेता बनें, समाज को पार्टी से जोड़ने का काम करें। लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें। आपकी परंपराएं और संस्कृति सुरक्षित रहे, समाज का वजन बढ़े, नेतृत्व बढ़े, इसकी चिंता पार्टी करेगी।

### भ्रमित करने वालों से सजग रहें कार्यकर्ता: भाबर

*भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कल सिंह भाबर ने कहा कि देश में कुछ ताकतें ऐसी हैं, जो जनजातियों को भ्रमित करने में लगी हुई हैं। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और जनजातियों को भ्रमित करने वालों से समाज के लोगों को सजग करें। हम सभी लोगों को जनजातीय समाज को बरगलाने वाले असामाजिक तत्वों से सावधान रहना है। केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं को जनजातीय समाज के लोगों को लाभ मिले, इसके लिए गांव-गांव, झोपड़ी-झोपड़ी घूमकर सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री नागर सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोर्चा के सह प्रभारी मंचासीन रहे। बैठक में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।*

## चिंतन

# संसद लोकतंत्र का मंदिर बेवजह हंगामा ठीक नहीं

संसद लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर है। हर देशवासी के मन में संसद के प्रति अथाह सम्मान है। उन्हें उम्मीद रहती है कि हमारे प्रतिनिधि संसद में ऐसे कानून बनाएंगे जिससे हर देशवासी का जीवन स्तर ऊंचा होगा, लेकिन हो रहा है उसके बिलकुल उलट। संसद का कोई भी सत्र हो, उसकी शुरुआत हंगामे से होना परंपरा बन चुकी है। यह खराब परंपरा है, लेकिन इसके बाद भी जारी है कि इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होता। विपक्ष को भी नहीं, जो हंगामा करता है और सत्ता पक्ष को भी नहीं जिसका कार्य सरकार चलाना है। केवल धन की बर्बादी होती है। इसके बावजूद विपक्ष हमेशा हंगामे को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत करता है। संसद में किसी भी बहाने हंगामा करना राजनीतिक स्वभाव बनता जा रहा है। जब जो दल विपक्ष में होता है, वह हंगामा करना पसंद करता है और वह भी तब, जब वह सत्ता में रहते समय हंगामे से त्रस्त हो चुका होता है। विपक्ष यदा-कदा अपने हिसाब से ज्वलंत मुद्दों को उठाता है, लेकिन उन पर सार्थक बहस करने और सरकार से जवाब मांगने के बजाय उसकी दिलचस्पी इसमें अधिक होती है कि संसद चलने न पाए। आमतौर पर विपक्ष संसद में सरकार को घेरने के लिए मुद्दों का चयन खुद नहीं करता। वह उन मुद्दों को लेकर आगे आ जाता है, जो संसद सत्र के पहले से ही चर्चा में आ गए होते हैं। अनेक बार देखा गया है कि मुद्दे से ज्यादा हंगामे को महत्व दिया जाता है। ऐसा ही कुछ संसद के मानसून सत्र के दौरान देखने को मिल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट के लिए किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और अन्य मुद्दों को लेकर सदन में हंगामा किया। जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद दो बार स्थगन के साथ दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। इस दौरान भी संसद में हंगामा ही होता रहा। सांसदों ने विधेयक के बारे में जानने की बजाय शोरगुल करने पर ध्यान केंद्रीत किए रखा। लोकसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें, लेकिन अध्यक्ष के इस कथन का विपक्षी सांसदों पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं। अब खबर आ रही है कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है। इसके लिए लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। सरकार चर्चा को तैयार है तो विपक्ष को भी चाहिए कि हंगामे की बजाय सार्थक बहस की तरफ मुड़े, जिससे न समय की बर्बादी हो और न ही आम जनता के खून पसीने से कमाए धन की। जनता हंगामा नहीं, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहती है। संसद में हंगामे पर विपक्ष को तो विचार करना ही चाहिए, सत्तापक्ष को भी यह देखना चाहिए कि संसद सही ढंग से कैसे चले। इसके लिए उसे विपक्ष को भरोसे में लेने के साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श के लिए माहौल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कटुता दूर होनी चाहिए। यह तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को आदर देंगे, सम्मान करेंगे।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# एफडीआई व ओएफडीआई से विकास को मिलेगा बल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में 81.04 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14% अधिक है। ये आंकड़े भारत की मजबूत आर्थिक नीतियों, वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे और सुधारों को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत को सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिंगापुर से प्राप्त हुआ है। वहीं,देश के राज्यों में सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ है। कुल एफडीआई में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 39% दर्ज हुई। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसे 13% हिस्सेदारी हासिल हुई और दिल्ली की हिस्सेदारी 12% रही। हालांकि, मौजूदा एफडीआई को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि विकास के लिए बहुत ही ज्यादा निवेश की आवश्यकता होती है। देश में एफडीआई कम आने का एक बड़ा कारण भारत द्वारा चीन के निवेश पर आंशिक रोक लगाना है। हाल ही में, देश में निवेश को बढ़ाने के लिए नीति आयोग ने उन नियमों में ढील देने का प्रस्ताव किया है, जिनके तहत चीनी कंपनियों को यहां निवेश के लिए अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होती है। वर्तमान में किसी भी निवेश के लिए चीनी कंपनियों को गृह और विदेश मंत्रालयों से सुरक्षा मंजूरी लेनी पड़ती है। नीति आयोग ने हाल ही में प्रस्ताव दिया है कि चीनी कंपनियां किसी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बिना अनुमोदन ले सकती हैं। आयोग का यह प्रस्ताव देश में एफडीआई को बढ़ावा देने वाली योजना का हिस्सा है। वैसे,नीति आयोग के प्रस्तावों को मानना सरकार के लिए जरूरी नहीं है, लेकिन यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और चीन 2020 में सीमा पर हुई झड़पों के बाद से तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में हुई वार्ता के बाद सैन्य तनाव में कमी आई और उसके बाद से दोनों देश आपसी संबंध सुधारने के प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दूसरे देशों की कंपनियां विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे कई क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से निवेश कर सकती हैं, जबकि रक्षा, बैंकिंग और मीडिया आदि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में बाहरी निवेश पर आंशिक रोक है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद वैश्विक स्तर पर विदेशी निवेश में कमी आई है, लेकिन भारत में एफडीआई में भारी गिरावट का कारण चीनी निवेश में अड़चन को माना जा रहा है। चीन द्वारा भारत में कम निवेश करने के अलावा भारत में निवल एफडीआई में तीव्र गिरावट का एक और महत्वपूर्ण कारण भारतीय कंपनियों द्वारा बाह्य एफडीआई (ओएफडीआई) में वृद्धि भी शामिल है। हालांकि, इससे देश को कई लाभ भी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में भारत की विदेश में एफडीआई बढ़कर 5.03 अरब डॉलर हो गई, जो पिछले साल के समान महीने के 2.9 अरब डॉलर से ज्यादा है। मई महीने में यह 2.7 अरब डॉलर थी। विदेश में एफडीआई अमूमन तीन तरह यानी इक्विटी, ऋण और गारंटी के रूप में की जाती है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की इक्विटी विदेशों में 3 गुना से ज्यादा बढ़कर जून 2025 में 2.04 अरब डॉलर हो गया, जो जून 2024 में 67.07 करोड़ डॉलर था। यह मई 2025 के 98.71 करोड़ डॉलर से दोगुना भी है। वहीं, ऋण प्रतिबद्धताएं मामूली रूप से बढ़कर जून 2025 में 58.555 करोड़ डॉलर हो गई, जो जून 2024 के 45.43 करोड़ डॉलर से अधिक है और मई 2025 की 1.02 अरब डॉलर प्रतिबद्धता की तुलना में कम है। पुनः,रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश की इकाइयों के लिए गारंटी बढ़कर जून 2025 में 2.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1.8 अरब डॉलर और मई 2025 में 69.22 करोड़ डॉलर था। बता दें कि किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंधन में कुछ हिस्सा हासिल हो जाता है, जिसमें उसका पैसा लगता है। दूसरे देशों में निवेश करके भारत दुनिया भर के देशों में आर्थिक, राजनीतिक, रक्षा, तकनीकी और सांस्कृतिक जैसे कई प्रमुख पहलुओं में फैले अनेक लाभों और रणनीतिक हितों का लाभ उठाता है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि देश के लिए जितना जरूरी एफडीआई है, उतना ही ओएफडीआई भी है। अगर, दोनों में संतुलित तरीके से वृद्धि होती है तो हमारा देश अर्थव्यवस्था और विकास के सभी पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन ला सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## लक्ष्य

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आने वाले 100 साल सहकारिता के

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया।

भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि अतीत आपने देखा, अब भविष्य की ओर देखो। पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियां आपको ताजगी से भर देंगी। इनमें सहकारिता की ओज है। सहकारिता की ओज से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में उजाला पसरने जा रहा है। अमित शाह का उत्साहवर्धन निश्चय ही सहकारिता से जुड़े समाज को ऊर्जा से भर देगा और जो सोये हैं अभी तक उन्हें जगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया कि देश के धान और गेहूं की खरीद में लगभग 20 प्रतिशत योगदान सहकारिता का है, जबकि 35 प्रतिशत उर्वरक और 30 प्रतिशत चीनी का उत्पादन सहकारिता के माध्यम से होता है। 20 प्रतिशत से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें-फेयर प्राइस शॉप भी सहकारिता के माध्यम से चलती हैं। 8 लाख 50 हजार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। यह जो करोड़ों भारतीयों का सहकारिता से जुड़ाव है, यह बहुत मायने रखता है। चार वर्ष में ही भारत की इतनी बड़ी आबादी सहकारिता में अपनी उपस्थिति बना चुकी है। यह आगामी 100 साल बाद का जो उन्हें चित्र दिख रहा है, वह यूं ही नहीं है। यह उन्हें आभास इसलिए हो रहा है क्योंकि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति, जीवन समृद्धि व उत्साहजनक भविष्य की कड़ी बनती जा रही है। उन्होंने खुद देखा कि विज्ञान व तकनीकी के साथ जैसे सहकारिता का जुड़ाव हो रहा है, युवा आबादी इसमें अपने भविष्य को संवारने का स्वप्न पाल रही है। वह अपने बुजुर्गों की विरासत में सम्मिलित सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहती है।

प्राइमरी डेयरी कोआपरेटिव सोसाइटी-पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम अभियान के तहत सफलता की कहानियां जब सामने आयीं तो लोगों ने महसूस किया है कि सहकारिता भी सफलता की वजह बनती जा रही है। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सफलता की कहानियों ने यह बताया कि हमारी सहकारिता केवल कृषि व उद्यम तक सीमित नहीं है अपितु यह तो प्रकृति-जीवन-संस्कृति से जुड़ी हुई है। सहकारिता मंत्री ने रेखांकित किया है कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष के भीतर हमने 61 पहलों के जरिये सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। दो लाख नए पीएसीएस बनाने का काम शुरू हो गया है, इनमें से 40 हजार पैक्स बना लिए गए हैं। सभी पीएसीएस -पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का काम पूरा कर लिया गया है और सभी राज्यों ने पैक्स के मॉडल



बायलॉज़ स्वीकार कर लिए हैं। गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, एक्सपोर्ट और बीज संवर्धन के लिए नई सहकारी संस्थाएं बनाई गई हैं। यदि यह कार्य व ऐसा कार्य जो सहकारिता मंत्रालय गठन के बाद विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है, ऐसा कार्य पिछले 75 वर्षों में किया गया होता तो, आज देश में सहकारिता की वजह से हमारे देश के किसान, मजदूर, श्रमिक व विभिन्न हितधारक भारत का भविष्य बदलने में सक्षम हो चुके होते, किसी अन्य सहयोग की अपेक्षा ही नहीं होती। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, नए अनुबंध-एमओयू, मानव संसाधन का निर्माण, नए रिसोर्सेज का चिन्हीकरण व उनको डिजिटल फॉर्म में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी सहकारिता क्षेत्र में हो रही है। क्लाइमेट चेंज व सोशल जस्टिस जैसे विषयों को भी सहकारिता के समावेशी वैशिष्टय के साथ समाधान होगा। आत्मनिर्भरता व नवाचार से आर्थिक विकास की धारा जेंडर जस्टिस का कारण बनेंगी। भारत में सहकारी समितियों की जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है, उनके प्रति उदासीनता को समाप्त करके इसे अभिरुचिजन्य बनाने की यदि कोशिश नया स्वरूप पाएगी तो 2047 तक विकसित राष्ट्र के पैमाने पर भारत 100 प्रतिशत खरा उतरेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि सहकारिता मंत्री का युवा मन युवा सहकारिता सेवियों को जब तैयार कर लेगा, तो कोई लक्ष्य हमसे दूर नहीं होगा। अपने युवा मानव संसाधन का बस तेजी से झुकाव सुनिश्चित करने में यदि भारत सरकार अभिरुचि दिखाएगी तो सब कुछ संभव सा होता दिखता है। सहकारिता मंत्री की ओर से की जा रही पहल के साथ जब वैश्विक स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने वाली एजेंसीज सहकारिता से जुड़े लोगों व प्रतिष्ठानों के बीमा में अभिवृद्धि करेंगी और सुरक्षा की भावना से वे अभिरुचि दिखाकर आगे आने का प्रयत्न करेंगी तो निश्चय ही सहकारिता के 100 वर्ष और 500 वर्ष भी स्वर्णिम काल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसमें इन्वेस्टमेंट एजेंसीज की इच्छाशक्ति का अहम योगदान है।

वे ऐसा करेंगी तो आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियों के बीच भी सहकारिता के कार्य आगे बढ़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियां ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहाँ सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएँ न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएं हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है। जब देश में सहकारी संस्थाओं की संख्या 8 करोड़ हो जाएगी, जब देश में सहकारी संस्थाओं का पूर्णतया डिजिटलीकरण हो जाएगा, जब देश में त्रिभुवन यूनीवर्सिटी जैसी सहकारिता यूनिवर्सिटी की संख्या बढ़कर कम से कम 10 हो जाएगी, जब देश में सहकारिता अनुसंधान में सतत विकास हमें दिखेगा तो संपूर्ण विश्व में भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने वैभवकाल की ओर गति पा लेगा, हमारे देश को एक ऐसे समय की प्रतीक्षा है। सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी ऐसा समय प्राप्त कर लेने का विश्वास है। आवश्यकता इस बात की है कि उस विश्वास को पूरा भारत मजबूती से अपना सहयोग प्रदान करे, क्योंकि इसमें किसी के निहित स्वार्थ नहीं हैं, अपितु इसमें पूरे भारत का भविष्य है। आज 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति सरकार ला रही है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र




संकलित

## दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

## प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की संप्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है।

*- मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ है




भारत ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक बैठक में अपने पड़ोसी को 'कट्टरता' में डूबा 'लगातार कर्ज लेने वाला' देश करार देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को 'गंभीर कीमत' चुकाने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा कर रहे हैं, ऐसे में यह समझना जरूरी है कि कुछ बुनियादी सिद्धांतों का सार्वभौमिक रूप से सम्मान किया जाना चाहिए जिनमें से एक है- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना।' हरीश ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना' विषय पर आयोजित उच्च-स्तरीय खुली चर्चा में अपने राष्ट्र की ओर से बयान दिया। पाकिस्तान 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद का जुलाई के लिए अध्यक्ष है। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार ने इस खुली चर्चा की अध्यक्षता की, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी संबोधित किया।

## ऑफ बीट

# क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना सुरक्षित और संभव

जैसे-जैसे मंगल मिशन संबंधी योजनाओं में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे यह सवाल भी उठ रहा है कि मानव शरीर वहां के अनुसार कैसे स्वयं को ढालेगा?



क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना और इसका सुरक्षित रहना संभव है? उदाहरण के लिए लगभग दो-तिहाई मानव भ्रूण जीवित नहीं रह पाते और अधिकतर भ्रूण शुरुआती कुछ सप्ताह में अक्सर महिला को यह पता लगने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं कि वह गर्भवती है। गर्भावस्था को जैविक अहम पड़ावों की एक श्रृंखला के रूप में समझा जा सकता है। हर एक पड़ाव को सही क्रम में होना चाहिए और हर एक पड़ाव के सफल होने की एक निश्चित संभावना होती है। पृथ्वी पर इन संभावनाओं का अनुमान क्लीनिकल अनुसंधान और जैविक मॉडल का उपयोग करके लगाया जा सकता है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण यानी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता की स्थिति गर्भधारण को अधिक कठिन बना देगी, लेकिन भ्रूण के बनने के बाद गर्भवती रहने में शायद अधिक बाधा नहीं डालेगी। हालांकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में जन्म देना और नवजात शिशु की देखभाल करना कहीं अधिक मुश्किल होगा। अंतरिक्ष में आखिरकार कुछ भी स्थिर नहीं रहता। तरल पदार्थ तैरते रहते हैं। लोग भी तैरते हैं।

## ट्रेंड

### तिलक को जयंती पर नमन



लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनके शब्द "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" ने एक आंदोलन को प्रज्वलित किया व आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। भारत के इस महान सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### क्रांति गौड़ को बधाई



मध्यप्रदेश की बिटिया क्रांति गौड़ से आज हमारा भारत हुआ गौरवान्वित...। इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में 6 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाने वाली छतरपुर जिले की खिलाड़ी क्रांति ने न केवल मैच, बल्कि करोड़ों दिल भी जीत लिए हैं। इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### बंद्योपाध्याय को श्रद्धांजलि



साहित्यकार ताराशंकर बंद्योपाध्याय की जयंती पर बांग्ला भाषा और साहित्य में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देती हूं। 'गणदेवता', 'पंचग्राम', 'धात्रीदेवता', 'हंसुली बांकेर उपकथा' और 'कवि' जैसे उनके उपन्यास अमर रचनाएं हैं।

**-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

### भारत क्षमतावान



चीन ने पिछले साल तेल और गैस पर 38 अरब डॉलर खर्च किए। वह ज़मीन के 8 किमी नीचे तक खुदाई कर रहा है ताकि ज़्यादा तेल निकाला जा सके। भारत भी ये कर सकता है। संसाधन भी हैं, क्षमता भी।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 'अपमान' से परेशान छात्र ने की खुदकुशी



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक कॉलेज छात्र की खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सहपाठियों के द्वारा अपमान से परेशान 22 वर्षीय एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। उसने सुसाइड नोट में किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है, लेकिन माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने 3 सहपाठियों के खिलाफ उकसाने का केस दर्ज किया है। लड़के ने कोई नाम नहीं लिखा था।

### कम उम्र इंडियन इंफ्लुएंसर की मौत



**नई दिल्ली।** अपने मजाकिया मीम्स और दिल को छू लेने वाले फ़ोटोशॉप एडिट्स के लिए मशहूर, नास्तिक कृष्णा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। कृष्णा के क्रिएटीव कंटेंट ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी हस्तियों को हंसाया है। कृष्णा पुरानी, फटी हुई तस्वीरों को संवारने के लिए भी जाने जाते थे,लोगों को मुस्कान आ जाती थी।

### 56 युवतियों को मानव तस्करी से बचाया



**कोलकाता।** न्यू जलपाईगुड़ी-पटना कैपिटल एक्सप्रेस में जहां रेलवे कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता ने 56 युवतियों को मानव तस्करी का शिकार बनने से बचा लिया। ये महिलाएं पश्चिम बंगाल के दूरदराज जिलों से थीं, जिन्हें बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बिहार भेजा जा रहा था। उनके हाथ पर कोच और सीट नंबर की मुहर थी।

### आय से अधिक संपत्ति में 8 के घर पर छापा



**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक आईएएस अधिकारी समेत 8अधिकारियों से जुड़े परिसरों में छापेमारी की। आईएएस अधिकारी वसंती अमर बी वी रेलवे अवसंरचना विकास कंपनी, कर्नाटक (के-राइड) में विशेष उपायुक्त के रूप में तैनात थीं। भूमि अधिग्रहण अनुभाग संभाल रही थीं।

### पुराने वाहनों पर प्रतिबंध एनजीटी ने लगाया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध सरकार ने नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाया गया है। सरकार की वाहन कबाड़ नीति (व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी) के तहत 15 साल पुराने वाहनों के चलने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

### निजी विद्यालयों को बम विस्फोट की धमकी मिली

**आगरा।** आगरा के दो निजी विद्यालयों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम विस्फोट की धमकी दी गई जिसके बाद बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से गहन तलाशी अभियान चलाया गया। श्री राम स्कूल और ग्लोबल स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। दोनों विद्यालयों की बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों ने गहन तलाशी ली लेकिन किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। तलाशी अभियान के बाद दोनों विद्यालयों में सामान्य शैक्षणिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं। साइबर प्रकोष्ठ ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि ये ईमेल किसने भेजे। 'प्राथमिक जांच से संकेत मिलता है कि ये ईमेल कोलकाता से भेजे गए हैं।

---

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आरोप

# भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाने का बार-बार ट्रंप का दावा, भारत का अपमान पर प्रधानमंत्री मोदी खामोश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाने का दावा कर भारत का अपमान कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खामोश हैं। पत्रकारों से बातचीत में मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल उठाया कि क्या नरेंद्र मोदी ट्रंप की गुलामी करना चाहते हैं?

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश सबसे महत्वपूर्ण है और इसीलिए कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने मोदी सरकार का समर्थन किया था। ऐसे में यदि ट्रंप बार-बार भारत का अपमान करते हैं, तो प्रधानमंत्री को उसका डटकर जवाब देना चाहिए। ऐसा न कर पाने को उन्होंने प्रधानमंत्री की कमजोरी बताया। वहीं खरगे ने जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे पर कहा कि मोदी सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए कि उन्होंने क्यों इस्तीफा दिया? ऐसा लगता है कि दाल में कुछ काला है।

मोदी सरकार को विफल विदेश नीति पर घेरते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि उन्होंने संघर्ष विराम करवाया है। उन्होंने सवाल किया कि संघर्ष विराम करवाने वाले ट्रंप कौन होते हैं? ये उनका काम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार नहीं कर सकते हैं, मगर सच्चाई यही है कि ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया है, जो बात पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने कहा कि जो खुद को देशभक्त कहते हैं, वे इस मुद्दे पर भाग गए हैं, प्रधानमंत्री मोदी एक बयान भी नहीं दे पा रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है, दूसरी तरफ सरकार जीत की बात कर रही है, इस बीच डोनाल्ड ट्रंप लगातार संघर्ष विराम करवाने के दावे कर रहे हैं। ऐसे में दाल में कुछ काला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की विदेश नीति की धज्जियां उड़ा दी हैं, किसी भी देश ने भारत का समर्थन नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश में बहुत सारी समस्याएं हैं, जिन पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है, जैसे कि रक्षा क्षेत्र व रक्षा उद्योग से जुड़ी चुनौतियां और ऑपरेशन सिंदूर आदि।

### राहुल ने चुनावों में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग को घेरा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुद्दा केवल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का नहीं है, महाराष्ट्र में भी चुनाव में गड़बड़ी की गई। वहां लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच लगभग एक करोड़ नए मतदाता जोड़े गए थे। विपक्ष ने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियोग्राफी मांगी, लेकिन यह नहीं दिए गए। बल्कि सरकार ने वीडियोग्राफी से संबंधित कानून ही बदल दिया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने खुलासा करते हुए बताया कि कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की तो वहां बड़े पैमाने पर वोटों की चोरी मिली, इसे जल्द जनता के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा का खेल समझ गई है कि कैसे नए मतदाता बनते हैं? कौन मतदान करता है? कहां से वोट होता है? उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने भाजपा की चोरी पकड़ ली है। इसलिए अब बिहार में नए तरीके से चुनाव को चोरी करने का प्रयास हो रहा है। वहां एसआईआर के नाम पर दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं।

---

राहुल के बयान पर मचा घमासान, भड़के प्रधान ने सुनाई खरी-खरी

# नेता प्रतिपक्ष उड़ा रहे लोकतंत्र का मजाक वोट बैंक के लिए ईसी को खिलौना बना रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

> धर्मेंद्र प्रधान ने 'वोट चोरी' के आरोप को कांग्रेस का एक राजनीतिक शिगूफा करार दिया उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाने का एक तरीका बन गया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार और चुनाव व्यवस्था पर हमला बोलते हुए दावा किया है कि देश में चुनाव 'चोरी' किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि एक सच्चाई है जिसे कांग्रेस जनता के सामने लाने का काम कर रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार करते हुए उनके बयानों को झूठा और लोकतंत्र का अपमान करार दिया। धर्मेंद्र प्रधान ने 'वोट चोरी' के आरोप को कांग्रेस का एक राजनीतिक शिगूफा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाने का एक तरीका बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एससी-एसटी और ओबीसी के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और अब जब जनता उन्हें लगातार नकार रही है, तो वे जनादेश का अपमान कर रहे हैं। इस दौरान प्रधान ने कांग्रेस को जमकर सुनाया और कहा कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस की सरकारें खुद लोगों का अधिकार छीन रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रही हैं।

राहुल का आरोप हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे

### प्रधान बोले- 'वोट चोरी' का आरोप एक राजनीतिक शिगूफा



#### कांग्रेस कर रही महान लोकतंत्र का अपमान

राहुल गांधी के इन आरोपों पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हर दिन संसद को बाधित करने के लिए नया बहाना लेकर आता है और इस तरह देश की लोकतांत्रिक परंपरा और संसद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है।

#### कांग्रेस सरकारों ने एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों का हक छीना

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने यह भी कहा कि जिन वर्गों की बात कांग्रेस कर रही है, उनकी सरकारों ने हाल ही में तेलंगाना और कर्नाटक में उन्हीं एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों के अधिकार छीनने का काम किया है। उन्होंने याद दिलाया कि दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी इन वर्गों को उनका हक नहीं दिया, बल्कि हमेशा अपने खास वोटबैंक को साधने की कोशिश करते रहे।

#### जाग चुकी जनता कांग्रेस को नकार रही

प्रधान ने अपने बयान के अंत में कहा कि देश की जागरूक जनता अब कांग्रेस जैसे दलों की सच्चाई को अच्छी तरह पहचान चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस को एक के बाद एक राज्यों में हार का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार 'वोट चोरी' की डफली बजाकर कांग्रेस सिर्फ अपने पिछड़े-विरोधी इतिहास को छिपाना चाहती है, लेकिन अब देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

#### कांग्रेस चुनाव जीती तो लोकतंत्र और ईसी दोनों सही, वरना..

प्रधान ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और उनके नेताओं को चुनाव आयोग और लोकतंत्र पर भरोसा तब तक ही रहता है, जब तक वे चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीतती है तो लोकतंत्र और चुनाव आयोग पूरी तरह सही लगते हैं, लेकिन जब वे महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में हार जाते हैं, तो चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए जाते हैं।

#### राहुल गांधी ने क्या कहा था?

राहुल ने दावा किया कि कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की गई, जहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इसकी पूरी जानकारी जनता के सामने रखी जाएगी। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सर (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) के नाम पर एससी-एसटी और ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के वोट चुराए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने चेताया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन इस अन्याय के खिलाफ न तो चुप बैठेंगे और न ही पीछे हटेंगे। यह लड़ाई संसद से लेकर सड़क तक लड़ी जाएगी।

#### राज्यसभा में नहीं चल सका प्रश्नकाल

*राज्यसभा में सदन की बैठक शुरू होने पर शून्यकाल में उप सभापति हरिवंश ने कहा कि नियत कामकाज स्थगित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 25 नोटिस मिले हैं। उपसभापति ने बताया कि पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में ये नोटिस अस्वीकार कर दिए गए। नोटिस अस्वीकार किए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य अपने स्थानों से आगे भी आ गए। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण उच्च सदन में प्रश्नकाल भी नहीं चल सका। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी दलों के नेता अपने अपने मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी भी सदन में मौजूद थीं।*

---

बीजेपी भड़की, मस्जिद में बैठक क्यों?

# अखिलेश बोले- आस्था जोड़ती है बीजेपी को तकलीफ कोई जुड़े नहीं

## दिल्ली की एक मस्जिद में सपा प्रमुख ने बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के दिल्ली में संसद भवन के पास स्थित एक मस्जिद में कथित तौर पर बैठक करने पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा की तरफ से कहा गया कि अखिलेश ने मस्जिद को सपा का दफ्तर बना दिया, जिसपर अखिलेश ने जवाब दिया है। बैठक पर यादव ने कहा कि आस्था जोड़ती है और जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ हैं। भाजपा को तकलीफ है कि कोई जुड़े नहीं।

इस बीच यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश को टोपी पहनकर जाना चाहिए था। अब इस बयान पर यादव ने पलटवार करते हुए बीजेपी को 'नकारात्मक सोच वालों का समूह' करार दे दिया है।

अखिलेश ने बीते दिनों दिल्ली में मस्जिद में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की थी। इसकी तस्वीर सामने आई तो बीजेपी और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने आपत्ति जताई। अब इस पर मस्जिद के इमाम और रामपुर से सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि ये परसों 3 बजे की बात है। हमें अफसोस है कि मुल्क जिस हालात से गुजर रहा है और जो चर्चाएं होनी चाहिए थीं, बीजेपी ने उन मुद्दों से ध्यान भटकाने एक मामूली सी बात पर लोगों का ध्यान लगा दिया है।

संसद के मानसून सत्र में हिस्सा ले रहे अखिलेश मस्जिद में सपा सांसदों के साथ बैठे थे, जैसे ही उनकी फोटो सामने आई, इस पर भाजपा ने मुद्दा बनाना शुरू कर दिया। वहीं, इस मामले को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने तस्वीर शेयर करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश ने इस मस्जिद को सपा कार्यालय बना दिया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की।

यादव ने कहा है कि भाजपा लोगों में दूरियां देखना चाहती है। भाजपा चाहती है कि लोग एकजुट न होकर बंटे रहें। हमारी सभी धर्मों में आस्था है। भाजपा को तकलीफ है तो हम क्या करें? भाजपा को आप सब जानते हैं, भाजपा का हथियार ही धर्म है।

सांसद और नदवी कहा कि अखिलेश यादव से मैंने दरखास्त की थी कि संसद शुरू होने में अभी 1 घंटा बाकी है तो मस्जिद विजिट कर लें। उनको शौक भी है, पुरानी तमाम जगहों पर जाते रहते हैं, पढ़ें लिखे आदमी हैं और चीजों को गहराई से समझते हैं। तो उस वक्त जो भी सांसद थे मस्जिद में आए. हमारी पार्टी के करीब एक दर्जन सांसद मस्जिद के अंदर मौजूद थे। नदवी ने कहा कि हम उनको मस्जिद की हिस्ट्री बता रहे थे। इस मस्जिद में फ्रीडम फाइटर आ चुके हैं। मौलाना आजाद, नेहरू जी, राजेंद्र प्रसाद, अब्दुल कलाम, हेड ऑफ इस्लामिक कंट्री नमाज अदा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के चीफ गेस्ट तमजीन रजाक साहब, मलेशिया के प्राइम मिनिस्टर नमाज पढ़ चुके हैं। ये ही उनको बता रहे थे। यादव ने कहा, अगर केशव मौर्य जी के पास टोपी है तो भेज दें, पहनूंगा।

---

घरेलू हिंसा में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# मामला दर्ज होने के दो महीने तक गिरफ्तारी न करे पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है और इलाहाबाद हाई कोर्ट के दो साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाते हुए कहा है कि धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों में पुलिस आरोपियों को दो महीने तक गिरफ्तार न करे। कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला ससुराल वालों के खिलाफ 498ए के तहत घरेलू हिंसा या दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराए तो पुलिस वाले उसके पति या उसके रिश्तेदारों को 2महीने तक गिरफ्तार न करे। 2 महीने की अवधि को शांति अवधि कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक महिला आईपीएस से जुड़े मामले के दौरान दिया। कोर्ट ने उससे अलग हुए पति, रिश्तेदारों के उत्पीड़न के लिए अखबारों में माफीनामा प्रकाशित कर माफी मांगने का आदेश दिया है।

---

ईडी का कंपनियों-निदेशकों पर शिकंजा

# मिंत्रा-निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ का फेमा केस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट समर्थित 'फैशन एवं लाइफस्टाइल' मंच मिंत्रा, संबंधित कंपनियों और निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ रुपये से अधिक के एफडीआई 'उल्लंघन' में फेमा के तहत मामला दर्ज किया है। वित्तीय अपराध जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 16(3) के तहत शिकायत दर्ज की गई है। एजेंसी को 'विश्वसनीय जानकारी' मिली थी कि 'मिंत्रा' ब्रांड नाम वाली मिंत्रा डिजायन्स प्राइवेट लिमिटेड और इसकी संबंधित कंपनियां 'थोक कैश एंड कैरी' की आड़ में बहु-ब्रांड खुदरा कारोबार कर रही हैं। यह व्यवस्था एफडीआई नीति का सीधा उल्लंघन है।

---

नकदी मिलने के मामले में शीर्ष कोर्ट में दी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट में उठा यह मुद्दा

# जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई के लिए जल्द गठित होगी 'सुप्रीम' पीठ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह एक बेंच गठित करेगा जो जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें उन्होंने आतंरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ उनके आवास पर नकदी मिलने के मामले में टिप्पणी की गई थी। यह मामला चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष उठाया गया।

#### एक उपयुक्त बेंच बनाई जाएगी



वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा, सिद्धार्थ अग्रवाल और वकील जॉर्ज पोटन पूथिकोटे, मनीषा सिंह समेत अन्य लोग जस्टिस वर्मा की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज की ओर से याचिका दायर की है। इसमें कुछ सांविधानिक मुद्दे शामिल हैं। जल्द ही एक बेंच गठित की जाए। सीजेआई ने कहा कि हम इस पर विचार करेंगे और एक उपयुक्त बेंच बनाएंगे।

#### मामले से हटे सीजेआई गवई

जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं।

---

कांग्रेस ने केंद्र सरकार से पूछे सवाल, साथ ही वादाखिलाफी का आरोप भी लगाया

# जम्मू कश्मीर में परिसीमन हो गया, चुनाव हो गए, सरकार बहाल, पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं, क्यों?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने आज जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर अपने आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की। पार्टी ने कहा कि यह न केवल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बार-बार किए गए वादों का हिस्सा भी है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता जीए मीर, पूर्व मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रभारी महासचिव डॉ. नसीर हुसैन और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा शामिल थे।

नेताओं ने एक स्वर में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के रूप में जम्मू-कश्मीर के लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उनकी चुनी हुई सरकार के अधिकार सीमित हैं और प्रशासन पर उपराज्यपाल (एलजी) का नियंत्रण है।

### प्रधानमंत्री को दिलाया वायदे की याद

जीए मीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जून 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने परिसीमन, विधानसभा चुनाव और फिर राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया का जिक्र किया था। मीर ने बताया कि उस समय अधिकांश राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पहले राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की थी, लेकिन पीएम ने परिसीमन, फिर चुनाव और उसके बाद राज्य का दर्जा देने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, "परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, चुनाव भी हो चुके हैं और पिछले 11 महीनों से जम्मू-कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार काम कर रही है। लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा नहीं किया है।" मीर ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त 2019 से ही लगातार यह मांग करती आ रही है कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए।

### राहुल गांधी और खड़गे का वादा

मीर ने यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 4000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा को श्रीनगर में समाप्त करते समय, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर के लोगों से वादा किया था कि पार्टी राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने मानसून सत्र के दौरान इस मुद्दे को प्राथमिकता दी है, जिसके लिए वे पार्टी आलाकमान के आभारी हैं।

### चुनी हुई सरकार पर 'अन-इलेक्टेड' कर रहे हैं शासनः

राज्यसभा सांसद वरिष्ठ नेता और राज्य के प्रभारी डॉ. नसीर हुसैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक अभूतपूर्व स्थिति बनी हुई है, जहां चुने हुए प्रतिनिधियों के अधिकार उपराज्यपाल जैसे अनचुने पद के पास हैं। उन्होंने कहा, "जब तक चुनी हुई सरकार को पूर्ण अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक जम्मू-कश्मीर के लोग यह नहीं जान पाएंगे कि अनचुने लोगों के शासन में कितने घोटाले हुए, जैसे कि रेत और जमीन घोटाले।"

### 'पूर्णाहुति' के साथ ही कांग्रेस होगी राज्य सरकार में शामिल

पूर्व मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस की गठबंधन सहयोगी है, लेकिन उसने सैद्धांतिक रूप से यह निर्णय लिया है कि जब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलता, तब तक वह सरकार में शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से कुछ वादे किए हैं, जिनमें राज्य का दर्जा बहाल करना शामिल है। हम इसके लिए एक जन आंदोलन शुरू कर रहे हैं।" सिंह ने जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति को "अजीब" बताते हुए कहा कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा रोका जा रहा है और उन्हें प्रार्थना करने से भी रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री को असहाय बनाया जा रहा है। कोई भी फाइल उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना आगे नहीं बढ़ती। यह स्थिति बदलनी चाहिए।"

# टाइटन होगा दुबई की लग्जरी ज्वेलरी फर्म का मालिक? खरीदी 67% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की ज्वेलरी और वॉच मेकर टाइटन कंपनी ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने दुबई की लग्जरी ज्वेलरी फर्म दमास में 67 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का फैसला लिया है, जिसकी कीमत करीब 2,438 करोड़ रुपए है।

यह डील टाइटन को पश्चिम एशिया में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद करेगी, खासकर खाड़ी देशों (जीसीसी) में। इस डील के तहत टाइटन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टाइटन होल्डिंग्स इंटरनेशनल एफजेडसीओ ने कतर की मन्नई कॉर्पोरेशन से यह हिस्सेदारी खरीदने का समझौता किया है। डील को 31 जनवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है, बशर्ते नियामक मंजूरी मिल जाए। इसके अलावा, टाइटन को 31 दिसंबर 2029 के बाद बाकी 33 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीदने का विकल्प होगा। यह पैसा टाइटन अपनी बचत, नकदी और कर्ज से जुटाएगी। यह जानकारी भी कंपनी के आधिकारिक स्रोतों से ली गई है।

इस कदम को टाइटन की इंटरनेशनल एक्सपेंशन स्ट्रैटजी का हिस्सा माना जा रहा है। कंपनी पहले से ही अमेरिका और सिंगापुर में स्टोर चला रही है और अब दमास के जरिए वह स्थानीय और अन्य राष्ट्रीयताओं के ग्राहकों तक पहुंच बनाना चाहती है। टाइटन के एमडी सीके वेंकटरमन के बयान और कंपनी की रणनीति के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यह कदम नई संभावनाएं खोलेगा और सप्लाई चेन, रिटेल नेटवर्क और टैलेंट में सहयोग बढ़ाएगा।

### टाइटन ने दमास में खरीदी 67 प्रतिशत हिस्सेदारी




### कंपनी के 146 स्टोर यूएई में

दमास की शुरुआत 1907 में हुई थी। यह खाड़ी देशों में एक मशहूर ज्वेलरी ब्रांड है और इसके 146 स्टोर यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन में हैं। वहीं, टाइटन के तनिष्क ब्रांड के अभी 13 स्टोर हैं, जिनमें से 10 यूएई में हैं। यह डील टाइटन को दमास के बड़े नेटवर्क और ब्रांड वैल्यू का फायदा देगी। विशेषज्ञों के अनुमान और बाजार ट्रेंड्स के आधार पर कहा जा सकता है कि इससे टाइटन का वैश्विक ज्वेलरी बाजार में कद बढ़ेगा, खासकर जीसीसी के 1.21 लाख करोड़ रुपए के बाजार में, जो सालाना 6% की रफ्तार से बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### वेदांता को कर्नाटक में लौह अयस्क खदान मिली

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने नीलामी प्रक्रिया के जरिये कर्नाटक में एक लौह अयस्क खदान हासिल की है। वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि कंपनी जंथाकल लौह अयस्क खदान के लिए आयोजित नीलामी में प्रमुख बोलीदाता बनकर उभरी। कर्नाटक के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने उक्त ब्लॉक के संबंध में खनन लाइसेंस प्रदान करने को पिछले साल नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं।

### रुपया तीन पैसे टूटकर 86.41 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में कमजोर हुआ और तीन पैसे टूटकर 86.41 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वैश्विक रुझानों के अनुरूप कच्चे तेल की कम कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में भारी लिवाली से घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

7534997731

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौता

# व्यापार समझौतों से कुछ एशियाई देशों को शुल्क से राहत, अन्य को अब भी इंतजार

## अमेरिका को उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा की है, जिससे कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर अमेरिका को उनके निर्यात पर अत्यधिक उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि चीन के साथ वार्ता को अधिक समय देने को 12 अगस्त की समयसीमा को फिर से आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत के साथ बातचीत की स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, इसकी प्रगति देश के अत्यधिक संरक्षित कृषि क्षेत्र पर निर्भर प्रतीत होती है। देश पर 26 प्रतिशत शुल्क का खतरा मंडरा रहा है। अप्रैल से लगभग हर देश को अमेरिका में प्रवेश करने वाले उत्पादों पर अन्य क्षेत्रीय शुल्कों के अलावा न्यूनतम 10 प्रतिशत के आधार शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस्पात व एल्युमीनियम के अमेरिकी आयात पर भारी शुल्क अब भी लागू हैं और दक्षिण कोरिया तथा थाइलैंड सहित कई अन्य देशों ने अभी तक कोई समझौता नहीं किया है।



### स्वीडन में अभी एक और दौर की बातचीत होनी है

बेसेंट ने 'फॉक्स बिजनेस' के साथ बातचीत में मंगलवार को कहा कि चीन के साथ शुल्क की समयसीमा 12 अगस्त है, लेकिन इसे बढ़ाए जाने की संभावना है। दोनों पक्षों के बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में स्वीडन में एक और दौर की बातचीत होनी है। इस बीच, ट्रंप ने कहा कि जल्द ही वह चीन यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों को स्थिर करने के प्रयासों का संकेत मिलता है।

### दक्षिण कोरिया से समझौते की कोई खबर नहीं

जून में घोषित प्रारंभिक समझौते ने चीन के लिए दुर्लभ खनिजों, उच्च प्रौद्योगिकी और अन्य विनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हटाने का मार्ग प्रशस्त किया। दक्षिण कोरिया और अन्य एशियाई देशों के लिए अभी तक किसी समझौते की कोई खबर नहीं है। एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने से एशिया और अन्य स्थानों के कुछ देशों पर दबाव बढ़ रहा है।

### जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया

ट्रंप और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने बुधवार को एक समझौते की घोषणा की जिसके तहत जापान से अमेरिकी आयात पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जो अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क से कम है।

### फिलीपीन पर 19 प्रतिशत का शुल्क लगेगा

ट्रंप ने फिलिपीन और इंडोनेशिया के साथ भी व्यापार समझौतों की भी घोषणा की। फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि उनके देश से आयातित उत्पादों पर 19 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। यह पहले प्रस्तावित 20 प्रतिशत शुल्क से केवल एक प्रतिशत कम है।

### इंडोनेशिया को 19 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा

इंडोनेशिया को भी 19 प्रतिशत शुल्क सामना करना पड़ेगा, जो कि पहले प्रस्तावित 32 प्रतिशत की दर से कम है। इससे पहले, ट्रंप ने घोषणा की थी कि वियतनाम के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जो चीन से आने वाले सामान पर दोगुना होगा। हालांकि, इसकी कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### अमूल ब्रांड के संचालक अशोक चौधरी जीसीएमएमएफ के चेयरमैन निर्वाचित

**गुजरात।** सहकारी नेता अशोक चौधरी 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' (जीसीएमएमएफ) के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। दूध उत्पादक संघ जीसीएमएमएफ (अमूल) के नए चेयरमेन के रूप अशोक चौधरी का चयन हुआ। इसके साथ ही राजकोट डेरी के चेयरमैन गोरधन धामेलिया को वाइस चेयरमेन बनाया गया है। 1973 में हुई थी गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन की शुरुआतजीसीएमएमएफ का कारोबार 80,000 करोड़ रुपए से अधिक है। 9 जुलाई 1973 को डॉ. कुरियन ने राज्य के 18 दुग्ध उत्पादक संघों को एक छत के नीचे लाकर गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) की स्थापना की थी। डॉ. कुरियन तीन दशक तक इसके अध्यक्ष पद पर रहने के बाद राजनीति का प्रवेश हुवा और 2012 से महासंघ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति राजनीतिक तरीके से होती रही है।-अगले कार्यकाल के लिए चुने गए चेयरमैनराज्य में अधिकांश दुग्ध उत्पादक संघ भाजपा से प्रेरित हैं। पिछले साल 55 हजार करोड़ से ज्यादा टर्न ओवर करने वाली जीसीएमएमएफ के अगले कार्यकाल के लिए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन घोषित हुए हैं। यह घोषणा आणंद जिला कलेक्टर प्रवीण कुमार चौधरी चुनाव अधिकारी की मौजूदगी मे हुई है।वर्तमान अध्यक्ष शामलभाई पटेल को लगातार दो बार जीसीएमएमएफ का चेयरमैन और वालमजी हुबल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। चेयरमैन और उपाध्यक्ष का चुनाव फेडरेशन की 18 सदस्य डेयरी यूनियनों के चेयरपर्सन, फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर और जिला रजिस्ट्रार मिलकर करते हैं। हर यूनियन का वोट उसकी सालाना कमाई पर निर्भर करता है। हालांकि फेडरेशन की शुरुआत से ही नेतृत्व का चुनाव हमेशा सर्वसम्मति से हुआ है।





### ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने भारत की पहली बैचलर डिग्री शुरू की

**मुंबई/सोनीपत।** तकनीक-सक्षम, नौकरी के लिए तैयार स्नातकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (**JGU**) - एक गैर-लाभकारी, बहु-विषयक और शोध-उन्मुख प्रतिष्ठित संस्थान ने देश का पहला को-ऑप बैचलर डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है, जो छात्रों को स्नातक होने से पहले ही एक पूरे वर्ष का रीयल वर्ल्ड (यानी इंडस्ट्री अनुभव) का कार्य अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये प्रोग्राम जिंदल स्कूल ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा पेश किए जाएँगे।यह घोषणा मुंबई में आयोजित एक इंडस्ट्री-अकादमिक कार्यक्रम में की गई, जिसमें शिक्षा, उच्च शिक्षा और टेक्नोलोजी इकोसिस्टम के प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चुस्त पाठ्यक्रम और रोजगारपरकता के भविष्य के बारे में बातचीत शुरू करना था, जिसमें को-ऑप मिश्रित स्नातक डिग्री की आवश्यकता शीर्षक से एक व्यावहारिक पैनल चर्चा शामिल थी।

# सेंसेक्स 540 अंक चढ़ा निफ्टी 25,200 अंक पार

## एशियाई बाजार में मजबूती का रुख रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एशियाई बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 540 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,200 अंक के पार पहुंच गया। जापान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के बाद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.62 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक कारोबार के दौरान अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बाद में इन बैंकों के शेयर एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।



### कंपनियों के परिणाम में मिलाजुला रुख

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम की मिली-जुली शुरुआत के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई। अमेरिका-जापान व्यापार समझौते की घोषणा के साथ सकारात्मक वैश्विक संकेतों से धारणा को मजबूती मिली।

### चांदी का नया रिकॉर्ड! भारत में पहली बार 1.18 लाख रुपए किलो

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट के भारी खरीदारी से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 4,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं जबकि सोने में 1,000 रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900 रुपये बढ़कर 1,00,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के साथ सोने की मांग बनी हुई है। इसका मुख्य कारण एक अगस्त की समयसीमा से पहले व्यापार समझौता होने की घटती उम्मीदें हैं।" गांधी ने कहा कि इस अनिश्चितता ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है जिससे सुरक्षित निवेश की ओर रुझान बढ़ रहा है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में समग्र कमजोरी से भी कीमती धातु को समर्थन मिल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में इसमें 7,500 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई थी। सराफा कारोबारियों ने कहा कि चांदी में तेजी का मौजूदा रुझान मुख्य रूप से औद्योगिक मांग से प्रेरित है।

### नीतिगत दरों में कटौती का लाभ तेजी से पहुंचा

इसके अलावा, नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजारों तक तेजी से पहुंचाने के लिए प्रणालीगत नकदी भी अधिशेष की स्थिति में रही। लेख में कहा गया है कि पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और विदेशी ऋण से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मध्यम अनुपात के कारण बाह्य क्षेत्र लचीला बना हुआ है।

NOTICE

I, Pushpa Dalwani D/o Shri N.H.Dalwani R/o 24/25, Old Rajinder Nagar, New Delhi-110060 declare that my name is mentioned as "Pushpa Dalwani" in my Aadhar Card and Pan Card whereas my name is mentioned in my Passport as "Pushpa". "Pushpa Dalwani" & "Pushpa" both names belong to one and the same person i.e. myself. In future my actual name i.e. "Pushpa Dalwani" should be considered for all purposes.

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5937




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5936 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| रा | ह | | | म | | रा | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |



# रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, कॅरियर के आखिरी मैच में खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| जमैका

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल क्रिकेट से रिटायर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी20 उनके करियर का आखिरी मैच रहा, जिसमें उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की और गेंदबाजी भी की। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का दूसरा टी20 मैच उनके करियर का आखिरी मुकाबला होगा।

रसेल ने दूसरे टी20 में 240 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 36 रनों की कैमियो पारी खेली, लेकिन रसेल अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज की जीत नहीं देख पाए। आंद्रे रसेल इस मैच में तब बैटिंग करने आए जब वेस्टइंडीज का स्कोर 98/5 हो चुका था। उन्होंने आते ही तूफानी अंदाज में शॉट्स लगाने शुरू किए और अपनी 36 रनों की ताबड़तोड़ पारी में उन्होंने 2 चौके और चार छक्के लगाए। उनकी इस तूफानी पारी ने वेस्टइंडीज को 170 का स्कोर पार करने में मदद की।

## रसेल ने टी20 में 240 के स्ट्राइक रेट से बनाए 36 रन

### रसेल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

आंद्रे रसेल ने अपनी रिटायरमेंट स्पीच में कहा, मैं सबीना पार्क में मौजूद लोग और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से मिले अवसरों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं अपने घरेलू फैंस के सामने संन्यास लेकर बहुत खुश हूं, लेकिन मैच का परिणाम हमारी तरफ नहीं गया। मैं खुश हूं कि अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए इतने सारे मैच खेल पाया, सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद।"



### अब आगे बढ़ने का समय

रसेल ने कहा,"मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते, लेकिन लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। रोमारियो शेफर्ड, शेरफेन रदरफोर्ड, अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर जैसे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबीना पार्क में अपना करियर खत्म करना अद्भुत है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट का खेल है। आपने हमारा बहुत समर्थन किया है और आगे भी करते रहिएगा।"वेस्टइंडीज का यह ऑलराउंडर जब आखिरी बार मैरून रंग की जर्सी में मैदान पर उतरा, तो उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### मैच नहीं जीत पाया वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज की टीम एक जीत के साथ आंद्रे रसेल को विदा नहीं कर पाई। इस मैच में कैरेबियाई टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। रसेल की 36 रनों की तूफानी पारी के अलावा ब्रेंडन किंग ने 51 रनों की पारी खेली थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 28 गेंद शेष रहते 8 विकेट की आसान जीत अपने नाम की। सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श कुछ खास कमाल नहीं कर पाए, लेकिन जोश इंग्लिश 78 रन और कैमरन ग्रीन 56 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### ऐसा रहा आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल कॅरियर

आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल करियर देखा जाए तो उसमें उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के लिए तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 143 मुकाबले खेले, जिसमें वह 23.97 के औसत से 2158 रन बनाने में कामयाब रहे। रसेल अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी शतकीय पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें उनके बल्ले से 7 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था। वहीं रसेल का गेंदबाजी में रिकॉर्ड देखा जाए तो वह 32.21 के औसत से 132 विकेट लेने में कामयाब रहे। रसेल ने कुल 9 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के अलावा एक बार प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता है। इसके अलावा 2 बार आंद्रे रसेल वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने विंडीज टीम को ट्रॉफी जितवाने में अहम भूमिका अदा की।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला क्रिकेट ने रचा इतिहास, वनडे सीरीज पर किया कब्जा

चेस्टर ली स्ट्रीट। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर इतिहास रच दिया है। इस दौरान उन्होंने पहले 5 मैचों की टी20 सीरीज को 3-2 से जीता तो वहीं अब तीन मैचों की वनडे सीरीज को भी 2-1 से जीतने में कामयाब रही। इस वनडे सीरीज का आखिरी मैच 22 जुला को चेस्टर ली स्ट्रीट के मैदान पर खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की बेहतरीन शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रनों का स्कोर बनाया था। जबकि टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 305 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम पहली बार इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज में मात देने में कामयाब हुई है। इंग्लैंड महिला टीम के लिए तीसरे वनडे में टीम इंडिया की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी। क्रांति ने इस मैच में अपने 9.5 ओवर्स में 52 रन देने के साथ 6 विकेट हासिल किए।

### महिला पेशेवर गोल्फ टूर नेहा ने बनाई बढ़त



**कोलार** (कर्नाटक)। नेहा त्रिपाठी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से बुधवार को महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 10वें चरण में एक शॉट की बढ़त बना ली। पिछले हफ्ते नौवें चरण में उप विजेता रही नेहा ने पांच बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। नेहा ने दुर्गा निट्टूर (70) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। नेहा और दुर्गा के अलावा सिर्फ रिद्धिमा दिलावरी ही पार या इससे बेहतर का स्कोर बना सकीं। वह अंतिम चार होल में दो बर्डी की मदद से पार 72 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं।

### डीसी ओपन : एम्मा ने मार्टा को हराया, किया अगले दौर में प्रवेश



**वाशिंगटन।** एम्मा राडुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवा टूर्नामेंट है, जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी राडुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।

## वोक्स की यॉर्कर पैर पर लगने के बाद पंत हुए 'रिटायर्ड हर्ट'

# जायसवाल-सुदर्शन के अर्धशतक भारत के चार विकेट पर 264 रन

भाषा ▶▶| मैनचेस्टर

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58 रन) के अर्धशतक के बाद साई सुदर्शन (61 रन) ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए पचासा जड़ा जिससे भारत ने बुधवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 264 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शारदुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में चोट लगने के कारण 'रिटायर्ड हर्ट' हो गए। आसमान में बादल छाए थे और भारतीय टीम को बल्लेबाजी का न्योता मिला जिसके बाद भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (46 रन) और जायसवाल (107 गेंद) ने 94 रन जोड़कर श्रृंखला में अपनी सर्वोच्च साझेदारी निभाई। इसके बाद सुदर्शन (151 गेंद) ने दबाव में एक जबरदस्त पारी खेली और करुण नायर पर अपने चयन को सही साबित किया।

सुदर्शन के साथ बल्लेबाजी कर रहे पंत (48 गेंद में 37 रन, रिटायर्ड हर्ट) क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स हिट से चूक गए। गेंद पंत के दाहिने पैर पर लगी जिससे उन्हें काफी दर्द हुआ और आखिरकार उन्हें गोल्फ कार्ट में मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। पैर में खून भी निकलता दिख रहा था जिससे भारतीय प्रशंसक और ड्रेसिंग रूम में सभी काफी चिंतित थे। लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान विकेटकीपिंग करते समय लगी उंगली की चोट से उबरने के बाद पंत इस मैच में उतरे थे। पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन धीमी पिच ने



बल्लेबाजों को जोफ्रा आर्चर की तेज रफ्तार का सामना करने के लिए पर्याप्त समय दिया। स्टोक्स लगभग इसी तरह सुदर्शन को आउट कर ही देते लेकिन जैमी स्मिथ ने लेग स्टंप पर एक सामान्य कैच छोड़ दिया जिससे इस भारतीय बल्लेबाज को जीवनदान मिला। तब वह 20 रन पर थे। उन्होंने किस्मत का फायदा उठाते हुए आर्चर की गेंद पर कुछ पुल शॉट खेले और फिर स्टोक्स की गेंद पर बैकफुट शॉट खेला।

इंग्लैंड के कप्तान ने सुदर्शन को आउट करने के लिए प्रयास जारी रखे लेकिन फिर उन्होंने शॉर्ट बॉल की रणनीति अपनायी। सुदर्शन अंत में उनकी एक गेंद को फाइन लेग पर ब्रायडन कार्स के हाथों में खेल गए। यह युवा भारतीय बल्लेबाज पारी की शुरुआत में सतर्क था, वह मिडिल और लेग स्टंप पर पिच होने वाली गेंदों पर ही रन बना रहे थे।

### मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर का अर्धशतक

भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के बाद मैनचेस्टर में अच्छी वापसी की और पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया। यशस्वी जायसवाल पहली पारी में काफी संभलकर खेलते नजर आए और किसी भी तरह की जल्दबाजी उन्होंने नहीं दिखाई और आखिरकार अपना अर्धशतक पूरा किया।

### राहुल ने छुआ नया मुकाम

भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस मैच में 11 रन बनाकर एक खास उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह पांचवें भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर-विराट कोहली जैसे दिग्गजों की लिस्ट में अपना नाम शामिल कर लिया है।

### सचिन के नाम है सबसे ज्यादा रन

इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो वहां सचिन तेंदुलकर का नाम टॉप पर है। तेंदुलकर ने अपने करियर में इंग्लैंड में 17 मैचों में 54.31 के औसत से 1575 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ का नाम है। द्रविड़ ने इंग्लैंड में 13 मैचों में 68.80 के औसत से 1376 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का नाम है। इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में उनके बल्ले से 16 मैचों में 1152 रन आए थे। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। उन्होंने इंग्लैंड में 17 मैचों में 33.21 के औसत से 1096 रन बनाए थे। वहीं मैनचेस्टर में खेले जा रहे टेस्ट मैच में 11 रन बनाकर अब केएल राहुल ने भी इंग्लैंड में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 13 मैचों में 1008 रन बनाए हैं।


### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | : 1575 रन |
| राहुल द्रविड़ | : 1376 रन |
| सुनील गावस्कर | : 1152 रन |
| विराट कोहली | : 1096 रन |
| केएल राहुल | : 1008* रन |

## चाइना ओपन

# सिंधू ने 62 मिनट चले कड़े मुकाबले में जापान की मियाजाकी को हराया

- सिंधू ने मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में किया प्रवेश
- सात्विक-चिराग की जोड़ी की दमदार शुरुआत, जापान को हराया



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।

## महिला यूरो टूर्नामेंट

# इंग्लैंड ने इटली को हराया फाइनल में किया प्रवेश



एजेंसी ▶▶| जिनेवा

गत विजेता इंग्लैंड ने हार की कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए इटली को 2-1 से पराजित करके महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया।

जब इटली की जीत सुनिश्चित लग रही थी तब मैच का पासा एकदम से पलट गया और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने में सफल रहा, जहां उसका सामना जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इटली ने बारबरा बोनसी के 33वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल की, जिसे उसने निर्धारित समय के खेल के अंतिम क्षणों तक बरकरार रखा था। इटली जब जीत का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में मिशेल अग्येमंग ने गोल करके इंग्लैंड को बराबरी दिला दी। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। इसके बाद जब लग रहा था कि मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट में होगा तब इंग्लैंड ने 119वें मिनट में क्लो केली के गोल से जीत हासिल कर ली। इटली के खिलाड़ी इस हार के बाद अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सकी और उनके आंसू निकल आए।

### आईओए को मिलेगा नया सीईओ, अय्यर की हो सकती है नियुक्ति

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के भीतर लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म होने की ओर बढ़ता दिख रहा है क्योंकि कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों के रघुराम अय्यर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी देने की उम्मीद है। विरोध कर रहे कार्यकारी परिषद के इन सदस्यों ने जनवरी 2024 में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा की ओर से की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण सीईओ के लिए 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे। कार्यकारी परिषद की सितंबर 2024 में हुई बैठक में भी इसका हल नहीं निकला, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एक अधिकारी ने वर्चुअल रूप से भाग लिया था। पता चला है कि खेल मंत्रालय के आग्रह पर सुलह होने वाली है।

## एआईयू ने संयुक्त सचिव सेखों को किया सस्पेंड जांच के लिए बनाई पैनल

**नई दिल्ली।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है। जांच समिति की अध्यक्षता बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति अनिल कुमार कलकल करेंगे। इससे पहले, खेल मंत्रालय ने भी इस घटनाक्रम पर संज्ञान लिया था।



### छह खिलाड़ियों को भाग लेने से रोका

भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों ने सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था।

# यूएस किड्स वर्ल्ड टीन गोल्फ चैंपियनशिप महरीन और अर्शवंत करेंगे नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| पाइनहर्स्ट

भारत के दो किशोर गोल्फ खिलाड़ी महरीन भाटिया और अर्शवंत श्रीवास्तव इस सप्ताह उत्तरी कैरोलिना के प्रतिष्ठित पाइनहर्स्ट में होने वाली 'यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप' में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। इस साल टूर्नामेंट में भारत के छह खिलाड़ी हैं। लड़कों की 15-18 आयु वर्ग में दो और लड़कियों की 15-18 आयु वर्ग में चार गोल्फर हैं।

महरीन 2024 चरण में तीसरे स्थान और 2023 में उपविजेता रही थीं। पिछले साल उन्होंने 2024 शुभंकर शर्मा आमंत्रण टूर्नामेंट में जीत दर्ज थी और वह 2024 में टॉमी फ्लीटवुड



इंटरनेशनल पाथवे सीरीज में दूसरे स्थान पर रहीं। पिछले साल जुलाई में उन्होंने अमेरिका में एफसीजी कॉलवे वर्ल्ड जूनियर्स भी जीता। वह फाल्डो सीरीज एशिया ग्रैंड फाइनल के शीर्ष-5 में रहीं। अर्शवंत को पिछले कुछ वर्षों में इस टूर्नामेंट का काफी अनुभव है। 2024 में उन्होंने एनसीआर कप जूनियर्स और ग्रीन्स टू ग्लोरी टूर्नामेंट में घरेलू सर्किट पर दो जीत हासिल की। वह यूएस किड्स इंडियन चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे। अर्शवंत के अलावा विहान जैन लड़कों के वर्ग में चुनौती पेश करेंगे जबकि लड़कियों के वर्ग में महरीन के अलावा आयशा गुप्ता, अनुष्का गुप्ता और असारा स्वाहने शामिल हैं।

## नवरातिलोवा के बाद एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस

# वीनस ने 45 की उम्र में रचा इतिहास, बनीं टेनिस की 'आयरन लेडी'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने अपने करियर में 45 साल की उम्र में एक और बड़ी उपलब्धि को हासिल की है। अब वह प्रोफेशनल सिंगल्स मैच जीतने के मामले में दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया।

वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।



### मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत

उन्होंने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

### मार्टिना नवरातिलोवा पहले नंबर पर काबिज

महिला टेनिस में सबसे अधिक उम्र में सिंगल्स मैच जीतने के मामले में मार्टिना नवरातिलोवा के नाम अभी रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें उन्होंने साल 2004 में 47 साल की उम्र में ये कारनामा किया था जब उन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को मात दी थी। वीनस विलियम्स ने इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद दिए बयान में कहा कि यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद वापसी करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन मुझे इसे साबित करने के लिए जीतकर दिखाना था। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है।

तेल रिसाव होने पर मिलेगी त्वरित मदद

# दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' लॉन्च

*'समुद्र प्रचेत' पोत की लंबाई 114.5 मीटर, चौड़ाई 16.5 मीटर है और इसका विस्थापन 4170 टन होगा। इन पोतों में अत्याधुनिक प्रतिक्रिया उपकरण लगे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में निर्मित दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' बुधवार को लॉन्च कर दिया गया। पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत (जीएसएल यार्ड 1267) पिछले साल 29 अगस्त को लॉन्च किया गया था, जिसकी अब जल्द ही आपूर्ति होने वाली है। लॉन्च किया गया पोत (जीएसएल यार्ड 1268) जीएसएल में निर्मित दो प्रदूषण नियंत्रण पोत श्रेणियों में से अंतिम पोत है। दूसरे पोत की लांचिंग भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि की मौजूदगी में उनकी पत्नी प्रिया परमेश के हाथों हुई। समारोह में जीएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार उपाध्याय, रक्षा मंत्रालय, तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी और जीएसएल के कर्मचारी उपस्थित थे।

*तटरक्षक बल की जरूरतें स्वदेशी रूप से पूरी हो रहीं*

*स्थानीय उद्योग को मिला बढ़ावा, रोजगार सृजन हुआ*



### अत्याधुनिक प्रतिक्रिया उपकरण से लैस

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि इन पोतों को भारतीय तटरक्षक बल की जरूरतों को पूरा करने के लिए जीएसएल ने डिजाइन और निर्मित किया है। पोत की लंबाई 114.5 मीटर, चौड़ाई 16.5 मीटर है और इसका विस्थापन 4170 टन होगा। इन पोतों में अत्याधुनिक प्रतिक्रिया उपकरण लगे हैं, इसलिए यह पोत हमारे ईईजेड में किसी भी तेल रिसाव की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में तटरक्षक बल की मदद करेगा। इस परियोजना ने गोवा में समुद्री उत्पादन गतिविधियों में लगे स्थानीय उद्योग और एमएसएमई के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन किया है।

### यह जहाज निर्माण क्षमता का प्रतीक

महानिदेशक शिवमणि ने समुद्र प्रचेत का शुभारंभ हमारे देश की जहाज निर्माण क्षमता का एक अनुकरणीय प्रमाण है। इन प्रदूषण नियंत्रण पोतों का डिजाइन और निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। स्वदेशी रूप से पूरा करने के लिए जीएसएल के प्रयासों की सराहना की। दूसरे प्रदूषण नियंत्रण पोत की लांचिंग के साथ जीएसएल और भारतीय तटरक्षक बल आत्मनिर्भरता के पथ पर निरंतर आगे बढ़कर 'आत्मनिर्भर भारत' को साकार कर रहा है।

भारतीय पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार

# 8 पायदान की लगाई छलांग, 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा संभव

## वीजा मुक्त गंतव्यों में 2 स्थान जुड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग 8 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है। सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है। जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दर्शाती है जहां पासपोर्ट बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति देता है। एशियाई पड़ोसी देश जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जहां प्रत्येक को 190 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुंच प्राप्त है।

**हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में पुष्टि हुई**



### ईयू के 7 देश संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

*यूरोपीय संघ (ईयू) के सात देश- डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, और प्रत्येक देश के पासपोर्ट पर 189 देशों में बिना वीजा के यात्रा की जा सकती है। चौथे स्थान पर ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन हैं। इन देशों के पासपोर्ट पर 188 देशों की यात्रा की जा सकती है। न्यूजीलैंड, ग्रीस और स्विजरलैंड भी शीर्ष पांच देशों में शामिल है, और इनका पासपोर्ट पर 187 देशों के लिए वीजा मुक्त पहुंच प्रदान करता है।*

### ब्रिटेन और यूएस की रैंकिंग गिरी

*नई पासपोर्ट रैंकिंग में सऊदी अरब चार स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर पहुंच गया है। उसके वीजा मुक्त गंतव्यों में चार स्थानों का सुधार हुआ है। ब्रिटेन और अमेरिका की रैंकिंग नीचे गिरी है। यूनाइटेड किंगडम 6वें स्थान पर गिर गया है, जो 186 देशों को वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका अब 182 गंतव्यों तक पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। पिछले एक दशक में दोनों देशों की रैंकिंग में लगातार गिरावट आई है।*

## खबर संक्षेप

### दोहा जा रहा विमान वापस केरल लौटा

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड से कतर की राजधानी दोहा जा रहे एअर इंडिया के विमान में उड़ान



भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को विमान में खराबी की जानकारी दी। इसके बाद विमान को वापस केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। बोइंग बी738 मॉडल विमान को दो घंटे बाद 11:12 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड कराया गया। विमान में चालक दल सहित 188 लोग सवार थे। विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी।

### यूएनजीसीएनआई की अध्यक्ष बनीं वैशाली सिन्हा

**नई दिल्ली।** रिन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट



नेटवर्क इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली निजी क्षेत्र की पहली विशेषज्ञ बन गई हैं। ग्लोबल कॉम्पैक्ट के भारतीय नेटवर्क ने 2025-27 कार्यकाल के लिए अपनी नई गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है। नव-निर्वाचित 12 सदस्यीय परिषद में उनका चयन किया गया है।

## यूएनएससी में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत की दो टूक

# आतंकवाद व अंतरराष्ट्रीय शांति के मुद्दे पर पाकिस्तान का दोहरा चरित्र निंदनीय

पी. हरीश ने कहा कि किसी भी संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान तभी संभव है, जब उसमें शामिल देशों की सहमति और उनका सक्रिय योगदान हो। अगर कोई देश अच्छे पड़ोसी संबंधों और अंतरराष्ट्रीय नियमों की भावना का उल्लंघन करता है, तो उसे इसकी गंभीर कीमत चुकानी चाहिए

◆ भारत शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध

◆ पाकिस्तान कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ देश बन गया

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दिया और कहा कि देश की संप्रभुता पर सवाल उठाने के किसी भी प्रयास को भारत कभी स्वीकार नहीं करेगा। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीय करण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का जिक्र करने के पाकिस्तान के दुस्साहस का कड़ा विरोध करते हुए पी. हरीश ने कहा, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय शांति के मुद्दों पर पाकिस्तान का दोहरा चरित्र निंदनीय है।

हरीश के जवाब से पहले पाकिस्तानी उप-पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर को लेकर टिप्पणी की थी। बता दें, उन्होंने पाकिस्तान को जवाब उस मंच पर दिया, जहां बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर



चर्चा की जा रही थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस उच्च स्तरीय खुली बहस में पी. हरीश ने लगभग पांच मिनट के अपने वक्तव्य में भारतीय कूटनीति को स्पष्ट करते हुए पाकिस्तान को आइना दिखाया।

### समाधान के लिए आपसी सहमति जरूरी

पी. हरीश ने कहा कि किसी भी विवाद को सबसे पहले उसी में शामिल पक्षों को आपसी बातचीत और अपने चुने हुए शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाना चाहिए। किसी भी संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान तभी संभव है, जब उसमें शामिल देशों की सहमति और उनका सक्रिय योगदान हो। अगर कोई देश अच्छे पड़ोसी संबंधों और अंतरराष्ट्रीय नियमों की भावना का उल्लंघन करता है, तो उसे इसकी गंभीर कीमत चुकानी चाहिए।

### दूसरे देशों को उपदेश न दे पाकिस्तान

पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए पी. हरीश ने कहा कि परिषद का कोई सदस्य अगर दूसरों को उपदेश दे, लेकिन खुद ऐसे काम करे जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अस्वीकार्य हों तो उसे उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा की तरह बहुपक्षवाद और शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों के समाधान के जरिए अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पाकिस्तान कर्ज लेने वाला देश बना

पी. हरीश ने कहा कि एक तरफ भारत है, जो एक परिपक्व लोकतंत्र है, तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है,और एक ऐसा समाज है जो बहुलतावाद और समावेश को अपनाता है। दूसरी ओर पाकिस्तान है, जो कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ है और जो बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज लेने वाला देश बन चुका है। जब हम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं, तो यह जरूरी है कि कुछ बुनियादी सिद्धांतों को सभी देश समान रूप से मानें। उनमें आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस एक सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत है।

### मदद देने में सबसे आगे भारत

पी. हरीश ने कहा कि आज की दुनिया जुड़ी हुई है और एक-दूसरे पर निर्भर भी है। ऐसे में भारत बहुपक्षीय सहयोग को बहुत महत्व देता है, ताकि सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और वैश्विक स्वास्थ्य जैसी वैश्विक चुनौतियों को मिलकर संभाला जा सके। भारत संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर यूनिसेफ के जरिए एक विशेष विकास सहयोग कार्यक्रम चला रहा है। साथ ही, भारत अपने क्षेत्र में जब भी कोई मानवीय संकट आता है, तो सबसे पहले मदद पहुंचाने वालों में शामिल रहता है।

मुंबई आंतकी हमले पर एनआईए का बड़ा खुलासा

# हेडली के जासूसी मिशन के लिए राणा ने खोला था 'नकली' ऑफिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनआईए की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले में कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा ने एक अहम भूमिका निभाई थी। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी डेविड हेडली की मदद करने के लिए मुंबई में एक नकली ऑफिस बनाकर उसकी जासूसी गतिविधियों को अंजाम दिलवा रहा था। इस हमले में 170 से अधिक लोग मारे गए थे। तहव्वुर राणा ने 'इमीग्रेंट लॉ सेंटर' नाम से एक नकली कॉर्पोरेट ऑफिस खोला था। यह ऑफिस असली व्यावसायिक गतिविधियों के बिना ही दो साल तक संचालित होता रहा और इसका एकमात्र उद्देश्य हेडली को मुंबई में हाई-प्रोफाइल जगहों की रेकी कराने में मदद करना था। इसी जानकारी के आधार पर 2008 में मुंबई पर बड़ा हमला हुआ। इस ऑफिस से पूरी तरह से हेडली को गुप्त गतिविधियों का समर्थन मिलता रहा। यहां कथित तौर पर हेडली को हमलों की तैयारी के लिए मुंबई भर में कई हाई-प्रोफाइल ठिकानों की विस्तृत निगरानी करने में मदद मिलती रही।

दोनों पक्षों ने सरहदी इलाकों में बनी हुई मौजूदा स्थिति की समीक्षा की

# भारत-चीन के बीच हुई सीमा मामलों के तंत्र की 34वीं बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद आपसी संबंधों को सामान्य करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को दोनों देशों के सीमा संबंधी मामलों पर विचार-विमर्श और समन्वय स्थापित करने के लिए गठित किए गए तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की नई दिल्ली में 34वीं बैठक हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) गौरांगलाल दास ने की। जबकि चीन के दल का नेतृत्व सीमा और महासागरीय मामलों के महानिदेशक हॉंग लियांग ने किया। बैठक के बाद चीन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री से शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों पक्ष इस साल दोनों देशों के बीच सीमा के मामले पर भारत में होने वाली विशेष प्रतिनिधियों की अगली दौर की वार्ता की तैयारी में भी जुटे हुए हैं।

### सीमा के हालात की समीक्षा की

मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएमसीसी की बैठक में दोनों पक्षों ने भारत और चीन के सीमा वाले इलाकों में बने हुए मौजूदा हालात की समीक्षा की। साथ ही वहां कायम शांति और सौहार्द को लेकर संतुष्टि जाहिर की। जो द्विपक्षीय संबंधों के चरणबद्ध सामान्यीकरण से जुड़ा हुआ मसला है। इसके अलावा सरहदी मामलों को लेकर दोनों पक्षों ने स्थापित तंत्र की मदद से लगातार कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों के जरिए संपर्क में बने रहते हुए नियमित आदान-प्रदान के लिए अपनी सहमति प्रकट की है। बैठक में दोनों ने प्रभावी सीमाई प्रबंधन और सतत शांति और सौहार्द के मद्देनजर विशेष प्रतिनिधियों की 23 वें दौर की बैठक और 33 डब्ल्यूएमसीसी की बैठक में सामने आए उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

गुजरात एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# अल-कायदा के मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, 4 आतंकी किए गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ता यानी एटीएस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अल-कायदा के मॉड्यूल एक्यूआईएस (अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट) का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने इस कार्रवाई में चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां गुजरात से दो, दिल्ली और नोएडा से एक-एक की गई हैं। गिरफ्तार किए गए ये चारों आतंकी 20 से 25 साल की उम्र के हैं। इन आतंकियों को भारत में बड़े टारगेट और बड़ी लोकेशन पर हमला करने की जिम्मेदारी मिलने वाली थी। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया एप्स के जरिए एक-दूसरे से कनेक्टेड थे।

### बस स्टैंड पर विस्फोटक जब्त

कर्नाटक के बेंगलुरु के कलासीपाल्यम बस स्टैंड पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं। वेस्ट बेंगलुरु के डीसीपी एस गिरीश ने बताया कि बस स्टैंड के टॉयलेट के बाहर एक प्लास्टिक बैग में छह जिलेटिन की छड़ें और कुछ डेटोनेटर मिले।

मौके पर पुलिस और आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) पहुंच गए हैं। घटना के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

## भारत ने अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने का किया आह्वान

आयरिश राष्ट्रीय पुलिस ने घटना की जांच शुरू की

# आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय पर नस्लभेदी हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयरलैंड की राजधानी डबलिन में और ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में भारतीयों के साथ नस्लभेदी हमला और मारपीट की गई है। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में शनिवार शाम (19 जुलाई) को टैलाट इलाके की पार्कहिल रोड पर 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर नस्लभेदी हमला किया गया है। उन्होंने पीड़ित को बुरी तरह पीटा, उसके कपड़े उतारे और घायल अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया। उसके चेहरे, हाथों और पैरों में गहरी चोटें आई हैं।




### भारतीय राजदूत ने की निंदा

*आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने इस घटना पर सवाल उठाये हैं और इसकी निंदा की है। एक हमले से इतनी भयानक चोट और ब्लीडिंग कैसे हो सकती है? उन्होंने पीड़ित के प्रति सहानुभूति और समर्थन के लिए आयरिश जनता और गार्डाई का धन्यवाद किया। साथ ही अपराधी को न्याय के कठघरे में लाने की अपील की है। टैलाट साउथ के फाइन गेल पार्षद बेबी पेरेप्पाडन ने पीड़ित से मुलाकात की और कहा कि वह 'सदमे' में है।*

**विदेशी नागरिकों को फंसा रहे**

*वहीं आयरलैंड के न्याय मंत्री जिम ओ'कैलाघन ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में एक नकारात्मक प्रवृत्ति उभर रही है, जिसमें विदेशी नागरिकों को झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधों को लेकर प्रवासियों पर लगाए जा रहे आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।*

### ऑस्ट्रेलिया में पार्किंग विवाद पर हमला

*ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में कथित नस्लीय हमले में घायल हुए भारतीय छात्र चरणप्रीत सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 23 वर्षीय सिंह पर शनिवार को किंटोर एवेन्यू स्थित एक पार्किंग स्थल में पार्किंग विवाद को लेकर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनके वाहन के पास आए और नस्लीय गालियां दीं तथा उनके साथ मारपीट की जिससे वह बेहोश हो गये। चरणप्रीत सिंह ने बताया कि मेरे सिर में चोट लगी है, मेरी बाईं आंख के आसपास चोट है और जबड़े में भी सूजन है। मेरे सिर की सूजन अब भी कम नहीं हुई है। घटना के बाद एनफील्ड निवासी 20 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर हमला कर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने फरार अन्य हमलावरों के बारे में जानकारी देने की जनता से अपील की है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109